

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

- 12



वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग को निवेश करने, क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए

- 12



सुनिश्चित हो कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले

- 13




सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

- 14

आज का मौसम

32.0° अधिकतम तापमान

25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.02

सूर्यास्त 06.15


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 11:37 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 172, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### अनिल अंबानी, राणा कपूर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह से जुड़ी कंपनियों एफएल और आरएचएफएल तथा यस बैंक एवं उसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राणा कपूर के परिजनों की फर्मों के बीच हुए कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन के सिलसिले में अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र (चार्जशीट) दायर किया। सीबीआई का आरोप है कि ऐसे लेनदेन की वजह से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा कि अंबानी अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह के अध्यक्ष और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक हैं।

### आंध्र शराब घोटाला केस में कई राज्यों में छापे

**हैदराबाद।** ईडी ने आंध्र प्रदेश में कथित 3,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की धन शोध जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापे मारे। यह घोटाला पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान हुआ था। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कम से कम 20 स्थानों पर तलाशी ली गई, जो उन संस्थाओं और व्यक्तियों से जुड़े हैं जिन्होंने कथित तौर पर फर्जी/बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए बिलों के जरिए रिश्वत के भुगतान में मदद की थी।

### फेमा के तहत जिंदल समूह की छानबीन

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के उल्लंघन के आरोप में बीसी जिंदल समूह की कंपनियों के खिलाफ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत दिल्ली-एनसीआर और हैदराबाद में स्थित समूह के निदेशकों और अधिकारियों के कम से कम 13 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी कंपनी की शाखाओं जैसे जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमि. और जिंदल इंडिया पावरटेक लिमि. द्वारा विदेशी निवेश और अपनी विदेशी संस्थाओं में धन जमा करने के लिए फेमा उल्लंघनों की जांच कर रहा है।

### शशिकला से जुड़े बैंक धोखाधड़ी केस में जांच

**चेन्नई।** ईडी ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी शशिकला और कुछ अन्य के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी और बेनामी संपत्ति मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत चेन्नई और हैदराबाद में गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शहरों में मार्ग समूह और शशिकला की कथित बेनामी संपत्ति से जुड़े जीआरके रेड्डी नामक व्यक्ति के दस परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई 200 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी की जांच के तहत की जा रही है, जिसमें सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

# जीएसटी सुधार से यूपी में महंगाई पर लगाम, सभी को राहत : योगी

## 22 से नई दरें लागू, प्रदेश को ज्यादा लाभ, व्यापार-रोजगार को मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए ताजा जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। बताया कि 22 सितंबर से लागू होने वाली नई दरें महंगाई पर लगाम लगाएंगी, रोजगार बढ़ाएंगी और व्यापार को नई गति देंगी। यूपी, जो देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है, कर सरलीकरण से सबसे अधिक लाभान्वित होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2017 से पहले वैट, सेल टैक्स और एक्साइज जैसे कई करों का बोझ अलग-अलग ढंग से पड़ता था। जीएसटी ने उस जटिलता को दूर किया। 12% और 28% की दरें समाप्त कर सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% रखे गए हैं। लग्जरी वस्तुओं पर पहले की ही भांति 40% टैक्स रहेगा। उनका कहना था कि यह बदलाव आम घर की रसोई से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी परियोजनाओं तक, हर क्षेत्र में राहत लाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूध, दही, पनीर, टूथपेस्ट, साबुन, नोटबुक, पेंसिल और बच्चों की सामग्री या तो टैक्स मुक्त होंगी या केवल 5% टैक्स लगेगा। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण सस्ते होंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा पर जीएसटी हट गया है और दवाओं पर टैक्स कम हुआ है।



### क्या मिलेगा लाभ

- दूध, दही, पनीर, साबुन और साइकिल पर सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स
- स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी समाप्त
- दवाइयों व जांच किट पर टैक्स में कटौती
- कार और बाइक पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत
- कारीगर व परंपरागत उद्योगों को 5 प्रतिशत टैक्स से राहत

### गाड़ियों से लेकर ग्रामीण भारत तक को फायदा

पहले कार और बाइक पर 28% जीएसटी लगता था, जिसे घटाकर 18% कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि इससे ऑटोमोबाइल उद्योग में मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ग्रामीण इलाकों में खेती की लागत घटेगी और किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरदोजी और फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। साथ ही, सिंथेटिक मेंथॉल पर 18% और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर 5% टैक्स लगाने से किसान और उद्योग दोनों को फायदा होगा।

### प्रदेश का कर संग्रह बढ़कर हुआ दोगुना

योगी ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद यूपी का राजस्व दोगुना से भी ज्यादा बढ़ा। वर्ष 2017 से पहले जहां 49 हजार करोड़ का ही संग्रह होता था, वहीं अब यह 1.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इसी आय से एक्सप्रेस-वे, मेट्रो और एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं।

### जीएसटी की नई दरें इस प्रकार

- मुख्य स्लैब : 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत
- 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के दो स्लैब किए गए समाप्त
- लग्जरी की वस्तुओं पर टैक्स : 40 प्रतिशत यथावत
- शिक्षा सामग्री, दैनिक जरूरत और कृषि उपकरण : 5 प्रतिशत या शून्य

# अब चमोली में फटे बादल दो की मौत, छह लापता

## भारी मात्रा में मलबा आने पर 45 मकान, 15 गोशाला क्षतिग्रस्त

- मुख्यमंत्री धामी ने की राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही हैं। देहरादून के बाद अब चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में गुरुवार तड़के चार स्थानों पर बादल फटने से तबाही मच गई। अतिवृष्टि से आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग लापता हो गए। 12 लोग घायल हैं जिनमें पांच लोगों को जीवित हालत में मलबे से निकाला गया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) देहरादून द्वारा गुरुवार रात जारी सूची के अनुसार, चमोली जिले की नंदानगर तहसील के गांव कुंतारी लगाफाली में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे बादल फटने की घटनाएं हुईं। एसईओसी के अनुसार, इस आपदा में चार पशुओं की भी मौत हुई है जबकि 28 पशु लापता हैं। भारी मलबा आने से 45 आवासीय भवन और 15 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रभावित स्थानों पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने खोजबीन के दौरान एक क्षतिग्रस्त भवन के मलबे से 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह का शव बरामद किया। मलबे से दो महिलाओं और एक बच्चे को निकाला गया जबकि 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके अलावा, नंदानगर के ही कुंतारी लगा सरपाणी गांव में खोजबीन में 70 वर्षीय जगदम्बा प्रसाद का शव बरामद किया गया जबकि करीब 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गांव धुर्मा में अतिवृष्टि से मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से दो व्यक्ति लापता हो गए, 8-10 भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

इससे पहले सुबह एसईओसी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदानगर में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालात और राहत एवं बचाव अभियान कार्यों की समीक्षा की। बताया कि नंदानगर के चार अलग-अलग स्थान कुंतरी लगा फाली, कुंतरी लगा सरपाणी, सेरा और धुर्मा में बादल फटने और भारी मात्रा में मलबा आने से कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



नंदानगर क्षेत्र में बादल फटने के बाद पानी के साथ तेजी से बहता मलबा।

# नेपाल में शांति के प्रयासों को भारत का दृढ़ समर्थन : मोदी

नई दिल्ली/काठमांडू, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने फोन पर नेपाली समकक्ष सुशीला कार्की से की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अपनी समकक्ष सुशीला कार्की से बात की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कार्की के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने पड़ोसी देश में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई जनहानि पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार बातचीत के दौरान कार्की (73) ने कहा कि अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता चुनाव ही रहेंगे, तथा जवाबदेह, उत्तरदायी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए दृढ़ संकल्प युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।



### दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे

कार्की की किसी विदेशी शासनाध्यक्ष से यह पहली टेलीफोनिक वार्ता थी। कार्की ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंध बहुआयामी लोगों के स्तर पर संबंधों से और मजबूत होते रहेंगे। इसमें कहा गया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी की मजबूत गति को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसके कारण के पी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

## 30 से पहले चुन लें यूपीएस का विकल्प

- वित्त मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुनें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान हो सके। सरकार ने एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की सुविधा मिलेगी। एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है।

# वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-राहुल गांधी के सभी आरोप बेबुनियाद

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता। आयोग ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है।

राहुल गांधी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र की हत्या करने वालों को बचाने का आरोप लगाया तथा कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट सुनियोजित तरीके से हटाए जा रहे थे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए आयोग के अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) ने और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीत दर्ज की थी।

### वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं सीईसी : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए गुरुवार को मतदाता सूचियों से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को बहाने बनाना बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को वोट चोरी का सबूत सौंपना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप लोकतंत्र में उनके और कांग्रेस के अविश्वास को दर्शाते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांग्रेस के मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास सुनियोजित तरीके से किया गया तथा इसमें सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ।

# टीएमयू में नर्सिंग छात्रा ने दी जान

संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

- सहेलियों के सामने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, पांच छात्राएं सदमे में बेहोश

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में गुरुवार को बीएससी नर्सिंग की छात्रा ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

संभल जिले के असमोली की रहने वाली दीक्षा बीएससी नर्सिंग फाइनल सेमेस्टर की छात्रा थी। गुरुवार को वह कॉलेज बस से यूनिवर्सिटी पहुंची। दोपहर 2:10 बजे उसने 16 अन्य छात्राओं के साथ तीसरी मंजिल पर बने कक्ष में परीक्षा दी। परीक्षा के बाद सभी छात्राएं नीचे उतरने लगीं, लेकिन दीक्षा रुक गई। कुछ देर बाद वह गैलरी में लौटी और अचानक खिड़की पर चढ़कर छलांग लगा दी। यह देख पांच छात्राएं सदमे में बेहोश हो गईं। दीक्षा को यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। थाना पाकबड़ा प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार मावी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ईपीएफओ पोर्टल पर अब एक ही लॉगिन से मिलेंगी सभी सेवाएं

- श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को अब एक ही पोर्टल पर सभी प्रमुख सेवाओं और अपने खाते से जुड़ी जानकारियां एकल लॉगिन से मिल जाएंगी।

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मांडविया ने यहां कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सदस्यों को अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल सेवाएं देने के लिए कई सुधार किए हैं। अब तक सदस्यों को पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन कर अंशदान एवं निकासी का विवरण देखना पड़ता था। अब नए 'पासबुक लाइट' फीचर को सदस्य पोर्टल पर ही शामिल कर दिया गया है। जिससे अंशधारक ईपीएफइंडिया के यूनिफाइड पोर्टल पर सीधे जाकर अपने अंशदान, निकासी और शेष राशि का संक्षिप्त विवरण देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन करने की जरूरत नहीं होगी।

# चार माह में तय करें आनंद कारज पंजीकरण के नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे चार महीने के भीतर 'आनंद कारज' या सिख विवाह के पंजीकरण नियम अधिसूचित करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि धार्मिक पहचान का सम्मान और नागरिक समानता सुनिश्चित करने वाले धर्मनिरपेक्ष ढांचे में कानून को एक तटस्थ और व्यावहारिक मार्ग प्रदान करना चाहिए और आनंद कारज के माध्यम से होने वाले विवाहों को अन्य विवाहों के समान ही दर्ज और प्रमाणित किया जाए। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि किसी संवैधानिक वादे की सत्यनिष्ठा न केवल उसके द्वारा घोषित अधिकारों से मापी जाती है, बल्कि उन संस्थाओं से भी मापी जाती है जो उन अधिकारों को उपयोगी बनाती हैं। एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में, राज्य को किसी नागरिक की आस्था को विशेषाधिकार या बाधा में नहीं बदलना चाहिए।

पीठ ने चार सितंबर के अपने आदेश में कहा कि जब कानून आनंद कारज को विवाह के वैध प्रकार के रूप में मान्यता देता है, फिर भी इसे पंजीकृत करने के लिए कोई तंत्र प्रदान नहीं करता, तो वादा केवल आधा ही निभाया गया माना जाएगा।

सरकार तैयार

औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा- नवंबर में आयोजित होगा जीबीसी@5

# 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश से बदलेगा यूपी का औद्योगिक नक्शा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- साढ़े आठ वर्षों में जमीन पर उतरे 15 लाख करोड़ के निवेश, 60 लाख को मिला रोजगार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब किसी भी कीमत पर उद्योग और रोजगार की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा। एलान किया कि नवंबर में पांचवां ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी@5) आयोजित होगा, जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। दावा किया कि बीते साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश ने 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा है और 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया है।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। योगी ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और सरल बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी निवेशक को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। चेताया कि औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि तीन साल में उपयोग में नहीं लाई गई, तो उसे रद्द कर दूसरी इकाई को दिया जाएगा। बताया कि वर्ष 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र का पांच लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए फैक्ट्री अधिनियम के तहत 8,000 नई व विद्यमान इकाइयों का पंजीकरण होना है, जिनमें से 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। योगी ने श्रम सुधार और अनुपयोगी भूखंडों को सक्रिय करने की गति तेज करने पर जोर दिया।

### भूमि अधिग्रहण में किसानों का हित सर्वोपरि

मुख्यमंत्री ने बैठक में औद्योगिक प्राधिकरणों को दो टूक कहा कि भूमि अधिग्रहण संवाद और समन्वय से होना चाहिए। भूमि किसी भी किसान की जीवन भर की पूंजी है। उसका शोषण कतई बर्दाश्त नहीं होगा। यदि अधिग्रहण जरूरी है, तो मुआवजा दर बढ़ाकर किसानों को संतुष्ट करें। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की नाराजगी किसी भी विकास परियोजना को ठप कर सकती है।

### फिनटेक हब और निर्यात रणनीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा या यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक आधुनिक फिनटेक हब विकसित किया जाएगा, जहां बड़े बैंकिंग संस्थानों के दफ्तर होंगे। उन्होंने जोर दिया कि यूपी को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी उत्पादों के निर्यात का हब बनाना है।

### विकसित होगा रोजगार का नया मॉडल

बैठक में मुख्यमंत्री ने हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार ज़ोन विकसित करने की कार्ययोजना पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि कम से कम 100 एकड़ में बनने वाले ये रोजगार ज़ोन उद्योग, निवेश, नवाचार, कौशल और उद्यमिता का नया मॉडल होंगे और पूरे देश के लिए मिसाल पेश करेंगे।

### योगी सरकार की उपलब्धियां

- अब तक 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी
- 15 लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव धरातल पर
- 60 लाख से अधिक को मिला रोजगार

### जीबीसी@5 और आगे का रोडमैप

- नवंबर में जीबीसी@5, 5 लाख करोड़ रुपये निवेश
- हर जिले में सरदार पटेल रोजगार ज़ोन
- नोएडा क्षेत्र में फिनटेक हब
- 22 सितंबर से जीएसटी सुधार लागू
- 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025


## ब्रीफ न्यूज

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एडीजे-पांच (स्पेशल न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट) रेशमा चौधरी की अदालत ने गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपी महीपाल को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जिले के थाना मैनाठेर के तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने एक जनवरी 2004 में बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के ओरछी निवासी महीपाल के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया है। मामले में आरोपी के खिलाफ दो सितंबर 2004 को आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया।

### डीएम ने जानी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कराने और जनोपयोगी बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने सीएनडीएस, ग्रामीण अभियंत्रण, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने संपर्क मार्गों की भौतिक स्थिति का संबंधित विभागों द्वारा सत्यापन करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की समय-सीमा पूरी हो चुकी है उसे जल्द पूरा कराकर विभाग को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 25 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सब जूनियर बालक-बालिका बैडमिंटन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 अक्टूबर तक अलीगढ़ में होगा। इसके लिए 25 सितंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय और 26 को मंडल स्तरीय ट्रालय होंगे। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन मंडल के ट्रायल के लिए होगा, इस ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों की टीम को अलीगढ़ भेजा जाएगा।

कोरोना काल में उपजी सोच से शुरू हुआ सफर, 200 से अधिक पौधे बने प्रेरणा का माध्यम

# शिक्षिका डॉ.सुधा ने रचा आर्गेनिक संसार, छत पर लहलहा रही हरियाली

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वैश्विक महामारी कोरोना काल ने जहां लोगों की जीवनशैली और सोच को बदलकर रख दिया, वहीं कई लोगों को प्रकृति से जुड़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी दिया। इसी प्रेरणा से बुद्धि विहार निवासी डॉ. सुधा सिरोही ने अपने घर की छत को आर्गेनिक गार्डन का रूप दे दिया है। अब उनकी छत पर 200 से अधिक पौधे लहलहा रहे हैं, जिनमें फल, सब्जियां, औषधीय और फूलों की प्रजातियां शामिल हैं। वह कुंदरकी ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय भांडरी में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। बताती हैं कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जब लोग बाजार की खाद्य सामग्री से बच रहे थे, तब उनके मन में यह विचार आया कि क्यों न छत को खेती का रूप दिया जाए। यही सोच उनके लिए आज न सिर्फ आत्मसंतोष का कारण बनी, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।


डॉ. सुधा सिरोही।

उन्होंने बताया कि छत पर बने इस छोटे गार्डन से उन्हें यह अनुभव हुआ कि अगर थोड़ी सी जगह और मेहनत हो तो घर-घर में ताजी और शुद्ध सब्जियों की खेती की जा सकती है। भविष्य में वह किसी बड़े भूखंड पर आर्गेनिक खेती शुरू करने की योजना सृजित कर रही हैं। जिससे यह संकल्प और लोगों तक पहुंच सके।


छत पर आर्गेनिक तरीके से उगाई गई सब्जियां व फल। ● अमृत विचार

**आर्गेनिक खाद से पौधों को मिलता है पोषण :** विशेष बात यह है कि वह पौधों को किसी तरह की रासायनिक खाद नहीं देतीं। रसोई से निकलने वाले फलों व सब्जियों के छिलकों, पेड़-पौधों की सूखी पत्तियों को वह इकट्ठा करती हैं। इसमें गाय का गोबर और सरसों की खली मिलाकर जैविक खाद तैयार करती हैं। यह खाद पौधों को भरपूर पोषण देती है और मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखती है।

### पड़ोसियों, रिश्तेदारों को भी लाभ

वह केवल अपने परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पड़ोस और रिश्तेदारी में भी ताजी सब्जियां और हरी पत्तियां पहुंचाती हैं। वह मानती हैं कि पौधों से जुड़ाव सिर्फ सेहत ही नहीं, बल्कि रिश्तों में भी मिठास घोलता है। उनकी यह पहल धीरे-धीरे आसपास के लोगों को भी गार्डनिंग और जैविक खेती की ओर प्रेरित कर रही है।

### सम्मान से बढ़ा उत्साह

बीते महीने में डॉ. सुधा को उनके इस कार्य के लिए मथुरा में आयोजित ईको फ्रेंडली बर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन की ओर से हरित शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजा गया। इस उपलब्धि से उनका हौसला और बढ़ गया है। कहती हैं कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है जो पर्यावरण संरक्षण और हरित पहल को अपनाने में जुटा है।

### सब्जियां, औषधियां और ऑक्सीजन देने वाले पौधे

छत पर बने उनके गार्डन में टमाटर, मिर्च, पालक, लौकी, तोरई जैसी मौसमी सब्जियां तो हैं ही, साथ ही तुलसी, एलोवेरा, गिलोय, अदरख, हल्दी जैसे औषधीय पौधे भी लगे हुए हैं। वह बताती हैं कि उनकी इस बगिया में इसके अलावा आम, अमरूद और नींबू जैसे फलदार पौधे तथा रंग-बिरंगे फूलों की प्रजातियां भी छत की सुंदरता बढ़ा रही हैं। ऑक्सीजन देने वाले पौधे जैसे मनी प्लांट, स्नेक प्लांट और पीस लिली उनके गार्डन का हिस्सा हैं, जो घर के वातावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं।

# युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका

## माथे और सिर पर गंभीर घाव, भाई की तहरीर पर गांव के ही पिता-पुत्रों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, पाकबड़ा

- हत्यारोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंककर हत्यारे फरार हो गए। गुरुवार सुबह इसकी जानकारी मिलने पर परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। सीओ हाईवे ने घटना की जानकारी ली। बड़े भाई की तहरीर के आधार पर गांव के ही तीन पिता पुत्रों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।


मृतक योगेश।

पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वजह अभी साफ नहीं है। सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा के निवासी जागेंद्र का पुत्र योगेश (22) पेंटर था। बुधवार को रोजाना की तरह काम से घर शाम को 5:00 बजे लौटा। उसके बाद साइकिल लेकर यह कहकर निकला कि अभी थोड़ी देर में आ रहा हूं। लेकिन वह रात में घर नहीं पहुंचा और ना ही उसका फोन उठा। परिजनों ने रात भर उसकी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। गुरुवार की सुबह अगवानपुर बाईपास पर मोड़ा तैय्या कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर उसका शव मिला। उसके माथे और सिर पर गंभीर घाव मिले। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने शव देखा तो सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान योगेश के रूप में हुई। थानाध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। सभी साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक की टीम एवं सीओ हाईवे राजेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों गौरव पुत्र शोभाराम, कपिल पुत्र शोभाराम, शोभाराम पुत्र रामप्रसाद निवासी गुरेठा इन तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। योगेश बहन-भाइयों में पांचवें नंबर का था। उसके

### शव के पास पड़ा मिला योगेश का मोबाइल

जहां शव मिला वहीं उसका मोबाइल पड़ा मिला था। आसपास बीयर की कुछ कैन भी पड़ी हुई मिली। घटनास्थल के पास घास भी अस्त व्यस्त थी।


थाने पहुंचे योगेश के परिजन। ● अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत, दो घायल

संवाददाता, चांदपुर

- पशुओं को बचाने के प्रयास में ट्रक बिजली के खंभे से टकराया
- तीन युवक थे बाइक पर सवार पेड़ से टकराई बाइक

**अमृत विचार:** अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहला हादसा बुधवार रात मुरादाबाद मार्ग पर वैलकम सिटी के पास हुआ। हरदोई जिले के थाना पैनाली के बरी गांव निवासी साहिल (22) ट्रक चालक था। वह बदायूं से हरिद्वार की ओर जा रहा था। सड़क पर अचानक आए पशुओं को बचाने के प्रयास में ट्रक बिजली के खंभे से टकरा गया। साहिल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

दूसरा हादसा गुरुवार देर शाम हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर सिकंदरी गांव के पास हुआ। रतनपुर खुर्द निवासी तीन युवक बाइक से घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हर्षित पुत्र लाला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश पुत्र ओमप्रकाश और बॉबी पुत्र प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक का मलबा सड़क पर बिखर गया। हादसे की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक साहिल।


मृतक हर्षित।

## आपदा से बचाव को मॉकड्रिल आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले में आपदा के दौरान बचाव और सुरक्षा की परख के लिए शुक्रवार को पांच स्थानों पर मॉक ड्रिल कराई जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व सह संयोजक, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ममता मालवीय ने बताया कि महानगर के वेव मॉल, रेलवे स्टेशन के अलावा रामरतन इंटर कॉलेज स्टेशन रोड बिलारी, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ और पशुपति एक्राइलोन लिमिटेड काशीपुर रोड ठाकुरद्वारा में मॉक ड्रिल की जाएगी।




# चश्मा वितरण: छह माह बीते चिन्हीकरण में अटका विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नेत्र ज्योति अभियान के तहत 4000 बच्चों और 2500 बुजुर्गों को चश्मा बांटने का हैं लक्ष्य

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत बुजुर्गों और बच्चों को निःशुल्क चश्मा वितरण कराने की योजना स्वास्थ्य विभाग में सुस्ती की भेंट चढ़ गई है। साढ़े छह माह बीतने के बाद भी विभाग अभी तक सिर्फ चिन्हीकरण की प्रक्रिया में उलझा है। जबकि अभियान का मकसद मरीजों को समय पर लाभ पहुंचाना है।

योजना के अंतर्गत बुजुर्गों में मोतियाबिंद मिलने पर निःशुल्क ऑपरेशन के साथ नेत्र दोष से जूझ रहे बच्चों और बुजुर्गों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर असर पड़ता है और बुजुर्गों की दिनचर्या भी प्रभावित होती है। ऐसे में देरी से लाभार्थियों को असुविधा उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में इस वर्ष 4000 बच्चों और 2500 बुजुर्गों को चश्मा उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया है। लेकिन आधा वित्तीय वर्ष गुजर जाने के बावजूद यह लक्ष्य धरातल पर कहीं दिखाई नहीं दे रहा। चश्मा वितरण के लिए पहले लाभार्थियों का चयन और फिर चश्मा खरीद की प्रक्रिया पूरी की जाती है। लेकिन अब तक विभाग सिर्फ चिन्हीकरण तक ही सीमित है। चश्मे की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू जरूर हो गई है, लेकिन उसमें अभी समय लगने की संभावना है।

ऐसे में जिन्हें चश्मे की जरूरत है, वे इंतजार में हैं। राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विकास सिंह ने बताया कि टेंडर पूरा होते ही वितरण कर दिया जाएगा।

## 22 वाहन निरुद्ध 47 का चालान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर अनधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा और ई-ऑटो पर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए 22 वाहन सीज कर 47 वाहनों का चालान किया।

गुरुवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने बताया कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, यात्रीकर व मालकर अधिकारी और प्रवर्तन टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। चेतावनी दी कि यदि कोई ई-रिक्शा या ई-ऑटो चालक पांच से अधिक बार इस प्रकार के उल्लंघन में पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाईवे पर इन वाहनों के संचालन के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की दर बढ़ती देख मंडलायुक्त आंज्यनेय कुमार ने ऐसे वाहनों पर तुरंत एफआईआर करने के निर्देश दिए थे।

# क्वालिटी बार प्रकरण में सपा नेता आजम खान को मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद 21 अगस्त को सुरक्षित रख लिया था आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रामपुर के पूर्व सांसद आजम खान को बहुचर्चित क्वालिटी बार कब्जा मामले में जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने 21 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखा था, जिसे 18 सितम्बर को सुनाया गया। यह मामला वर्ष 2014 के भूमि आवंटन से जुड़ा है। आरोप है कि उस समय कैबिनेट मंत्री रहे आजम खान के प्रभाव में जिला सहकारी समिति की भूमि उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को बेहद कम किराये पर दे दी गई थी।


आजम खां।

21 नवम्बर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें तत्कालीन पालिका परिषद अध्यक्ष सैयद जफर अली जाफरी सहित तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम नामजद हुए थे।

प्रारंभिक जांच में आजम खान का नाम नहीं था, लेकिन 2024 में आगे की जांच में उन्हें भी आरोपी बनाया और 2025 में आरोपपत्र दाखिल हुआ। कोर्ट ने माना कि भूमि आवंटन (2014) और एफआईआर (2019) में पांच साल की देरी स्पष्ट दिखती है, साथ ही आरोप मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय हैं और 77 वर्षीय आजम खान 8 महीने से जेल में निरुद्ध हैं। उनके खिलाफ 110 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें अधिकांश 2019 के बाद नई सरकार बनने पर दर्ज हुए।

कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की दलील को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आयूब खान बनाम राजस्थान राज्य फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि महत्त्वपूर्ण होते हुए भी यदि आरोपी लंबे समय से जेल में है और मामला बेल योग्य है, तो जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पूर्व सांसद आजम खान को सशर्त जमानत दे दी। हालांकि रामपुर और मुरादाबाद में लंबित कई मामलों व दो मामलों में हुई सजा के कारण वे अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे।

## जोधपुर से गोरखपुर तक चलेगी त्योहार स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** त्योहारों पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे प्रशासन ने उनकी सुविधा के लिए जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दोनों दिशाओं में सप्ताह में एक-एक दिन चलाई जाएगी।

जोधपुर से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 04829 हर गुरुवार (2 अक्तूबर से 27 नवंबर तक) चलाई जाएगी, जबकि गोरखपुर से जोधपुर लौटने वाली ट्रेन संख्या 04830 हर शुक्रवार (3 अक्तूबर से 28 नवंबर तक) चलाई जाएगी। दोनों ही ट्रेनों के कुल 9-9 फेरे होंगे। इस स्पेशल ट्रेन का संचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार होगा। ट्रेन रास्ते में मेडता रोड, डेगाना, डिडवाना, सुजानगढ़, रतनगढ़, चुरू, सादुलपुर, लोहारु, रेवाड़ी, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, बस्ती, खलीलाबाद समेत प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।

# हाथ जोड़कर एसएसपी ऑफिस पहुंचा फरार हत्यारोपी अनमोल कश्यप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 7 सितंबर को डबल फाटक निवासी कमल चौहान की गोली मार कर दी गई थी हत्या

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में सात सितंबर को हुए हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान हत्याकांड में फरार चल रहा आरोपी अनमोल कश्यप गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा और हाथ जोड़कर सरेंडर कर दिया। आरोपी ने एसएसपी सतपाल अंतिल से कहा कि उसका नाम मुकदमे में है इसलिए वह गिरफ्तारी देने आया है। एसएसपी ने आरोपी को कटघर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

थाना कटघर क्षेत्र के दुर्गेश नगर डबल फाटक निवासी कमल चौहान को सात सितंबर की शाम करीब 5:40 बजे दससराय चौकी के पीछे कर्बला के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह साथी विशाल शर्मा के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था। कमल के भाई संजय चौहान ने सनी दिवाकर, मोनू पाल, विक्की दिवाकर, निहाल वाल्मीकि, सुभाष यादव और नकुल यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने 9 सितंबर को मुठभेड़ में मुख्य आरोपी सनी दिवाकर को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उसकी पत्नी पूजा को भी जेल भेज दिया था। वहीं सनी के बयान पर लक्की यादव और अनमोल कश्यप का नाम मुकदमे में जोड़ा गया। लक्की यादव ने 12 सितंबर को एसपी देहात के सामने सरेंडर किया था। पुलिस के अनुसार अनमोल कश्यप ने पूछताछ में माना है कि वह वारदात के समय सनी दिवाकर के साथ था। तमंचा छिपाने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस उसकी निशानदेही पर हथियार बरामद करने में जुटी है। इस हत्याकांड में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि पांच नामजद फरार बताए जा रहे हैं।

## परिवहन विभाग में काम करते मिले बाहरी एसीएम ने निकाले

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग में गुरुवार को अपर सिटी मजिस्ट्रेट (एसीएम) ने गुरुवार को निरीक्षण किया।

इस दौरान विभाग के कार्यालय कक्षों में कुछ बाहरी लोग विभागीय कर्मचारियों की तरह कार्य करते मिले। एसीएम ने इनसे पूछताछ कर नाम और मोबाइल नंबर नोट किए। भविष्य में दोबारा कार्यालय में मिलने पर कड़ी कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी। एआरटीओ प्रशासन आंज्यनेय कुमार ने बताया कि एसीएम प्रथम ने विभागीय कर्मचारियों को भी निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में बाहरी लोगों को आधिकारिक कार्यों में शामिल न किया जाए।

कार्यालय के बाहर बैठे बिचौलियों को खदेड़ा गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे असमाजिक तत्वों पर नियमित कड़ी निगरानी रखी जाए और यदि कोई व्यक्ति नियम-विरुद्ध कार्य करता पाया जाता है, तो तत्काल कानूनी कार्रवाई करें।

# किन्नर बने युवकों ने बस में यात्री से छीने रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों में यात्रियों का सफर सुरक्षित नहीं है। गुरुवार को गोरखपुर डिपो की बस में किन्नर का छद्म भेष धरे कुछ युवकों ने हनुमान मूर्ति के पास एक यात्री से खुलेआम पैसे छीन लिए। बताया जा रहा है कि यह युवक लंबे समय से बसों में अवैध वसूली कर रहे हैं और विरोध करने पर यात्रियों से गाली-गलौज तथा मारपीट करते हैं। बस के चालक और परिचालक भी इनका विरोध नहीं करते हैं।

गुरुवार की सुबह आठ बजे पीतल नगरी डिपो से गोरखपुर डिपो की बस के निकलते ही प्रभात मार्केट से किन्नरों का भेष धरे कुछ युवक बस में चढ़ गए। बस चालक और परिचालक की मौजूदगी में वह यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने लगे। यात्रियों का कहना है कि ऐसे लोग चार पांच की संख्या में चढ़ते है। बाहरी यात्रियों को अनहोनी का डर लगा रहता है। यात्रियों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। आए दिन बसों में इस तरह के हंगामे होते है। जिससे महिलाओं को असुविधा होती है।


रोडवेज बस में किन्नर के भेष में युवक।

> बसों में कुछ युवक किन्नर के भेष के अवैध वसूली करने की बात सामने आई है। सभी डिपो के एआरएम की डिपो से संबंधित थानों को शिकायती पत्र देने के निर्देश दिए हैं। जिससे बसों में वसूली पर रोक लग सके और यात्री सुरक्षित गंतव्य पहुंचे।
> – ममता सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक

न्यूज ब्रीफ

### अगले वर्ष पूरी तरह विस्थापित होगी गन्ना किस्म को-0238

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने रेड रॉट (लाल सड़न) रोग से प्रभावित गन्ना किस्म को-0238 ने गन्ना किसानों और चीनी मिलों को परेशानियों में डाला है। किसानों के नुकसान को देखते हुए को-0238 को पूरी तरह हटाने का निर्णय लिया है। क्षेत्र में 80 प्रतिशत विस्थापन हो चुका है। किसानों ने भी इस किस्म को बोने से तौबा कर ली है। शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिए विभाग ने विभिन्न प्रक्षेत्रों से 6,10,000 सिंगल बड अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर सीड) आवंटित किया है। इसमें गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर से को.शा.18231 के 3,20,000 सिंगल बड और पीलीभीत से को.लख.16202 के 2,90,000 सिंगल बड शामिल हैं। इसके अलावा धामपुर, स्योहारा, पीलीभीत, गजरौला, बिलासपुर और नजीबाबाद से 8,319 क्विंटल ब्रीडर सीड आवंटित किया गया है, जिनमें को.शा.13235, को.0118, को.शा.17231, को.लख.14201 और को.15023 जैसी उन्नत किस्में शामिल हैं। इन बीजों को किसानों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### उमस भरी गर्मी, तेज धूप से लोग परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को मौसम गर्म और उमस भरा रहा। सुबह से ही तेज धूप निकलने से लोग न सिर्फ गर्मी से परेशान रहे बल्कि थकान भी महसूस हुई। बादलों की आवाजाही रही, लेकिन इससे किसी तरह की ठंडक या राहत नहीं मिली। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धूप के कारण घरों और कार्यालयों में भी गर्मी महसूस हो रही थी। खासकर दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में गर्म हवा के कारण उमस बढ़ी हुई है और अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही रहने की संभावना है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी इस्लामुद्दीन का पुत्र फिरोज मां अफसरी को बाइक से गुरुवार को रिश्तेदारी में ग्राम लालापुर ले जा रहा था। खाईखेड़ा मोड़, रतुपुरा पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक यशवीर पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम दारापुर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अफसरी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने उन्हें काशीपुर रेफर कर दिया। इस्लामुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक यशवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को धक्का मुक्की, इंतजार में हांफे मरीज

## अव्यवस्था : महिलाओं की लाइन में पुरुष, पुरुषों की कतार में दिखीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए गुरुवार को मरीजों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग लाइन होने के बावजूद मरीज एक-दूसरे की कतार में लगने के लिए बेताब दिखे। महिलाओं की लाइन में पुरुष और पुरुषों की कतार में महिलाएं खड़े होकर पर्चा बनवाती रहीं। इस गड़बड़ी से मरीजों को घंटों परेशान होना पड़ा।

सुबह से ही अस्पताल के पर्चा काउंटर पर मरीजों की भीड़ उमड़ आई। शुरुआत में कतारें व्यवस्थित थीं, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ी, धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हालात इतने बिगड़े कि कई जगह मरीजों के बीच बहस और झगड़े की स्थिति बन गई। उमस और गर्मी के बीच खड़े-खड़े लोग थककर हांफने लगे। खासतौर पर बुजुर्ग और महिलाएं परेशान दिखीं। अस्पताल प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए गार्ड तो तैनात किए हैं, लेकिन गार्ड भी इन झगड़ों से दूरी बनाए रखते हैं। कई बार गार्ड स्थिति संभालने की कोशिश करते हैं, लेकिन मरीजों की लंबी कतारों और आपसी बहस में उलझना नहीं चाहते।



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए अव्यवस्थित तरीके से खड़े मरीज।

### बाढ़ का पानी घटा, संक्रामक बीमारियों की भरमार, रोजाना पहुंच रहे दो हजार मरीज

बाढ़ का पानी घटने के साथ ही संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि जलभराव कम होने पर गंदगी और मच्छरों के पनपने से बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इन दिनों जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। प्रतिदिन करीब दो हजार लोग ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से लगभग 150 मरीज त्वचा रोग, वायरल बुखार और खांसी-जुकाम की समस्या से जूझ रहे हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ का पानी घटने के साथ संक्रामक रोगों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया और पेट से जुड़ी बीमारियां फैलने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है।

### मरीज बोले- डॉक्टर के पास समय से नहीं पहुंच पाते

मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन केवल गार्ड तैनात कर जिम्मेदारी पूरी समझ लेता है, लेकिन असल समस्या पर ध्यान नहीं देता। यदि पुरुषों और महिलाओं की कतारों पर कड़ाई से अमल और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाया जाए तो इस तरह की दिक्कतें कम हो सकती हैं। पर्चा बनवाने की अव्यवस्था से मरीजों को डॉक्टर तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। कई लोग लाइन में देर तक फंसे रहने के कारण डॉक्टर के पास समय से नहीं पहुंच पाते। इससे ओपीडी की व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

> गार्ड और स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों को पर्चा बनवाने और ओपीडी में डॉक्टर से परामर्श करने में किसी तरह की परेशानी न हो। ओपीडी में सभी मरीज व्यवस्थित तरीके से डॉक्टर से मिल सकें। लापरवाही बरतने पर स्टाफ व गार्ड को हिदायत दी जाएगी।
>
> **- डॉ. राजेंद्र कुमार**, सीएमएस

### पीटीसी, दौलतबाग से जुड़े 25 मोहल्लों में पांच घंटे गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पीटीसी दौलतबाग विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग 25 मोहल्लों के उपभोक्ताओं को गुरुवार को पांच घंटे तक बिजली कटौती झेलनी पड़ी। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी हुई।

गुरुवार को दौलत बाग पीटीसी विद्युत केंद्र के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से 3 बजे तक बाधित रही। दौलत बाग विद्युत केंद्र से जुडे. फीडर जिगर कॉलोनी, बंगला गांव, दौलत बाग और डिप्टी गंज चौराहे से बारादरी रोड के लगभग 5 हजार से अधिक उपभोक्ता को पांच घंटे बिजली संकट झेलना पड़ेगा। डिप्टीगंज चौराहे पर वेल्डिंग की दुकान के स्वामी मो. यामीन ने बताया कि सुबह 10 बजे दुकान खोली तो बिजली गुल थी। अवंतिका कॉलोनी निवासी सचित कत्याल ने बताया कि सुबह 9 बजे बिजली चली गई जिसके बाद दो बजे सुचारू हो सकी। एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि कांठ रोड स्थित होटल ग्रैंड विलेज के सामने करीब एक माह पहले डिवाइडर के नीचे हुए भूमिगत फॉल्ट को ठीक करने के लिए सड़क खोदनी पड़ेगी। बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग ने अनुमति नहीं दी।

# मझोला पुलिस पर पक्षपात का आरोप, एसएसपी कार्यालय में ग्रामीणों का प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● झूठे मुकदमें के विरोध में किया हंगामा, निष्पक्ष जांच और मुकदमा निरस्त करने की मांग

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के ग्राम मंगूपुरा निवासी प्रेमचंद ने पुत्र रतन सिंह पर दर्ज झूठे मुकदमे के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। एसएसपी ने जांच सीओ सिविल लाइंस को सौंप दी है।

बसपा नेता चंदन सिंह रैदास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 9 सितंबर की रात रतन सिंह खाना खाने के बाद घर से बाहर घूमने निकला था। इसी दौरान सेक्टर-14 स्थित होली चौक के पास क्षेत्र के तीन युवक मनीष सिक्का, राज पाठक और गजेंद्र पाल ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत मझोला पुलिस से की थी, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर उल्टा रतन सिंह व उसके परिजनों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने एसएसपी से मुकदमा निरस्त करने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

# न्याय आंदोलन के पुरोधा चौरसिया को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

● समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सामाजिक न्याय आंदोलन के अग्रणी नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि शिवदयाल चौरसिया सामाजिक न्याय आंदोलन के उज्ज्वल सितारों में से एक थे।

गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि शिवदयाल चौरसिया का कहना था कि "मेरा नाम चौरसिया है और मैं असमानता को चौरस करके ही दम लूंगा" यह नारा उनकी समाज सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पिछड़ी जातियों को राजनीतिक पहचान दिलाने और पिछड़ी जाति की महिलाओं के मुद्दे उठाने में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता आंदोलन के पहले और बाद में सामाजिक समानता तथा वंचित तबके के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों में शिवदयाल सिंह चौरसिया का नाम अग्रणी पंक्ति में शामिल है। साइमन कमीशन के सामने वंचितों की समस्याओं को रखने से लेकर काका कालेलकर की अध्यक्षता में गठित पहले पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य के रूप में उन्होंने हर मोर्चे पर वंचितों की आवाज बुलंद की। लोगों ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। वसीम कुरैशी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, बालकिशन शर्मा, गोविंद प्रजापति, केदार सिंह, सरदार सिंह पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अगले माह चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अक्टूबर में संचारी रोग नियंत्रण माह अभियान चलाया जाएगा। शासनादेश जारी होने के बाद जिले में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। अभियान का लक्ष्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफेलाइटिस सहित अन्य संक्रामक रोगों पर नियंत्रण करना है।

डीएम ने अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, पंचायती राज, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, ग्रामीण विकास तथा अन्य विभागों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। गोविंदनगर, हिमगिरी कॉलोनी, कटघर, ढक्का, बुद्धिविहार, करूला, सिकोई, असालतपुरा, ताड़ीखाना, बरादरी, हरथला समेत शहरी क्षेत्र के 51 मोहल्ले संवेदनशील क्षेत्र में हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अक्टूबर में संचारी रोगों के फैलने की संभावना अधिक रहती है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाएं बेहतरीन पैंतरे

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे की मौजूदगी में जीआईसी के मैदान पर हुई। बालक वर्ग का संयोजन अब्बास इंटर कॉलेज और बालिका वर्ग का संयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के तत्वावधान में हुआ।

जीआईसी के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह और अब्बास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आफ्ताबुद्दीन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। बलबीर सिंह ने कहा कि खेलकूद बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, भाईचारा और आपसी सौहार्द विकसित करता है। चयन व रेफरी दल बालक वर्ग चयनकर्ताओं में भोजराज सिंह, कुलदीप सिंह और अर्जुन सिंह रहे, जबकि बालिका वर्ग चयनकर्ताओं में गीतांजलि दक्ष, कुमारी रेखा और स्वाति राठी शामिल रहीं। रेफरी व अंपायरिंग का दायित्व वंश बहादुर, जीवन सिंह, शमशाद हुसैन, रणविजय सिंह, श्यामवीर सिंह, दानवीर सिंह और अंकुर गुर्जर ने निभाया।

मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने बताया कि जनपद स्तर पर चयनित टीमें अब 27 सितंबर को अमरोहा में होने वाली मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

आयोजन में नरपत सिंह यादव, राजपाल सिंह, राहुल कुमार, सुमित कुमार शर्मा, विपिन कुमार,आफताब आलम,सचिन चौधरी,भास्कर राघव,विमी रस्तोगी,अरविंद कुमार,मीना सागर,गिरिराज सिंह,विकास कांत गुप्ता और रेशु शर्मा सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।



खिलाड़ी को छूने का प्रयास करतीं प्रतिद्वंदी। ● अमृत विचार

● माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

#### बालक वर्ग परिणाम

**अंडर-14 फाइनल :** विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सिरसवा हरचंद ने चित्रगुप्त संकुल को हराया।

**अंडर-17 फाइनल :** आदर्श विद्या मंदिर डिलारी ने विद्या निकेतन सिरसवा हरचंद को पराजित किया।

**अंडर-19 फाइनल :** पारकर इंटर कॉलेज ने आकांक्षा विद्यापीठ को हराकर चैंपियनशिप जीती।

#### बालिका वर्ग परिणाम

**अंडर-14 :** विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सिरसवा हरचंद प्रथम, जे.आर. अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय।

**अंडर-17 :** राजकीय हाई स्कूल कुचावली प्रथम, जे.आर. अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय।

**अंडर-19 :** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज काठ प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार द्वितीय।

# आयुर्वेद का उद्देश्य स्वास्थ्य की रक्षा व रोग दूर करना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी और हर प्रसाद आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र की ओर से गुरुवार को दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में अधिवक्ताओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण शिविर व गोष्ठी आयोजित की गई।

प्रथम सत्र में विचार गोष्ठी हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. एसपी गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव जितेंद्र प्रताप सिंह जेपी ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ पुरुष के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी व्यक्ति के रोग को दूर करना है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं की ओर से आयुर्वेद चिकित्सक का आभार जताया।

द्वितीय सत्र में डॉ.सत्य प्रकाश गुप्ता व उनकी सहयोगी चिकित्सक डॉ. सुनीता मीणा व डॉ दीक्षा मुद्गल ने अधिवक्ताओं का चिकित्सीय परीक्षण किया। उन्हें स्वास्थ्य परामर्श व दवाएं भी निःशुल्क वितरित की। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजार हुसैन, पुनीत चौहान, सचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय बंसल, संयुक्त सचिव राम पंत पांडे, आवरण अग्रवाल, सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ आशीष उपाध्याय, सुरेश सिंह, सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ फिरोज आलम, सचिन कुमार, अभिनव भट्ट, पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव, एल्डर कमेटी के सदस्य महेश चंद्र त्यागी, अचल शर्मा, अजय पाल सिंह, कमाल अख्तर, मुस्तर अली, जाफर अली, प्रभात सिंगल, महेंद्र सिंह सैनी, आबिद हुसैन आदि मौजूद रहे।



शिविर में अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

● दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में चिकित्सीय परीक्षण शिविर व गोष्ठी

### एक ही गांव में दो जगह से लाखों के आभूषण चोरी

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कलाल खेड़ा में देर रात करीब 4 बजे दीवार फांदकर चोरों ने एक घर को निशाना बना सोना-चांदी के आभूषण सहित 10000 चोरी कर फरार हो गए। गांव में कुछ ही दूरी पर रास्ते में शहनाज बानो पशुओं को चारा डालकर घर आ रही थी।

चोरों ने उसे घेर लिया और सोने के आभूषण छीन ले गये। महिला का शोर सुनकर आसपास के लोगों ने चोरों को काफी तलाश किया पर वह भागने में सफल रहे। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मैनाठेर क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# कांग्रेस पार्षदों ने नगरायुक्त को गिनाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अनुभव मेहरोत्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने गुरुवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से मुलाकात की। नेता प्रतिपक्ष ने सभी कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में नागरिकों की समस्याएं बताईं।

समाधान कराने की मांग की। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया। वार्ड 64 में झब्बू नाला, वार्ड 40 नवाबपुरा मे चामुंडा मंदिर के पास गुड़िया बाग स्थित पुरानी डाटदार पुलिया के पुनः निर्माण, वार्ड 65 में लम्बी गली का नाला, वार्ड 63 जामा मस्जिद का नाला सहित अन्य वार्डो में प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इसकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष व वार्ड 54 के पार्षद अनुभव मेहरोत्रा, नदीम अंसारी, मोहम्मद जुनैद, मोअज़्ज़म अली, कमर सलीम, नईम उर्फ़ पप्पू, परवेज़ नन्हे, पार्षद प्रतिनिधि अफसर अंसारी, फहीम एडवोकेट, काशिफ मुरादाबादी, मोअज़्ज़म अली मौजूद रहे।





नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से मुलाकात करते कांग्रेस पार्षद। ● अमृत विचार

● नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल, समाधान की मांग

# वन मंत्री का किया स्वागत



मंत्री डॉ. अरुण कुमार का स्वागत करते महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● चित्रगुप्त जयंती के कार्यक्रमों पर की चर्चा

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के गुरुवार को सर्किट हाउस पहुंचने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। आगामी चित्रगुप्त जयंती के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की।

बताया कि ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान और अन्य क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कायस्थ समाज के मेधावी बच्चों जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक अंक बोर्ड परीक्षाओं में पाया है उन्हें सम्मान दिया जाएगा। मंत्री ने सभी से अनुरोध किया कि आप मतदाता सूची पुनरीक्षण में वोट अवश्य बनवाएं। साथ ही दूसरों को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान दीपक सक्सेना, सलिल सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, सुनील भटनागर, प्रदीप माथुर, अरुण सक्सेना, अनिल सक्सेना, आशीष सक्सेना, प्रतीक सक्सेना, ऋषभ सक्सेना, अतुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### एक ही जमीन की तीन जगह रजिस्ट्री धोखाधड़ी का मुकदमा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना की जमीन पर रजिस्ट्री घोटाले का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पांडला निवासी अमित कुमार पुत्र राम प्रसाद त्यागी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने उमराव सिंह से जमीन खरीद कर रजिस्टर्ड कराई। बाद में पता चला कि वही जमीन उमराव ने 23 दिसंबर 2020 को ऋषिपाल सिंह के नाम पर रजिस्ट्री करवा रखी थी। 23 जनवरी 2021 को विनय कुमार के नाम पर भी उसी जमीन की रजिस्ट्री की गई थी। आरोपी ने एक ही संपत्ति को दो बार बेचा और तीसरी बार फर्जी दस्तावेज बना उसके साथ धोखाधड़ी की है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

नवरात्र की तैयारी

मिट्टी-बांस-लकड़ी पर महंगाई के बाद भी मूर्ति लेने के लिए अग्रिम बुकिंग

# मूर्तिकार दिन रात बना रहे मूर्तियां, महंगाई का दिख रहा असर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में भव्य पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजेंगी। 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर इस बार भी उत्साह है। महानगर के कालीबाड़ी, कांशीराम नगर, नवीन नगर, दीनदयाल नगर, रामगंगा विहार, मंडी चौक, सूर्य नगर, कटघर सहित कई क्षेत्रों में भव्य पंडाल सजाए जाएंगे। इन पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर नौ दिनों तक भक्ति और श्रद्धा से पूजा अर्चना की जाएगी।

कोलकाता से आए मूर्तिकार मां की मूर्तियों को आकार देने में पूरी तन्मयता से जुटे हैं। कोलकाता के गंगारामपुर निवासी शंकर एक माह से मुरादाबाद में रहकर प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इस समय वह कांशीराम नगर स्थित कालीबाड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। शंकर बताते हैं कि इस वर्ष अब तक उन्हें आठ मूर्तियों के ऑर्डर मिले हैं, जिनमें 8, 10 और 12 फीट ऊंची प्रतिमाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों दिन-रात मेहनत कर समय पर मूर्तियां तैयार करनी पड़ती हैं, जिससे आयोजन में कोई बाधा न आए। इस बार मूर्तिकारों के लिए काम करना आसान नहीं है। प्रतिमा निर्माण की लगभग सभी सामग्रियों के दाम बढ़ चुके हैं। शंकर बताते हैं कि पिछले वर्ष चिकनी मिट्टी की एक ठेली 1000 रुपये में मिल जाती थी, जबकि इस बार इसकी कीमत 1200 रुपये तक पहुंच गई है। बांस के दामों में भी इजाफा हुआ है। पहले 12 फीट का बांस 100 रुपये का मिल जाता था, लेकिन अब वही 110 से 115 रुपये में उपलब्ध है। लकड़ी के दाम भी पिछले साल की तुलना में बढ़े हैं। जो लकड़ी पहले 1800 रुपये प्रति क्विंटल थी, इस बार उसकी कीमत 2000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।

### कोलकाता से आएंगे वस्त्र, जेवर और श्रृंगार सामग्री

मूर्तिकार मदन सरकार ने बताया कि प्रतिमाओं का प्रारूप तैयार करने के बाद वह कोलकाता आए हुए हैं। वहां से रंग, वस्त्र, जेवर और अन्य श्रृंगार सामग्री लाकर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि दुर्गा प्रतिमा का आकर्षण तभी बढ़ता है जब उसमें रंगों की जीवंतता और श्रृंगार की भव्यता झलकती है। इस कारण हर साल कोलकाता से ही पारंपरिक सामान मंगाया जाता है।

### भव्य पंडालों में विराजेंगी मां दुर्गा

22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि को लेकर महानगर में प्रतिमाओं को अंतिम रुप कलाकार दे रहे हैं। कालीबाड़ी, नवीननगर, खुशहालपुर, बुद्धि विहार सहित अन्य स्थानों पर आयोजक तैयारी में लगे हैं। प्रोफेशनल डेकोरेटर के माध्यम से पंडाल की साज सज्जा कराई जाएगी। पंडाल स्थापित करने वाले जगहों पर सड़कों की मरम्मत, पथ प्रकाश आदि के लिए भी आयोजकों ने जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों से मांग की है।

### लागत बड़ी लेकिन काम में कमी नहीं

मूर्तिकारों का कहना है कि भले ही इस बार लागत बढ़ी है, लेकिन श्रद्धा के कारण काम में कमी नहीं आई है। उनका विश्वास है कि मां दुर्गा की कृपा से सभी कठिनाइयां दूर होंगी और नवरात्र का पर्व इस बार भी धूमधाम से मनेगा। वहीं दुर्गा पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी बैठक कर आयोजन को भव्यता देने में जुट गए हैं। कई समितियों के द्वारा इस बार मां की भव्य प्रतिमाओं को भव्य व विशाल पंडाल में स्थापित करने की तैयारी हो रही है।

**ब्रीफ न्यूज**

### तमंचे से जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कोरियान निवासी ऋतिक पुत्र राजेंद्र कुमार ने कोतवाली में जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि मंगलवार की रात मौसेरे भाई नानू उर्फ विपिन ने उससे गाली गलौज और मारपीट की। पिता राजेंद्र बीच बचाव करने आए तो आरोपी ने उन पर तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल बाल बच गए। पुलिस आरोपी को तलाश रही थी। गुरुवार को चौकी प्रभारी अमित कुमार ने आरोपी नानू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

### दहेज के लिए प्रताड़ित कर तीन तलाक दिया

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी शाहीन ने बताया कि उसका निकाह 19 जून 2022 को मुतालिब के साथ हुआ था। दहेज देने के बावजूद ससुराली परेशान करने लगे तो 10 मई 2024 को थाना कांठ में सलीम, शर्मिला, जैनब, नईम आदि के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। विवाहिता का आरोप है कि 4 सितंबर को पीड़िता विलायत के मजार अमरोहा गई थी। वहां 11 :30 बजे उसका पति मुतालिब आया और आकर मुकदमे में पैरवी करने पर धमकी देने लगा। इसके बाद तीन तलाक दे दिया। पुलिस विवेचना कर रही है।

### कर्जा दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगे

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में कर्ज दिलाने का झांसा देकर पूर्व ग्राम प्रधान से 143757 रुपये ठग लिए। एसएसपी के निर्देश पर थाना कांठ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कांठ के ग्राम रुस्तमपुर निवासी पूर्व प्रधान जबर सिंह से मुगलपुरा के मोहल्ला बर्बलन निवासी अदनान खान अनस खान एवं शहीद, आमिर, अली आदि की पुरानी जान पहचान है। पूर्व प्रधान ने उनसे बैंक से लोन दिलाने को कहा। आरोपियों ने 20 लाख रुपये के लोन में में 25000 रुपये का खर्च लगेगा। विश्वास कर पूर्व प्रधान ने उनके गूगल पे में कई बार में 143757 रुपये डाल दिए। फोन उठाना बंद कर दिया तो जबर सिंह को ठगी का एहसास हुआ। एसएसपी के निर्देश पर थाना कांठ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

# टीबी के मरीजों को पौष्टिक किट देकर लिया गोद

## विधायक रामवीर सिंह ने किया स्वास्थ्य विभाग के स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान आरंभ

**संवाददाता, कुंदरकी**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान का गुरुवार को आरंभ किया गया। जिसमें विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सीएचसी कुंदरकी में फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

पहले दिन आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की। बड़ी संख्या में लोगों ने इस शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। कुंदरकी विधायक ने टीबी के मरीजों को पौष्टिक किट वितरित कर उन्हें गोद लिया, उन्होंने 5 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए। इसके अतिरिक्त महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

**● महिलाओं की गोद भराई कर बच्चों का कराया अन्नप्राशन संस्कार**

कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण की धुरी मानकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उज्ज्वला योजना, स्वच्छता अभियान, नल से जल और आवास योजना जैसी पहलों ने करोड़ों बहनों का जीवन बदल दिया है। अब 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।कार्यक्रम में जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, गुलाम जिलानी, संजय दिवाकर, अरविंद ठाकुर, चिकित्सा अध्यक्ष डॉ सौरभ, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ नवल किशोर, नसीम खान, नवनीत धारीवाल, डॉ पीतांबर सिंह सहित एनम आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, और बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भजपाइयों ने रक्तदान कर मनाया सेवा पखवाड़ा



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर स्थित सीएचसी में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, रघुराज सिंह यादव, चेयरमैन ऋषिपाल सिंह, उपजिलाधिकारी विनय सिंह और चिकित्सा अधीक्षक राजपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजीव सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। पदाधिकारियों सहित कई लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण पेश किया। मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचना और जनसेवा के कार्यों को बढ़ावा देना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है। शिविर में जिला अस्पताल से 6 चिकित्सकों की टीम पहुंची।, जिसका लाभ जनमानस को शिविर के माध्यम से मिला है। मनोज ठाकुर, मंडल महामंत्री अजय पाल सिंह, रचित माथुर, प्रशांत चौधरी, अभिलाष गौड़, ब्रजरतन प्रजापति, सभासद सुमित चौधरी, हरिओम चौधरी, अभिनव चौधरी, एम आर हसन, विजेंद्र चंद्रवंशी, ऋषभ गुप्ता, बाबूराम लोधी, डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ विजय शर्मा, पंकज चौहान, शरीफ अंसारी, परास शर्मा, देवदत्त दिवाकर, हरिओम सैनी, अरमान अली, मनोहर सिंह प्रधान, किशन लाल प्रजापति, मनोज प्रजापति, हेमंत शर्मा, आनंदी प्रजापति, दयाराम मौर्य, मनोज सक्सेना, सत्यवीर सिंह,आतिफ कमाल पाशा, आदित्य शंख्याधार आदि उपस्थित रहे।

## गोकशी कांड के मुख्य आरोपी ने कोतवाली में किया आत्मसमर्पण

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**



आरोपी को ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के चर्चित गोकशी कांड में फरार चल रहा मुख्य आरोपी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज़रीफ मलिक ने 48 दिन बाद कोतवाली में आत्मसमर्पण कर दिया। जिससे पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए।

25 जुलाई को ग्राम किशनपुर गांवड़ी में गोकशी की घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में उबाल आ गया था। नामजद आरोपी जरीफ मलिक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संगठनों, शिव मंदिर के महंत बच्चा बाबा और भाजपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। विभिन्न संगठनों ने पदयात्रा धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इस बीच पुलिस

**● 25 जुलाई को किशनपुर गांवड़ी में हुई थी गोकशी की घटना**

ने लगातार दबिशें दीं, लेकिन वह पकड़ से बाहर रहा। गुरुवार दोपहर आरोपी ने कोतवाली में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसे अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है। मामले में पहले से ही कई आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

### ताले और जंजीर से बंद रहने वाला कोतवाली का गेट...गुरुवार को खुला मिला

कोतवाली के जिस पिछले गेट से आरोपी घुसा वह सामान्यत: ताले और जंजीर से बंद रहता है, लेकिन अचानक उसी दिन खुला मिला। नाटकीय परिस्थितियों में हुए आत्मसर्मण से नगर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों और संगठनों का आरोप है कि यह पुलिस और आरोपी के बीच सेटिंग का नतीजा है।

## कुएं पर तोड़ा दीपक का स्थान, विवाद

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** पुलिस चौकी सुरजन नगर मोहल्ला सुनार में 180 वर्ष पुराने प्राचीन कुएं पर जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। वहां दीपक रखने के लिए बनाई गई संरचना को एक व्यक्ति ने तोड़ दिया जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह प्राचीन कुआं स्थानीय धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है। हाल ही में कुएं के जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत कुएं की दीवार पर दीपक रखने के लिए एक स्थान बनाया गया था। शुक्रवार को मोहल्ले के ही दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने उस स्थान को पैर मारकर तोड़ दिया, जिससे दोनों समुदायों के



मौके पर लोगों से बात करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**● सुरजन नगर का मामला, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया**

बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। लोगों का कहना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कृत्य है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## भाव से भरी भक्ति से पीड़ा हर लेते हैं भगवान

**छजलैट, अमृत विचार :** कथावाचक ने कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता की कथा के माध्यम से संदेश दिया कि ईश्वर भाव से की गई भक्ति से भक्त की समस्त पीड़ाएं दूर कर भवसागर से पार कर देते हैं।

यह विचार विख्यात कथा वाचक आचार्य सत्यदेवानंद ने ग्राम मानपुर संदलीपुर में श्री सनातन वर्ग विकास समिति के तत्वाधान में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर व्यक्त किये। कहा कि सुदामा पत्नी के कहने पर वह द्वारिका जाते हैं। सुदामा की दीन दशा का विवरण सुन कृष्ण नंगे पैरों दौड़े चले आते हैं और दो मुट्ठी चावल के बदले उन्हें स्वर्ग व बैकुंठ लोक दे देते हैं। अंत में समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी एवं आयोजकों ने आभार व्यक्त किया

## भाकियू ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री व विद्युत विभाग के एमडी विद्युत पश्चिमांचल वितरण खंड मेरठ को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कांठ संत दास पवार को दिया। किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

ओटीएस रजिस्ट्रेशन का बंद पोर्टल खुलवाने की मांग की। कहा कि तहसील अमीन किसानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इन पर रोक लगाई जाए। वर्तमान में गन्ना सीजन का मूल्य 450 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए, बाढ़ एवं आपदा से हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए । ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन पानी की टंकी का कार्य जहां अधूरा है, वह पूरा कराया जाए। अगवानपुर चौराहा पर सड़क निर्माण, जर्जर तार बदलवाने, जिला सहकारी बैंक में 3% ब्याज पर ही कार्ड रिन्यूअल समेत तेंदुए को पकड़ने को पिंजरा लगाने की मांग उठाई। ज्ञापन में प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.ऋषिपाल सिंह, डॉ चरण सिंह, चौ सतवीर सिंह मान, अजय कुमार, नौबहार सिंह, नरेश प्रताप सिंह, अजय कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।



एसडीएम कांठ संत दास पवार को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बिजली, बकाया गन्ना समेत कई मांगों को लेकर 24 को जुटेंगे किसान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 24 सितंबर को मुरादाबाद के आंबेडकर पार्क में विशाल किसान महापंचायत होगी। जिसे लेकर गुरुवार को डिलारी ब्लॉक के गांव गुलड़िया में किसानों की बैठक हुई। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी शुभम राठी ने कहा कि महापंचायत में बिजली आपूर्ति में अनियमितताओं, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान आगामी सत्र में गन्ना मूल्यवृद्धि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में किसानों से शामिल होने की अपील की। इस दौरान सतनाम सिंह, वीर सिंह, राम सिंह, अयूब चौधरी,मलखानसिंह, नरेशसिंह, सलमान अहमद आदि मौजूद रहे ।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

**मो. 7906815587**

**सूचना**

मैं अरनिका रस्तोगी ARNIKA RASTOGI ने अपना नाम बदलकर ARNIKA SHANKHDHAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाऐ ARNIKA SHANKHDHAR W/o SAURABH SHANKHDHAR मकान संख्या 390 A मिलन विहार कालोनी दिल्ली रोड थाना मझोला जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम Mohammad Rehan था बदलकर Mohammed Rehan Karim S/o Mohammed Ahsan Karim R/o, Tobacco Street Moradabad है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Mohammad Dilshad से बदलकर Dilshad Husain S/O Dilawar Husain इस्लामनगर पाकबड़ा मुरादाबाद रख लिया, भविष्य में मुझे नए नाम से पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Baboo Husain से बदलकर Babu Husain S/o Abdul Majid, गांधी आश्रम पाकबड़ा मुरादाबाद रख लिया। भविष्य में मुझे नए नाम से पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम Mohammad Alam था, अब Moh Alam Usmani S/o Mahandi Hasan R/o Harthala Sonakpur, Moradabad है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**सम्बन्ध विच्छेद**

हमारा एक पुत्र अर्जुन शर्मा गलत संगत में पड़ गया है। जो आए दिन नशे में हमारे व हमारे परिवार के सदस्यों के साथ गाली- गलौंज व मारपीट करता रहता है। हम अपने पुत्र के गलत आचरणों से तंग आकर उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करते हैं। हमारे पुत्र द्वारा किए गए लेन-देन व बुरे कृत्यों का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। राजकुमार शर्मा पुत्र श्री चतरू शर्मा, मीनू शर्मा पत्नी राजकुमार शर्मा निवासीगण-ग्राम रुस्तमपुर, तहसील व थाना-कांठ, जिला- मुरादाबाद, उ.प्र.

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0839227 इंटरमीडीएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0601117 के समस्त मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। राजीव कुमार पुत्र भूपाल सिंह गांव फैजुल्लागंज, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन**

विवाह पूर्व मेरा नाम आरेफीन इकबाल था विवाह उपरांत मैंने अपना नाम आरेफीन आमिर रख लिया है। भविष्य में मुझे आरेफीन आमिर (AREFEEN AMIR) पत्नी मौ.आमिर खान (MOHD AMIR KHAN) के नाम से जाना पहचाना जाए निवासी मुगलपुरा द्वितीय निकट लाल स्कूल मुरादाबाद

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम MEHNDI HASAN था बदलकर MEHNDI HASAN USMANI S/O, ABDUL MASEET R/O HARTHALA SONAKPUR MORADABAD है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


## मुर्गी फार्म के पास दिखा तेंदुआ, कुत्ते को बनाया निवाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बोबदवाला में इन दिनों तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। बीते कुछ दिनों से गांव के मछली पालन केंद्र और मुर्गी फार्म के आसपास तेंदुए को कई बार देखे जाने की सूचनाएं सामने आई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते का शिकार कर लिया।

वन विभाग दरोगा पीयूष जोशी, मदनपाल सिंह टीम के साथ पहुंचे और जंगल व खेतों में कांबिंग अभियान चलाया। टीम को तेंदुए के पदचिह्न मिले। टीम ने अकेले कही न जाने की अपील की। साथ ही पिंजरा लगवाने की बात कही।

## स्कूल से घर नहीं पहुंचा छात्र प्रधानाचार्य पर लगाए आरोप

**संवाददाता मूंढापांडे**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र एक स्कूल के प्रधानाचार्य की डांट से क्षुब्ध छात्र घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो उठे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

मूंढापांडे के गांव रौंडा निवासी गुड्डु ने पुलिस को तहरीर दी कि उसका बेटा प्रशांत कुमार एसबी इंटर कॉलेज में दसवीं का छात्र है। गुरुवार को प्रशांत साढ़े सात बजे कॉलेज गया था लेकिन छुट्टी होने के बाद घर नहीं पहुंचा। कॉलेज के प्रधानाचार्य पर बेटे के साथ मारपीट और बेइज्जत करके स्कूल से भगाने का आरोप लगाया है। कहा कि वह बेटे के तलाश करते प्रधानाचार्य के पास पहुंचे तो उन्होंने डांट-फटकार कर भगा दिया। पुलिस ने स्कूल के सीसीटीवी कैमरे देर रात



छात्र प्रशांत कुमार।

तक खंगाले लेकिन नतीजा सिफर रहा। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्र के स्कूल न आने पर उसकी बहन के सामने कंधे पर धीरे से हाथ मारा और पूछताछ कक्ष में बैठा दिया था। मारपीट और बेइज्जत कर भागने की बात निराधार है। प्रभारी निरीक्षक ,मूंढापांडे मोहित चौधरी ने बताया कि प्रधानाचार्य के डांटने पर छात्र के स्कूल से निकल जाने की शिकायत की गई है। पुलिस जांच में जुटी है। उन्होंने शिकायती पत्र मिलने से इनकार किया।

## संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया करियर हब का उद्घाटन



कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं, स्टाफ व अतिथि। ● अमृत विचार

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** जीआईसी सलेमपुर में संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को करियर हब का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल ने उनका स्वागत माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। इस अवसर पर इको क्लब से जुड़े दो दर्जन से अधिक छात्रों को प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंख पोर्टल करियर से जुड़ा महत्वपूर्ण पोर्टल है, जो माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को उनके भविष्य के करियर के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिसमें स्कॉलरशिप, प्रवेश परीक्षा, पाठ्यक्रम और रोज़गार के अवसरों की जानकारी

**● जीआईसी सलेमपुर में छात्र छात्राओं को किया सम्मानित**

शामिल है। विद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत कूड़ा प्रबंधन की कार्यशाला लगी। साथ ही प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत श्रमदान कर पेड़ -पौधे लगाए गए । प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल ने कहा कि कूड़ा प्रबंधन कचरे को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के प्रभारी विशाल कुमार ने किया। वहीं पंख कार्यक्रम के नोडल विवेक कुमार ने करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जानकारी छात्रों से साझा की। कार्यक्रम में डॉ. अनुज अग्रवाल, विशाल कुमार, विवेक कुमार राजपूत, लोकेश कुमार ,दीपेंद्र कुमार, सतपाल सिंह , नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## दहलीज पे हुजूर की रहते हैं सुबह-शाम...

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित नूर सिकंदरी मंजिल गुलाम नबी अत्तारी के आवास पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर तरही नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने कलाम पेश कर वाहवाही बटोरी।

महफिल का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हाफिज अब्दुल वाहिद ने किया। उस्ताद शायर शकील साबरी संभली ने सुनाया दहलीज पे हुजूर की रहते हैं सुबह-शाम शम्शो कमर सितारे कटोरा लिए हुए। मेराजुल हसन बरकाती ने कहा एक रोज हम भी दोस्तों मरकद में जायेंगे दिदारे मुस्तफा की तमन्ना लिए हुए, गुलफाम कुंदरकीवी ने हुब्बे नबी बगैर तो बेकार है नमाज़ भटके फिरोगे हश्र में सज्दा लिए हुए, डॉ. नाजिम कुंदरकीवी ने हो जाए काश नाम वफ़ादारों में शुमार मकड़ी खड़ी थी गाऱ पे जाला लिए हुए, इक़रार इमरतपुरी ने कहा उम्मीद है कि हम भी मदीने को जायेंगे सल्लेअला का लब पा वजीफा.लिए हुए सुनाया।

इसके अलावा कमर कुंदरकीवी, इन्तजार रजवी कुंदरकीवी, गुलाम नबी अत्तारी, आलिम रज़ा अब्दुल वाहिद अहमद रज़ा आदि ने भी कलाम पेश किए। सदारत शकील साबरी और संचालन कमर अली रजवी ने किया।

**न्यूज डायरी**

### सहकारी गन्ना समिति में गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेला शुरू



**कांठ, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति कांठ में गुरुवार को 10 दिवसीय गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का आरंभ पूर्व विधायक मुख्य अतिथि राजेश कुमार चुन्नू एवं सहकारी गन्ना समिति के सभापति सुरेंद्र सिंह बिश्नोई ने संयुक्त रूप से किया। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि यदि किसी किसान के कच्चे कैलेंडर के आंकड़ों में कोई कमी या गलती है तो वह गन्ना समिति में लिखित शिकायत कर सकता है। गुरुवार को कुल 97 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक अगवानपुर शुगर मिल राजपाल सिंह, स्योहारा शुगर मिल के केन मैनेजर राजीव चौधरी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर सिराज मलिक, क्षेत्र के किसान और गन्ना विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### संतुलित मात्रा में करें खाद का प्रयोग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सहकारिता विभाग व इफको द्वारा गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करने का आह्वान किया। भायपुर सहकारी समिति के परिसर में आयोजित गोष्ठी में एडीओ सहकारी अधिकारी राम आशीष प्रजापति, इफको से यशवीर सिंह, सुरेश मौर्य, आशीष गंगवार आदि मौजूद रहे।

### रामलीला में तड़का वध का मंचन

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित श्री रामलीला मंदिर पर चल रही रामलीला में गुरुवार को ताड़का वध का मंचन किया गया। रामलीला के दूसरे दिन श्री बृज आदर्श कला रामलीला मंडल मिलक के कलाकारों ने लीला में दिखाया कि ताड़का अयोध्या के समीप स्थित सुंदर वन में पति और दो पुत्रों सुबाहु और मारीच के साथ रहती थी। उसके शरीर में हजार हाथियों का बल था। उसी वन में विश्वामित्र सहित अनेक ऋषि मुनि भी रहते थे। उनके जप, तप और यज्ञ में यह राक्षस हमेशा बाधाएँ खड़ी करते थे। विश्वामित्र राजा दशरथ से अनुरोध कर राम और लक्ष्मण को सुंदर वन ले आएं। श्री राम ने विश्वामित्र के यज्ञ की पूर्णाहुति के दिन ताड़का और सुबाहु का भी वध कर दिया। मारीच उनके बाण से आहत होकर दूर समुद्र तट पर जा गिरा। इस दौरान धर्मपाल सिंह चौहान,हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, सचिन कुमार, बीनू चौहान, शिशु चौहान, धर्मवीर सिंह बिश्नोई, आकाश प्रभाकर, पवन चौहान, संजीव चौहान, ब्रह्मपाल सिंह चौहान, विजय कुमार सीटू, राधेश्याम भुइयार, गौरव आदि मौजूद रहे।



### चादरपोशी कर मांगी दुआ

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर की प्राचीन दरगाह हजरत अशरफ अली शाह का उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारो अकीदतमंदों ने चादर पोशी कर मन्नतें मांगी। कुल शरीफ में लोगों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। हाफिज नवाबमिया, अलाउद्दीन मियां, शाहिद नेता, गुलाम साबिर चांद, मो. रफी, बब्लू हाजी, सुलेमान, हनीफ मियां, वसीम मिर्जा, मो. अहमद आदि लोग उपस्थित रहे

### प्रधानाचार्य के प्रति की अभद्रता

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत एक यूट्यूबर ने परिसर में पहुंचकर प्रधानाचार्य एवं छात्राओं से अभद्रता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के परिसर में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत ईको क्लब द्वारा कूड़ा प्रबंधन व स्वच्छता कार्यक्रम किया जा रहा था। इसी बीच में सलेमपुर निवासी एक यूट्यूबर बिना किसी अनुमति के परिसर में आकर वीडियो बनाने लगा। प्रधानाचार्य ने उसे बताया कि यह कार्यक्रम स्वेच्छा से किया जा रहा है। इस पर यूट्यूबर भड़क गया। कहने लगा कि यह कार्य कॉलेज के कर्मियों द्वारा करना चाहिए था। प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल का कहना था कि कॉलेज के शासकीय कार्य में यूट्यूबर द्वारा बाधा डालते हुए उनके व छात्र-छात्राओं के साथ अभद्रता की है। नोकझोंक की वीडियो वायरल हुई है। प्रधानाचार्य ने डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

**न्यूज ब्रीफ**

### पुलिस प्रशिक्षण में इनडोर, आउटडोर के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं की गणना पर उपस्थित रहकर मुख्यालय के आदेश निर्देशों से अवगत कराया। उनको प्रतिदिन कराए जाने वाले प्रशिक्षण इनडोर, आउटडोर संबंधित विषयों के संबंध में मार्गदर्शन कर संबंधित को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### रामलीला मैदान का किया निरीक्षण

**टांडा, अमृत विचार :** गुरुवार को पालिका की अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान ईओ ने रामलीला मंच पर बने कमरों और मैदान की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कर्मचारियों को सभी खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद टांडा की प्राथमिकता है। रामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें। कर्मचारियों को स्वच्छता, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ अवर अभियंता अभिनेष तिवारी और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी भी रहे।

### दशहरे से पहले 22 सड़कें होंगी गड्ढामुक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में 22 सड़कें चयनित की गई हैं, इन सड़कों पर दुर्गा पूजा, ताजिए, दशहरे को लेकर सक्रियता रहती है। इन सभी सड़कों को 28 सितंबर से पहले पीडब्ल्यूडी को गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य दिया गया है। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता कृष्णवीर सिंह ने बताया कि जिले की 22 सड़कों पर धार्मिक सक्रियता अधिक रहती है। जिसमें दुर्गा पूजा, ताजिए, दशहरे को लेकर सक्रियता रहती है। इन सभी सड़कों को गढ्मुक्त करने के शासन से निर्देश मिले हैं। इसमें 14 निर्माण खंड, 8 लोक निर्माण विभाग की हैं। इनमें बाजपुर-रामपुर-शाहबाद मार्ग, गदरपुर - मिलखानम मार्ग, खौद-टांडा मार्ग, मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल, दढ़ियाल से मानपुर मार्ग, बिजारखाता से मानपुर पट्टी मार्ग, नरपतनगर से नानकार मार्ग, मजरा हसन वाया नया गांव नजीबाबाद सहित अन्य मार्ग शामिल है।

**उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक में संगठन ने सरकार का जताया आभार**

# जीएसटी में बदलाव से मिली बड़ी राहत : अनिल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक चंपा कुंवरि में बुधवार को हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने विश्वकर्मा दिवस की सभी व्यापारियों को बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी में बदलाव से बड़ी राहत मिली है। इससे आम लोगों के साथ व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से सरकार द्वारा जीएसटी में बदलाव किए जाएंगे। चार स्लैब की जगह मात्र दो स्लैब 18 और 5 प्रतिशत रह जाएंगे। सरकार ने लोगों के लिए रोजमर्रा की कुछ वस्तुओं को जीएसटी से मुक्त रखकर बहुत बड़ी राहत दी है। जीवन रक्षक 36 प्रकार की दवाएं छूट के दायरे में रखा गया है। बताया कि कृषि यंत्र, बीज, कीटनाशक व खाद पर भी जीएसटी कम करके 5 प्रतिशत कर दी गई है, जनरल बीमा और स्वास्थ्य बीमा भी जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। सरकार द्वारा जीएसटी में यह संशोधन करने से आमजन, व्यापारी, उद्यमी व किसान सभी को किसी न किसी रूप में राहत मिलेगी। व्यापार मंडल इस जीएसटी रिफॉर्म का स्वागत करता है। नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स वाटर वॉटर टैक्स बढ़ाने के विषय में व्यापार मंडल की अधिकारियों से पूर्व में बात हुई है। आमजन और व्यापारियों के हित में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सभी व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन की सभी को बधाई दी।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विपुल गुप्ता, छोटेलाल रस्तोगी, कमल रस्तोगी, नवीन भाटिया, मनोज रस्तोगी, हरजीत सिंह, प्रवीण मित्तल, राजीव आर्य, विवेक गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, हरीश अरोड़ा, सरदार मल्कीत सिंह, प्रशांत अग्रवाल, प्रदीप रस्तोगी,तस्लीम अहमद, मुनिश गुप्ता अशोक अरोड़ा अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# जन्मदिन को थैंक यू मोदी के रूप में मनाया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



केक काटकर जन्मदिन मनाते उद्यमी। ● अमृत विचार

**● आईआईए ने केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन**

**अमृत विचार :** होटल रेडियंस पार्क में बुधवार को आईआईए की बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिन थैंक यू मोदी के रूप में मनाया गया। केक काटकर सभी ने खुशी का इजहार किया।

बैठक में भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी सदस्यों द्वारा पुष्प अर्पित कर पूजन किया। नगर के प्रमुख निर्यातक संरक्षक एके गुप्ता ने प्रधानमंत्री के उद्योगों के प्रति समर्पण से संबंधित विचार रखे। आयकर सीमा में वृद्धि, जीएसटी में सरलीकरण एवं दर कम करना, प्राकृतिक मैंथोल को अलग एचएसएन कोड आदि सुविधाओं के विषय में बताया। चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने विस्तार से सरकार की उद्योग संबंधित नीतियों के बारे में बताया। कहा कि सरकार का देश के उद्योगों पर पूरा फोकस है। नई उद्योग नीति में विभिन्न प्रकार की सब्सिडी, शीघ्र एनओसी, निर्भीक होकर उद्योग चलाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। बैठक में अनिलेश अग्रवाल ने पुराने उद्योगों को भी वरियता पर रखने का प्रस्ताव रखा। बैठक में ट्रेजरार अजय अग्रवाल ने 2024-25 की बैलेंस शीट प्रस्तुत की। बैठक में अमित अग्रवाल, इरशाद खान, अमित चौधरी, संचित बंसल को पिन लगाकर सदस्यता प्रदान की। उद्यमियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। बैठक में रमेश अग्रवाल, विपिन कुमार, अरविंद नंदा, मनोज गुप्ता, आदर्श अग्रवाल, एस के अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र जैन, विमल मिश्रा भारत गुप्ता, सुनील भगत, आशीष सिंघल, दिलीप रस्तोगी, जावेद रहीम, अमित गुप्ता, बीबी शर्मा, विनीत रस्तोगी अनुज गुप्ता, अंकुर रस्तोगी ने भाग लिया। सभा का संचालन सचिव मनोज गर्ग ने किया।

# गुरुद्वारा मामले में हुई जमीन की पैमाइश

**पैमाइश के दौरान कई थानों की पुलिस रही तैनात, गुरुद्वारे के मार्ग पर प्रशासन ने करा रखी है बैरिकेडिंग**

**संवाददाता, बिलासपुर**


मौके पर मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार



प्रेसवार्ता करते नवाबगंज गुट के सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चर्चित पसियापुरा गुरुद्वारे के स्वामित्व को लेकर चले आ रहे दो पक्षों के विवाद में राजस्व व चकबंदी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने भारी सुरक्षा के बीच फीता डालकर भूमि की पैमाइश की। इस दौरान दोनों पक्ष कार्रवाई के दौरान मौजूद थे।

तहसील क्षेत्र के पसियापुरा गांव में गुरुवार दोपहर जिलाधिकारी के आदेश पर एडीएम डॉ. नितिन मदान के नेतृत्व में राजस्व व चकबंदी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम पहुंची। इस दौरान टीम ने नवाबगंज के चौक पर लगी शहीद बलजीत सिंह के प्रतिमा के पास पैमाइश करनी शुरू की। इसके पश्चात गुरुद्वारे को जाने वाले मुख्य मार्ग से गांव के अंदर जाने वाले मार्ग तक टीम ने गाटा 56 व 57 का मिलान कर अभिलेखों में दर्ज किया। हजारा सिंह पक्ष और नवाबगंज पक्ष दोनों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की जा रही थी। उधर सुरक्षा के दृष्टि से जनपद के अलग-अलग थानों से बुलाई गई पुलिस फोर्स व पीएसी तथा दमकल कर्मी हिंसा संघर्ष के बाद से ही डेरा डाले हुए हैं। वहीं, प्रशासन ने गुरुद्वारे को जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग लगाकर आने-जाने वाले लोगों के लिए प्रतिबंध लगाया है। मामले को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर स्थानीय अधिकारी तक चुप्पी साधे हुए हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम टांडा राजकुमार भास्कर, तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार, सीओ टांडा केएन आनंद, सीओ स्वार अतुल कुमार पांडेय, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा विवाद में नवाबगंज के गुट ने लगाए कई आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** पसियापुरा के गुरुद्वारा विवाद को लेकर नवाबगंज गुट के लखविंदर सिंह व दलबारा सिंह ने समाज के लोगों के साथ प्रेसवार्ता की। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए हजारा पक्ष का साथ देने का आरोप लगाया है। लखविंद्र सिंह ने बताया कि विवाद कई साल पुराना हो गया है। तत्कालीन जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों के ज्वाइंट खाता खुलवाया और 11 महीने चला। सारे खर्चे निकालकर 2 .5 करोड़ रुपये बचे। दूसरे पक्ष का साथ देने के लिए अदालत का एक भी आदेश नहीं है, उसके बावजूद वीआईपी ट्रीटमेंट कर हजारा पक्ष को कब्जा दिलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा झगड़ा किसी बात का नहीं, बल्कि सारा दान पात्र पैसे का झगड़ा है। लखविंदर सिंह ने कहा हम निवेदन और चेतावनी देते हैं कि सिखों के मामले में हस्तक्षेप ठीक नहीं है, वरना हम सड़कों पर आंदोलन का मजबूर होंगे। उन्होंने जिले के अतिक्रमण हटाने और खनन के मामले में सवाल उठाए। बोले कि हम भी भाजपा में हैं और राज्यमंत्री औलख ने अपनी बेटी को कांग्रेस से चुनाव लड़ाया। उन्होंने पैमाइश दोबारा कराने की मांग करते हुए कहा कि मुरादाबाद को छोड़कर दूसरे मंडल के अधिकारी गुरुद्वारे की जमीन की पैमाइश करें।

# 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शहर विधायक ने किया उद्घाटन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**● 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत किया जा रहा आयोजन**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17 से 2 अक्टूबर तक संचालित सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं न्यू इंडिया 2047 और विभिन्न योजनाओं पर आधारित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक आकाश सक्सेना ने किया।

इसके बाद शहर विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया है। शहर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन संघर्ष, राष्ट्र सेवा और अनुशासन सभी के लिए अनुकरणीय है। आमजन से अपील करते हुए कहा सभी लोग कलेक्ट्रेट परिसर में 2 अक्टूबर तक स्थापित इस चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करें। जिपं अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, हरीश गंगवार, राजा वर्मा, सुनीता सैनी, जगपाल यादव, अभय गुप्ता, सोनू लोधी, मोहन लोधी, अशोक विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे।



प्रदर्शनी के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं भाजपाई। ● अमृत विचार

# स्पेल बी एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता में सहर प्रथम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**● विद्यालय स्तर एवं विकास खंड स्तर पर हुई प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को जनपद स्तरीय स्पेल बी एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता पहले विद्यालय स्तर एवं विकास खंड स्तर पर आयोजित की थी। विद्यालय स्तर से एक छात्र-छात्रा एवं विकासखंड स्तर पर चार छात्र-छात्राओं का चयन किया था। प्राथमिक प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय भैंसिया से सहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर में कक्षा 3 से 5 एवं उच्च प्राथमिक स्तर कक्षा 6 से 8 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय सिमरिया, मिलक से मोहम्मद अर्श द्वितीय स्थान एवं कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार मिलक से फायजा नूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर, नगर क्षेत्र से आरती ने प्रथम स्थान, पीएमश्री मुंडिया खेड़ा, चमरौआ से रोहित द्वितीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुर, बिलासपुर से सनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया। अन्य छात्र-छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया। डायट प्राचार्य अशोक कुमार ने प्रतिभागियों को बधाई दी। इस दौरान नोडल प्रवक्ता प्रेमचंद कुमार व राजेश कुमार, श्याम रस्तोगी, रोहित दुबे, राजीव सिंह, अमीर जहां आदि रहे।

# धान में फाल्स स्मट फफूंद का प्रकोप

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि इन दिनों धान की फसल में फाल्स स्मट नामक फफूंद जनित रोग का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जिसे आभासी कंड या झूठ कंड भी कहते हैं।

इस रोग में दानों की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इससे बचने के लिए खेत की तैयारी के समय गहरी जुताई करें। खेत में आवश्यकता से अधिक नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग न करें, खासकर फसल के बाली निकलने के समय संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें रोग दिखाई देने पर नियंत्रण के उपायों में खेत में रोग के लक्षण दिखाई देते ही प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड जैसे फफूंदनाशक का 2.5मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

# रामलीला में राजा दशरथ के विवाह का मंचन किया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में हो रही रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन श्री रासलीला एवं श्री कृष्ण की निकुंज लीलाओं का मंचन किया गया। कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय से भगवान कृष्ण की लीलाओं का चित्रण किया। रामलीला में कौशल्या का हरण, राजा दशरथ के विवाह जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया।

बुधवार रात वृंदावन के कलाकारों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि के रूप में दिलीप सक्सेना, संदीप अग्रवाल सोनी और शुभम सिंघल उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा उनका स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल पहनाकर किया गया। इसके बाद मंच पर विशेष लकी ड्रा कार्यक्रम किया। जिसमें तीनों अतिथियों ने विजेताओं के नाम घोषित किए। साथ ही उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, हरीश चंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा मौजूद रहे।

# शिविर में खिलाड़ी सीखेंगे योगासन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मंडलीय प्रतियोगिता में चयनित योगासन खिलाड़ियों के लिए 7 दिवसीय योगासन खेल प्रशिक्षण शिविर 18 सितम्बर से 24 सितंबर तक होगा। जिसमें बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के योगासन खिलाड़ी 25 सितंबर को राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में मंडलीय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करेंगे।

गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता एवं समस्त जिला, मंडल और राज्य प्रतियोगिता को योगासन भारत द्वारा बनाये नियमों के अनुसार कराने के निर्देश दिए हैं। जिसमे अंडर 14, 17 और अंडर 19 आयु वर्ग में सभी बालक-बालिका प्रतियोगिता होगी। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, कलात्मक एकल योगासन, कलात्मक युगल योगासन, तालात्मक युगल योगासन में प्रतिभाग करेंगे। गुरुवार को प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने किया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक अंतरा यादव और निर्णायक सतीश चंद्र ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, रामकृष्ण, जीनत रहे।

### लक्ष्मण, रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि लक्ष्मण, रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के लिए खिलाड़ी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। खिलाड़ी कम से कम लगातार 3 बार प्रदेशीय सीनियर टीम का सदस्य रहा हो और राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रीय सीनियर चैम्पियनशिप में भाग लिया हो। पुरुष खिलाड़ी को लक्ष्मण पुरस्कार एवं महिला खिलाड़ी को रानी लक्ष्मीबाई परस्कार में सम्मिलित 31 खेलों में सम्मानित किया जाएगा। लक्ष्मण, रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के वेटरन वर्ग के आवेदनकर्ताओं कि लिए निर्धारित आयु सीमा 40 वर्ष है। खिलाड़ियों के प्रस्ताव पूर्ण वांछित सूचनाओं सहित विलंब 10 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन समस्त अधिमानो औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए खेल निदेशालय में उपलब्ध कराएंगे।

**प्रतियोगिता** | **महात्मा गांधी स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता**

# हसरत कॉलेज ने धमोरा को 15-10 से हराया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


महात्मा गांधी स्टेडियम में कबड्डी खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय बालक कबड्डी प्रतियोगिता हुई। अंडर-17 बालक के फाइनल मुकाबले में हसरत इंटर कॉलेज और राजकीय कॉलेज धमोरा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें हसरत इंटर कॉलेज ने राजकीय इंटर कॉलेज की टीम ने धमोरा की टीम को 15-10 से हरा दिया।

अंडर 19 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में हीरा इंटर कॉलेज मिलक की टीम ने हसरत इंटर कॉलेज खौद को 13 के मुकाबले 15 से हरा दिया। बालक वर्ग में अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 प्रतियोगिता में हसरत इंटर कॉलेज, रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज, हीरा इंटर कॉलेज मिलक, राजकीय उच्चतर इंटर कॉलेज गजरौला, राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर, हरि इंटर कॉलेज, ग्रीन गार्डन इंटर कॉलेज, आरएसएम इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय नानकार, राजकीय उच्च न्यू माध्यमिक विद्यालय रजानगर, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज , राजकीय रजा इंटर कॉलेज समेत 17 कॉलेज के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रारंभ होने से पहले जिला क्रीड़ा प्रभारी अरविंद कुमार भास्कर, हसरत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार, प्रबंधक शाजेब आलम, मोहम्मद सुहेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अंडर 14 बालक का फाइनल मुकाबला उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार और हसरत इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें हसरत इंटर कॉलेज 12-10 से हार गया। चयनकर्ताओं में तुषार शर्मा, मनोज कुमार, प्रभु दयाल, हरीश कुमार शामिल रहे। इस मौके पर सैयद मोहम्मद सलीम मियां, सलीम यूसुफ जैदी, प्रातेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार, अनीसा लतीफ, ममता, प्रीति गंगवार, ललिता पवार, रहमाना, पंकज और रजनी आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संयोजक हसरत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार रहे।

# स्पोटर्स स्टेडियम में 27 सितंबर को होंगे ट्रॉयल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल जन्म शताब्दी पर प्रदेश स्तरीय सीनियर वर्गों में खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय बरेली एवं आगरा में किया जा रहा है।

उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए मंडलीय टीम के चयन के जिला, मंडल स्तरीय चयन ट्रायल होंगे। एथलेटिक्स सीनियर पुरूष, महिला खेल में जिला स्तरीय चयन, ट्रायल्स 27 सितंबर को अपराह्न 3 बजे शहीद-ए-आजम स्पोटर्स स्टेडियम बमनपुरी में होगा। मंडल स्तरीय चयन, ट्रायल 28 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 29 एवं 30 सितंबर बरेली में किया जाएगा। एथलेटिक्स पुरुष वर्ग इवेन्टस 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, चार गुना 100 मीटर रिले, चार गुना 400 मीटर रिले शामिल है। एथलेटिक्स महिला वर्ग इवेन्ट्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर हर्डल्स, लम्बी कूद, त्रिकूद, ऊंची कूद, पोलवाल्ट, गोला फेंक चक्का फेंक, जैवलिन थ्रो, 4×100 मीटर रिले एवं 4×400 मीटर रिले शामिल है। टेबल टेनिस सीनियर पुरुष-महिला वर्ग का ट्रायल 4 अक्टूबर अपराह्न 3 बजे शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में, मंडल स्तर पर चयन, ट्रायल 6 अक्टूबर को नेता सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद एवं प्रदेश स्तरीय चयन, ट्रायल 8 से 10 अक्टूबर तक आगरा में किया जाएगा।

**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**
UMMEED HOUSING FINANCE — We bring your dreams to life
**पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122002")**
**CIN: U65922HR2016PTC057984**

**सरफेसी अधिनियम की धारा(13)2 के तहत मांग सूचना**

चूंकि ऋण खाता एनपीए बन गया है, इसलिए प्राधिकृत अधिकारी ने तालिका में दिए गए **उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बन्धककर्ता को वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13[2]** के तहत मांग नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार यदि उधारकर्ता 60 दिनों के भीतर पूरी राशि जमा नहीं करते हैं, तो राशि नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी से वसूल की जाएगी। इसलिए, उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और खर्चों के साथ पूरी ऋण राशि जमा कर दें, अन्यथा उक्त **अधिनियम के प्रावधान 13 [4] और 14 के तहत प्राधिकृत अधिकारी नीचे दिए गए अनुसार बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए कब्जा ले लेंगे।**
उधारकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि **अधिनियम, 2002 के 13 [13]** के संदर्भ में इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी माध्यम से किसी भी सुरक्षित संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित और रोका जाता है।
उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 अधिनियम की **धारा-13[8] आर/डब्ल्यू नियम 3[5]** की ओर आकर्षित किया गया है कि उधारकर्ता नीलामी नोटिस के प्रकाशन से पहले नीचे उल्लिखित पूर्ण बकाया राशि के भुगतान पर अपनी सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करने का हकदार होगा, जो उसके बाद समाप्त हो जाएगी।

| क्र सं | उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बंधककर्ता का नाम | धारा 13 [2] के तहत मांग नोटिस की तारीख और राशि |
|---|---|---|
| 1. | 1. आकाश कुमार, पिता कुंवर सैंन (ऋण लेने वाला)<br>2. माया, पत्नी कुंवर सैंन (सह-ऋण लेने वाला/गारंटर)<br>3. कुंवर सैंन, पिता फगन लाल (सह-ऋण लेने वाला/गारंटर) उपरोक्त **सभी का पता:** मोहल्ला भीमपुरी, तहसील टांडा चक नंबर 19, बदली, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244925<br>**ऋण संख्या: LXKAS04122-230020624**<br>**ऋण समझौता तिथि: 23-नवंबर-2022**<br>**ऋण राशि: 5,25,000/- रुपये** | 08-सितंबर-2025<br>08-सितंबर-25 तक की तारीख में कुल राशि 4,75,917/- रुपये (चार लाख पचहत्तर हजार नौ सौ सत्रह रुपये) होगी और 09-सितंबर-2025 से आगे का ब्याज एवं अन्य शुल्क सहित |
| | **बंधक संपत्ति का विवरण:** संपत्ति का वह समस्त अंश एवं खंड जिसका हाउस नंबर 1000/440/1/4/1, चक नंबर 21, जिसका क्षेत्रफल 172 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति मोहल्ला नवाबपुर में स्थित, परगना और तहसील टांडा, जिला-रामपुर, उत्तर प्रदेश, **सीमाएँ: पूर्व**- 12 फीट चौड़ी सड़क और नहर, **पश्चिम**- राम किशन का घर, **उत्तर**- 6 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण**- मुकंद राम का घर | |
| 2. | 1. बलवंत सिंह, पिता डूंगर सिंह (ऋण लेने वाला)<br>2. सुरदेस, पत्नी बलवंत सिंह (सह-ऋण लेने वाला)<br>**दोनों का पता:** बरवारा मजरा, भैंसिया, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001<br>**ऋण संख्या - LXMOR04123-240031382 और LXMOR04123-240031549**<br>**ऋण समझौता तिथि: 14-दिसंबर-2023 और 19-दिसंबर-2023**<br>**ऋण राशि: 8,10,000/- रुपये + 2,00,000/- रुपये** | 15-सितंबर-2025<br>8,24,302 रुपये + 1,99,685 रुपये = कुल राशि 10,23,987 रुपये (दस लाख तेईस हजार नौ सौ सत्तासी रुपये) 15-सितंबर-25 तक और 16-सितंबर-2025 से आगे का ब्याज एवं अन्य शुल्क सहित |
| | **बंधक संपत्ति का विवरण:** संपत्ति का वह समस्त अंश एवं खंड जिसका बिजली कनेक्शन नंबर 771725406382 वाला घर, जिसका क्षेत्रफल 124.64 वर्ग मीटर है, मोहल्ला बारावरा मजरा में स्थित, तहसील व जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, **सीमाएँ: पूर्व**- राजवाला का घर, **पश्चिम**- 8 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर**- 20 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण**- डॉ. बंगाली का घर। | |

**दिनांक: 19.09.2025,**
**स्थान: गुरुग्राम**
**प्राधिकृत अधिकारी** श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701
**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**

**न्यूज ब्रीफ**

## अधिवक्ता का 5 साल के लिए रजिस्ट्रेशन खारिज

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव कमोरा निवासी शाहिद ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें आरोप लगाया कि अधिवक्ता सद्दाम हुसैन अधिवक्ता होने की धौंस, ठगी व रंगदारी वसूल करता है। सद्दाम हुसैन ने आपराधिक मामले छिपाकर बार काउंसिल के साथ धोखाधड़ी की है। उसने मेरे पिता से धोखाधड़ी से 65,00,000 की ठगी कर ली है। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायत की जांच करते हुए मामला सही मिला। इस पर बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता सद्दाम हुसैन का 5 वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन खारिज कर दिया है।

## शत्रु संपत्ति में एक अक्टूबर को सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई। जिसमें बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तीनों केसों को एक करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि अभियोजन पक्ष ने आपत्ति लगाई। इसके अलावा किताबें चोरी के मामले में एक गवाह ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर भी आपत्ति लगाई। अब दोनों मामलों में 1 अक्टूबर को सुनवाई होगी। इसके अलावा एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रहे यतीमखाने के मामले में भी एक अक्टूबर को सुनवाई होगी।

## बिजली रहेगी गुल

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम पीके शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9 बजे से 1 बजे तक 33 केवी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर 2 से पोषित 11 केवी रायपुर 2, फीडर पर ग्राम टिकट गंज बायपास पर काम होगा। जिस कारण से ग्राम पसियापुर, टिकट गंज, नवीगंज, खेड़ा, श्याम बाबा फैक्ट्री, ग्रैनेक्स की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## टांडा में युवती लापता

**टांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी 22 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती 16 सितंबर की सुबह 7 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह स्कूल भी नहीं पहुंची और न ही घर वापस लौटी। परिजनों ने स्कूल में जानकारी की तो पता चला कि वह स्कूल नहीं गई थी। परिजनों का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने थाना टांडा में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## ससुराल में महिला से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के धर्मपुरा निवासी मोबीन जहां ने कोतवाली में तहरीर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि 18 वर्ष पूर्व उसका निकाह थाना शाही के दुनका निवासी लईक अहमद के साथ हुआ था। उसके साथ पति जेठ रईस अहमद और कोतवाली मिलक के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी भांजा नाजिम उसे गालियां देते और मारपीट करते थे। आरोप लगाया कि 10 सितंबर को पति ने उसे मारा पीटा। आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया। वह अपने धर्मपुरा स्थित मायके आ गई। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# अवैध खनन के नाम पर पुलिस किसानों को कर रही परेशान : हसीब

### समाधान को किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पेपर मिल शुरू कराने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक**



एसडीएम को ज्ञापन देते किसान संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में छुट्टा पशुओं समेत क्षेत्र की गंभीर समस्याओं का मुद्दा उठा। समाधान के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों का कहना था कि अधिकारी किसान दिवस में आने वाली समस्याएं का भी समाधान नहीं कर रहे हैं।

गुरुवार को मिलक के निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत हुई। जिसमें प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के सामने किसानों तमाम समस्याएं उठाईं। इनमें खराब सड़कों का भी मुद्दा छाया रहा। प्रदेश महासचिव ने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों की शिकायत शासन में की जाएगी। उन्होंने किसानों से एकजुट होने की अपील की। काफी देर बाद

● **समस्याओं का समाधान नहीं करने का लगाया आरोप**

उप जिलाधिकारी किसानों के बीच पहुंचे। प्रदेश महासचिव ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा है कि किसान छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। खतौनी में सभी गांवों के अंश निर्धारण गलत किए हैं। किसान अपने निजी कम के लिए खेत से मिट्टी उठाते हैं तो अवैध खनन के नाम पुलिस उनका उत्पीड़न करती है। जिले में कृषि विश्वविद्यालय नहीं है। धमोरा की शिवा पेपर मिल कई साल से बंद है। किसानों ने कृषि विधान केंद्र, धमोरा में कृषि विश्वविद्यालय खोलने और पेपर मिल को दोबारा चालू कराने की भी मांग की। कई गांवों की खराब सड़कों का हवाला देते हुए उनका निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर दरबारी लाल शर्मा, दरियाव सिंह यादव, रामबहादुर यादव, राम दास मौर्य, निजामुद्दीन अली, असगर अली, मोहम्मद तालिब, चौधरी राजपाल, सतनाम सेठ, संजू खान, सेहजाद खान, छिदा नेता, प्रमोद यादव, कमर सिंह गंगवार, रिजवान, धर्मेंद्र लोधी, हरि संघकर ,अनिल कुमार,सूरज सागर मौजूद रहे।

## सैंजनी नहर की जमीन को कब्जामुक्त कराया

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग ने अपर सैंजनी नहर पर वर्षों पुराने अवैध कब्जे हटाने व खोदाई कराने का काम शुरू किया है। इससे अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। पीपली वन से होकर भट्टी टोला, कस्बा राजपुर होती हुई गंगापुर गांव तक अपर सैंजनी नहर जाती है, जिसकी लंबाई करीब 22 किमी. है।

इसके अधिकांश हिस्से पर अवैध कब्जे व निर्माण हो चुके हैं। ज्ञात हो कि भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में किसानों ने सहायक अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। नहर को मुक्त कराने व पानी टेल तक पहुंचाने की मांग की थी। गुरुवार को सिंचाई विभाग के उप राजस्व अधिकारी डीके जौहरी के नेतृत्व में जेसीबी से कब्जे हटवाने व नहर खोदवाने का काम शुरू किया। मोहल्ला भट्टी टोला में बाजार वाली पुलिया से अभियान प्रारंभ हुआ। शाम तक जेसीबी से 200 मीटर नहर खोदवा दी थी। रास्ते में स्लैब, पक्के चबूतरे, फड़ तोड़ डाले गए। सहायक अभियंता नंदलाल आर्य ने बताया कि नहर को कब्जामुक्त कराने का अभियान चलता रहेगा। मौके पर जेई वीर सिंह, अजलम हुसैन व सुनील कुमार तथा विवेक सक्सेना मौजूद रहे।

# विचारों की अभिव्यक्ति करें विद्यार्थी: डॉ. कुसुम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई भाषण प्रतियोगिता**

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह समारोह के अंतर्गत विकसित भारत भाषा एवं साहित्य की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें डॉ. कुसुम लता ने कहा कि राष्ट्रहित से सम्बद्ध प्रत्येक विषय पर उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों का अपना व्यक्तिगत विचार अवश्य होना चाहिए।

कॉलेज सभागार में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मनीषा, मुनज्जा, अमृता राय, मानसी, संजना, आरुही राज, महक ठाकुर, सान्या श्रीवास्तव, प्रशांत भूषण शर्मा, गरिमा, भूरा कुमार, शीतल कुमारी, शाजिया, नाजिया, नुशरा, आलिया ने प्रतिभाग किया। डॉ. जहांगीर अहमद ने कहा कि उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों का जो अभिव्यक्ति-कौशल होना चाहिए, उसका उदाहरण इन विद्यार्थियों के माध्यम से देखना संतोष देता है। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अब्दुल लतीफ और डॉ. इरम नईम ने प्रभावशाली भाषण-कौशल की दृष्टि से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. राजेश कुमार ने आभार जताया।

## विधवा से पेंशन की ठगी करने पर दो पर रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** ऑनलाइन खाता खोलकर विधवा की दो लोगों ने पेंशन व किसान सम्मान निधि का पैसा निकाल लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम देवीपुरा निवासी हाजरा ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके नाम से एयरटेल पेमेंट बैंक में ऑनलाइन खाता खोल लिया गया था, बाद में उसके खाते से उसकी पेंशन और पीएम किसान सम्मान निधि की राशि निकाल ली गई। हाजरा का कहना है कि वह पढ़ी लिखी नहीं है और उसको खाते की कोई जानकारी भी नहीं है। कोतवाली में भी शिकायत की थी जिसपर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की थी, बाद में उन्हें घर भेज दिया। कार्रवाई न किए जाने पर महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों इरफान, कासिम पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रधान की अध्यक्षता में निगरानी समितियां गठित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय सेल की बैठक हुई। इसमें तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सचल दस्तों का गठन किया गया।

विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की। बैठक में अतिरिक्त फसल अवशेषों के जलाने से होने वाले नुकसान के विषय में किसानों को जागरूक करने के लिए ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में निगरानी समितियां भी गठित की गई। बैठक में संचालकों ने बताया कि जनपद में डंप यार्ड बनाए गए हैं। किसानों के खेतों में बेलर संचालक अपने खर्चे पर पराली एकत्र

● **तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में सचल दस्ते गठित**

करेंगे। गत्ता फैक्ट्री एवं सीबीजी प्लांट को पराली का प्रेषण करेंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी समितियों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का परिपालन करने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक रामकिशन ने फसल अवशेषों को जलाने से होने वाली हानियों के विषय में बताया। उप कृषि निदेशक ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के विषय में चर्चा की। विभाग द्वारा कुल 37 क्लस्टर बनाकर 4625 किसानों को प्राकृतिक खेती कराने के लिए चिह्नित किया। यह कार्यक्रम दो वर्ष तक जारी रहेगा। बैठक में उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्या, अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार, कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी, एफपीओ एवं एफपीओ एग्रीगेटर, बेलर संचालक मौजूद रहे।

# जेल से बाहर आने के लिए आजम को करना होगा इंतजार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

### आजम खां की लगातार बढ़ रही परेशानी

कभी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले सपा नेता आजम खां का वक्त इतना खराब आया कि उनके खिलाफ प्रदेश भर के कई थानों में 100 से अधिक मुकदमे लिखे गए थे, लेकिन बाद में सभी को धीरे धीरे करके रामपुर में ट्रांसफर कर दिए थे। कुछ मुकदमों को एक कर दिया गया था। दो जन्म प्रमाण पत्र के बाद से उन पर सजा होने का पट्टा चलता चला गया। 24 घंटे पहले भी छजलैट प्रकरण में उनको मुरादाबाद कोर्ट से बरी कर दिया गया था। अब गुरुवार को एक अन्य मामले में जमानत मिल गई।

> मेरी जानकारी में आया है कि आजम खां को क्वालिटी बार के मामले में जमानत मिल गई है। अभी हमको आदेश नहीं मिला है। मिलने पर पढ़ा जाएगा। हमने हमेशा से ही कोर्ट का पालन किया है।
>
> **-आकाश सक्सेना,** शहर विधायक

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट से क्वालिटी बार मामले में जमानत मिलने के बाद अभी सपा नेता आजम खां को जेल से बाहर आने के लिए और इंतजार करना होगा। क्योंकि शत्रु संपत्ति से जुड़े मामले में धाराएं बढ़ जाने के कारण अब आजम खां को इसमें भी जमानत करानी होगी। मामले में कोर्ट ने आजम खां को 20 सितंबर को तलब किया है।

सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां की घेराबंदी करके उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए थे। जिसकी लिस्ट 95 के करीब पहुंच गई थी। इधर, आजम खां जमानत लेते, उधर उनको सजा हो जाती थी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने दो फर्जी जन्म प्रमाण मामले में अब्दुल्ला आजम खां, सपा नेता आजम खां, डॉ. तजीन फात्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसके बाद चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही थी। उसके बाद आखिरकार 18 अक्टूबर 2023 को तीनों को कोर्ट ने सात-सात साल की सजा सुनाई थी। उसके बाद अन्य मुकदमों में चार्जशीट लगती चली गई। आजम खां को सजा होती चली गई। हालांकि कानूनी लड़ाई के बाद आजम खां के बेटे और पत्नी हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद बाहर आ गए। आजम खां के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसता चला गया। उसके बाद आजम खां को डूंगरपुर के मामले में 10 साल की सजा हो गई। फिर चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में 19 नवंबर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक ने 21 नवंबर को एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने जफर अली जाफरी, तंजीन फातिमा व बेटे अब्दुल्ला को नोमजद किया था।

विवेचना के बाद उनका नाम शामिल किया था। उसके बाद उनको आरोपी बनाया गया था। उन्होंने जिला जज की कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, लेकिन अदालत ने 17 मई 2025 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 21 अगस्त को दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट उनकी जमानत मंजूर कर ली। लेकिन उनके जेल से बाहर आने की राह में फिर से पेंच फंस गया है। शत्रु संपत्ति के मामले में आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया था। अब इस मामले में गुरुवार को कोर्ट ने प्रार्थना पत्र पर धारा 467, 471 और 201 बढ़ाई है। जिसमें आजम खां को जमानत करानी होगी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि शत्रु संपत्ति के मामले में धाराएं बढ़ा है। इसमें अब आजम खां को जमानत करानी होगी।

## निजी अस्पताल में नवजात की मौत, हंगामा

**रामपुर, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में भर्ती नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सिविल लाइंस के पनवड़िया निवासी राजेश की पत्नी ने तीन दिन पहले एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। परिजन बच्चे को सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल में ले गए थे। जहां उसका उपचार हो रहा था। गुरुवार शाम को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। वहीं बच्चे को दौरा पड़ने की बात कही जा रही है।

## रिक्शा चालक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना के मैगजीन मोहल्ला निवासी युवक ई रिक्शा चालक था। वह गुरुवार शाम को पहाड़ी गेट आया था। बिजली के तार की चपेट में आने फहीम मौत हो गई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया फहीम की करंट लगने से मौत हो गई।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 10 घायल

**संवाददाता, सैफनी**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धनौरा गांव में बुधवार देर शाम बच्चों के बीच हुआ विवाद संघर्ष में बदल गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जमकर लाठी-डंडे चलने के साथ मारपीट के दौरान पथराव भी हुआ। इस संघर्ष में दोनों पक्षों की महिलाओं समेत करीब 10 लोग घायल हो गए। इनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

धनौरा गांव के शरीफ और शाकिर पक्ष के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बच्चों के बीच शुरू हुआ यह विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के परिवार आमने-सामने आ गए। बताया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलाए गए। विवाद में शरीफ पक्ष के मुबारक, सर्वरी, नफीसा, नाजिश, फरहीन और अनीस घायल हो गए। शाकिर पक्ष के शाकिर, तसलीम, जफर, ताहिर, सलीम और मोनिस चोटिल हैं। सभी घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हुए, लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में दो महिलाओं समेत तीन घायल

**स्वार, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मिलक नौखरीद निवासी इस्लाम और शरीफ अहमद के बच्चों में बुधवार को मामूली कहासुनी हो गई थी। जिस पर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे। ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया था। गुरुवार को इस्लाम घर से बाहर जा रहा था। शरीफ, जीशान, बबलू, शाने आलम ने रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल की पत्नी की और से चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, दूसरी तरफ रंजिश को लेकर मसवासी निवासी रईस अहमद के घर पर उत्तराखंड के थाना काशीपुर आईटीआई के गांव महुड़ीखेड़ा गंज निवासी अली अकबर, आजम, अर्शीना जहां, सबरूल ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दो महिलाओं को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिलाओं को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**न्यूज डायरी**



## दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली ने दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। गुरुवार को भाकियू असली से जुड़े दिव्यांग जिलाध्यक्ष रिंकू चौधरी की अगुआई में विकास खंड कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विकास खंड अधिकारी धीरेन्द्र पल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों ने दिव्यांगो के अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने के साथ सरकारी आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। दिव्यांगजनों का कहना है कि उनकी पेंशन 5 हजार रुपये प्रति माह होनी चाहिए। इस मौके पर वेदराम सिंह, जगपाल सिंह, बॉबी सागर, शाहिद, वीरपाल सिंह, कमल बाबू, करन सिंह, रवि शर्मा, महेंद्र सिंह, विनोद आदि मौजूद रहे।

## 2 बसें और 6 ओवरलोड खनन वाहन किए सीज

**रामपुर, अमृत विचार :** अनधिकृत रूप से वाहनों के संचालन, अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। यात्रीकर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत बुधवार रात्रि में रम्पुरा-शाहबाद तथा शाहबाद-सैफनी मार्ग पर अनधिकृत रूप से संचालित 2 बसें एवं 06 ओवरलोड खनन वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई कर मंडी शाहबाद में सीज किया गया।

## ताले तोड़कर 61 हजार रुपये चोरी

**मिलक, अमृत विचार :** जिला हरदोई के थाना माधवगंज स्थित ग्राम तकिया निवासी ओमप्रकाश दिवाकर ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह पटवाई रोड स्थित खादी ग्राम उद्योग भवन में कार्यरत थे। उनका सचिव थाना सिविल लाइंस आगापुर रोड ज्वाला नगर निवासी शत्रुघ्न शाहू से वेतन संबंधी विवाद श्रम विभाग कार्यालय में विचाराधीन है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सचिव और उसका भाई छह लोगों को लेकर दुकान पर पहुंचे और ताले तोड़कर लगभग 11000 रुपये और बेटे के एडमिशन के लिए रखे 50000 रुपये चोरी कर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ताले टूटे हुए देखे। पुलिस ने तहरीर लेकर दो नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बीएसए ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने प्राथमिक विद्यालय धनोरा, कंपोजिट विद्यालय मिलक ताज खां, प्राथमिक विद्यालय मेवाला धारू, प्राथमिक विद्यालय मेवला कलां और उच्च प्राथमिक विद्यालय मेवाला कलां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में साफ सफाई संतोषजनक नहीं मिली। छात्र-छात्राओं का शैक्षिक स्तर सही नहीं पाया गया। विद्यालयों में उपलब्ध एमडीएम पंजिका, कार्मिक उपस्थिति पंजिका आदि कमियां पाईं गईं। जिस कारण से बीएसए ने सभी अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई संस्तुति कर दी गई है। जबकि शिक्षामित्रों को स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई से शिक्षकों में खलबली मच गई।

## बिजली घर निर्माण के लिए ईओ से मिले चेयरमैन

**स्वार, अमृत विचार :** दूंदावाला में बिजली घर का निर्माण कराने के लिए चेयरमैन ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। नरपतनगर दूंदावाला के चेयरमैन खालिद अली के नेतृत्व में गुरुवार को नगरवासी रामपुर मार्ग स्थित बिजली घर पहुंचे। चेयरमैन ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात की और उन्हें बताया कि 11 सितंबर को बोर्ड की बैठक में गाटा 963 रकवा 0 .263 हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि के रूप दर्ज है, जिस पर बिजली घर के निर्माण के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति के बाद प्रस्ताव को एसडीएम को भेज दिया था। बंजर भूमि पर बिजली घर का निर्माण कराएं जाने की मांग की है। इस दौरान अमीर अहमद, बरकत अली, मसरूर अहमद, टिंकू सिंह, फजले अहमद, मुराद, फरीद, खलील आदि के हस्ताक्षर हैं।



## बीईओ का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े शिक्षकों ने शाहबाद के नये खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार स्वागत किया। बीईओ अशोक कुमार ने निपुण आंकलन, नवभारत साक्षरता मिशन, यू-डायस, छात्र-छात्राओं कि शत प्रतिशत उपस्थिति आदि में ब्लॉक को प्रथम स्थान पर लाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर शीश पाल सिंह, रमेश पाल सिंह, भोला यादव, सुक्रम पाल सिंह, विजय कुमार, चमन सिंह गौतम, मुनेंद्र प्रताप सिंह, रघुनाथ सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अशोक मेहरा, सुनील कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, ज्ञान सिंह, लाल सिंह, जयवीर सिंह रहे।

**आयोजन** | **मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# विवि का स्थापना दिवस मील का पत्थर : कुलपति

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



जौहर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर कुलपति के साथ छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा हर स्थापना दिवस हमारी निरंतर यात्रा का एक और मील का पत्थर है, जो हमें हमारी सफलता के बारे में बताता है। हमारे संस्थान की यात्रा न केवल हमारे विकास की कहानी है, बल्कि हमारे सपनों और संघर्षों की भी इसे संभव बनाती है।

विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरान मजीद से हुआ। इसके बाद विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं के द्वारा नाटक, गीत, गजल और भांगड़ा किया गया। रामपुर पब्लिक स्कूल के गर्ल्स-बॉयज का वेलकम डांस ने खूब तालियां बटोरीं। प्रवेश प्रकोष्ठ प्रभारी उजमा और डीएसडब्ल्यू डॉ. गुलरेज ने सभी का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. एसएन सलाम ने स्थापना से लेकर विश्वविद्यालय की अब तक की यात्रा का उल्लेख किया। कुलपति ने सेक्रेटरी डॉ. तजीन फातिमा सहित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि हम अपनी अब तक की यात्रा पर गौर करें और भविष्य की योजनाओं पर विचार करें। विश्वविद्यालय सफलता की नई ऊंचाई प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसका श्रेय कुलाधिपति मोहम्मद आजम खां को जाता है। प्रो. चांसलर मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां ने कहा कि विश्वविद्यालय के संस्थानों की नींव मजबूत हो तो भविष्य की संभावनाएं अनंत होती हैं। फाउंडेशन डे हमें हमारी उपलब्धियों और चुनौतियों को याद दिलाता है। सेक्रेटरी डॉ. तजीन फातिमा ने कहा कि जीवन के हर मोड़ और पड़ाव पर समस्त चुनौतियों का सामना करते हुए लोक कल्याण के लिए अपने ज्ञान और सर्वोपरि क्षमताओं को समर्पित करें। डॉ. तनवीर इरशाद ने सभी का आभार जताया। संचालन डॉ. शारिक अकली और राबिया खान ने किया।

कार्यक्रम में सांसद रुचि वीरा, अजय सागर, आसिम खां, ओमेंद्र सिंह चौहान, मोहम्मद आरिफ, डॉ. राजेश यादव, डॉ. गुलरेज निजामी, डॉ. मोहम्मद कलीम, डॉ. स्वाति सिंह राणा, डॉ. फरहा, आलमगीर खान, डॉ. गुलफ्शा, डॉ. समीना, डॉ. रेखा, डॉ. इरम, डॉ. नाजिम फरीद, दीपक कुमार, प्रीति यादव, डॉ. उनाइजा, अमित सिंह, सद्दाम हुसैन, बृज किशोर यादव, डॉ. मोबीन, डॉ. इरशाद, डॉ. जुनैद, डॉ. फरहान, डॉ. हिलाल, रेशमा परवीन, रमित यादव, डॉ. प्रीति विश्वास, सदफ आदि रहे।

## 32 गांवों की बिजली आपूर्ति 6 घंटे रही बाधित

**मसवासी, अमृत विचार :** टांडा-बाजपुर मार्ग के किनारे एचटी लाइन की बिजली आपूर्ति में बाधित बनी पेड़ों की टहनियों की छंटाई की गई। जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांवों की बिजली आपूर्ति 6 घंटे बाधित रही।

गुरुवार दोपहर 11 बजे मसवासी नगर समेत गांवों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। इससे मसवासी, बिजारखाता, चाउपुरा, भूबरा, सीतारामपुर, रहमतगंज अलीगंज, हसनपुर उत्तरी, मिल्क नौखारीद, करीमपुर, घोसीपुरा, पट्टीकला, कुंदनपुर, मुकुंदपुर, धर्मपुर उत्तरी, किशनपुर मौलागढ़ शिकारपुर, शिव नगर, लोहारी, लोहारा, इनायतगंज, मानपुर उत्तरी, खौदकलां, गागन नगली की आपूर्ति 6 घंटे बाधित रही। अवर अभियंता मोहनलाल ने बताया टहनियों से एचटी लाइन में ब्रेकडाउन हो जाता था। जिससे मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती थी, बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के लिए पेड़ों की टहनियों की कटाई की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सैदनगली थानाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक

सैदनगली,अमृत विचार : सैदनगली में स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने थाना सैदनगली का दौरा किया। एसआई नीरज कुमार ,दरोगा हरपत सिंह व मेघा त्यागी ने पुलिस स्टेशन के मूल कार्य, सामान्य डायरी (जीडी) और प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर), सीटीआर (गोपनीय टेलीफोनिक रिपोर्ट), किशोर मुद्दे, घरेलू हिंसा के मुद्दे, साइबर अपराध और सावधानियां आदि चर्चा के विषय में सभी बच्चों को आग्रह कराया। जिससे विद्यार्थियों को पर्याप्त ज्ञान, जागरूकता और उपयोगी अनुभव प्राप्त हुआ।

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए डेढ़ लाख रुपये

गजरौला, अमृत विचार : एक व्यक्ति के खाते से साइबर ठगों ने डेढ़ लाख रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी लोकेंद्र सिंह का खाता शहर की एचडीएफसी बैंक में है। बीती 29 जुलाई से लेकर 27 अगस्त के बीच उनके खाते से कई बार में डेढ़ लाख रुपये निकाले गए। वह इन ट्रांजेक्शन के बारे में अनजान थे, इसलिए उन्हें इसकी जानकारी काफी बाद में हुई। उन्होंने सबसे पहले संबंधित बैंक अधिकारियों को सूचित किया और फिर बैंक की मदद से साइबर क्राइम सेल में ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई तथा थाने में भी घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### धामपुर ईओ के खातों से एक लाख उड़ाए

धामपुर, अमृत विचार :धामपुर ईओ रवि शंकर शुक्ल के दो खातों से साइबर ठगों ने एक लाख रुपये उड़ा दिए। मामले की शिकायत बैंक के अलावा पुलिस में भी कर दी गई है। ईओ रवि शंकर शुक्ल ने गुरुवार सुबह को जब अपने एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के अकाउंट चेक किए तो दोनों खातों से 50-50 हजार रुपए निकाल लिए गए थे। ईओ ने बताया कि उन्होंने किसी को ओटीपी वगैरह भी नहीं बताया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 4 अवैध पैथोलॉजी लैब और 2 अस्पताल सील

## डीएम के आदेश पर डिप्टी कलेक्टर व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की छापामारी, मची रही खलबली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जिले में बड़ी संख्या में चल रहे अवैध अस्पताल और लैब

अमृत विचार : डिप्टी कलेक्टर व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नौगावां सादात में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों पर छापेमारी की। 4 लैब व 2 अस्पताल सील कर दिए। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध संचालकों में हड़कंप मच गया।

जिले में अवैध रूप से पैथालॉजी लैब व अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं जिसकी शिकायत लगातार डीएम को मिल रही थी। डीएम के निर्देश पर बुधवार की देर रात डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह ने तहसील नौगावां सादात क्षेत्र के कस्बे में पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों का निरीक्षण किया। राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौजूद रहीं। टीम ने मोहल्ला अलीनगर में शारदा हॉस्पिटल, नौगावां सादाता की वीएसके पैथोलॉजी लैब, मौहल्ला नई बस्ती की पैथ केयर सेन्टर, नई बस्ती स्थित एनएस पैथोलॉजी लैब, नहर पुल के पास लोकप्रिय हेल्थ केयर सेन्टर, व मौहल्ला बड़ी इमली हुसैन चौक के पास एच पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया। इन सभी 4 पैथोलॉजी लैब तथा 2 अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किये गये निरीक्षण में वैध अभिलेख नहीं पाये गए।

**जिले में बिना पंजीकरण चल रहीं सैकड़ों पैथोलॉजी :** जिले में बिना पंजीकरण के पैथोलॉजी संचालकों का धंधा स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी के चलते फल फूल रहा है। मानक, जांच और कार्रवाई की बात छोड़िए, सीएमओ को पंजीकृत पैथालॉजी की संख्या तक पता नहीं है। वहीं, नियमों की अनदेखी कर संचालित पैथोलॉजी जांच के नाम पर मरीजों से मनमानी वसूली कर रहे हैं।



कार्रवाई करने पहुंची स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

अमरोहा जिले में 30 के करीब पैथोलॉजी लैब ही पंजीकृत हैं। जबकि 100 से अधिक लैब का संचालन हो रहा है। यहां बाकायदे मरीजों की जांच कर रिपोर्ट दी जा रही है। गली- मोहल्लों में बिना पंजीकरण के पैथोलॉजी संचालित हैं। ज्यादातर लैब में डिग्रीधारक और प्रशिक्षित तकनीशियन हैं न ही एमडी पैथोलाजिस्ट हैं। ऐसे में जांच रिपोर्ट को लेकर लोगों के मन में संदेह रहता है कि उनकी रिपोर्ट गलत है या सही। इसलिए दो-तीन लैब में जांच कराते हैं, जहां रिपोर्ट में भिन्नता आने पर वह मानसिक रूप से लोग परेशान हो जाते हैं। गली गली में कलेक्शन केंद्र बना हुआ है। शहर के अलावा रहरा, हसनपुर, धनौरा व नौगावां सादात में अवैध तरीके से पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है। रहरा में एक दर्जन से अधिक पैथ लैब संचालित है।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



शपथ लेते सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन हसनपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुंशिफ मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एल्डर कमेटी के चेयरमैन ने शपथ दिलाई।

गुरुवार को सिविल कोर्ट के सभागार में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुंशिफ मजिस्ट्रेट रश्मि सिंह सम्मिलित हुईं। बैठक में एल्डर कमेटी के चेयरमैन अरविंद कुमार गुप्ता एडवोकेट के द्वारा बार अध्यक्ष नंदराम सिंह, महासचिव अंशु त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष सतवीर सिंह एवं उपसचिव प्रशासन नाजिर खान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुंशिफ मजिस्ट्रेट रश्मि सिंह के द्वारा सभी नवनिर्वाचित बार पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। बैठक में मोहम्मद हुसैन खां, मुदित शर्मा, टेकचंद राणा, गौरव शर्मा, मोहम्मद शाहिद,करतार सिंह पाल, नीरज त्यागी, रविदास शर्मा, राहुल त्यागी, सुखबीर चौहान, संजय रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# किसान नेता के खिलाफ दी तहरीर



कोतवाली में तहरीर देने पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

- भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर लगाया अभद्रता, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी के खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सरकारी काम में बाधा डालने, गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

तहरीर में कहा कि 17 सितंबर को करनपुर माफी स्थित तहसील भवन में धरना प्रदर्शन के दौरान भाटी ने उपखंड अधिकारी मिथलेश यादव, अवर अभियंता अजय कुमार समेत कई अधिकारियों को अपशब्द कहे। यही नहीं अधिकारियों को जेल भेजने और नगर में काम नहीं करने देने की धमकी भी दी। डॉ. दिग्विजय भाटी लगातार कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं कि वे बकाया बिल पर कनेक्शन न काटें, बिजली चोरी पर कार्रवाई न करें और स्मार्ट मीटर न लगाएं। इसके अलावा उन पर अपने वाहन पर हूटर लगाकर रौब जमाने का भी आरोप है। तहरीर पर बिजली विभाग के राजेश प्रसाद अधिशासी अभियंता, मिथिलेश कुमार यादव उपखंड अधिकारी, राजेंद्र प्रसाद उपखंड अधिकारी, नरेश चंद्र उपखंड अधिकारी, अरविंद गुप्ता सहायक अभियंता मीटर, गुरुदेव प्रजापति सहायक अभियंता राजस्व, मनोज कुमार अवर अभियंता मीटर, सत्यम सिंह अवर अभियंता, जितेंद्र कुमार अवर अभियंता आदि रहे। डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है।

# चोरी के खुलासे को हाथ पैर मार रही पुलिस

गजरौला,अमृत विचार : चोरी की पांच व लूट की एक घटना का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है।

15 दिनों में बदमाश व चोर लूटपाट व चोरी समेत छह घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। 31 अगस्त को गांव तिगरी गंगा धाम निवासी सरफुद्दीन, तीन सितंबर को चौपला पुलिस चौकी के पास होटल के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। सात सितंबर शहर के मोहल्ला फाजलपुर में किराना की दुकान से हजारों का सामना चोरी कर लिया गया। आठ सितंबर गांव टोकरा पट्टी में पांच किसानों के खेत से स्टार्टर व मोटर चोरी किए गए। वहीं नेशनल हाईवे पर अस्पताल कर्मी से बाइक सवार बदमाशों ने 30 हजार लूट लिए। अभी तक एक भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया जल्द ही सभी घटनाओं का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पितृ अमावस्या की तैयारियां देखने गंगा घाटों पर गए डीएम, एसपी

संवाददाता, गजरौला

- दोनों अधिकारियों ने बृजघाट व तिगरी गंगा का किया निरीक्षण
- सुरक्षा, पर्याप्त पुलिस बल, पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए

अमृत विचार : 21 सितंबर को पितृ अमावस्या पर्व है जिसकी तैयारियों को लेकर डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं यातायात में अव्यवस्था न होने देने के संबंधित अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जल पुलिस, गोताखोर व पीएसी की फ्लड यूनिट को तैनात कर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर निगरानी रखी जायेगी। भीड़-प्रबंधन हेतु बैरिकेडिंग, हेल्पडेस्क एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था व नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग को स्वच्छता, पेयजल व चिकित्सीय सुविधाओं की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। पितृ अमावस्या पर्व पर किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने राहत दल व एम्बुलेंस को तैयार रखने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। एसपी ने पितृ अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने हेतु पुलिस व प्रशासन को पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लेने के दिशा-निर्देश दिये।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द।

# आगापुर सैमला मार्ग पर गंदगी के लगे अंबार, ग्रामीण परेशान



गांव के मुख्य मार्ग पर लगे गंदगी के अंबार। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

- सड़क पर कूड़े के ऊंचे-ऊंचे ढेर से भयंकर दुर्गंध आती है

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर सेमला मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर और जलजमाव से ग्रामीण परेशान हैं। यह सड़क दर्जनों गांवों को जोड़ती है, लेकिन सड़क पर गंदगी और गड्ढों में भरा पानी वह दुर्गंध बीमारियों को न्योता दे रहा है।

सड़क पर कूड़े के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगे हैं, जिनसे भयंकर दुर्गंध आती है। इन ढेरों के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो स्वच्छता विभाग की तरफ से कोई सुविधा है और न ही ग्राम प्रधान साफ-सफाई पर ध्यान दे रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारी व ग्राम प्रधान ने इस समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। सरकार जहां एक ओर स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पर जोर दे रही है, वहीं इस गांव की स्थिति सरकार के दावों की पोल खोल रही है। अजय सैनी, आकाश, दिनेश, मोनू, बबलू, मनोज, रिंकू ,मदन, पंकज आदि ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती भव्य मनाने को लेकर विचार विमर्श

कार्यालय संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : अग्रवाल सभा हसनपुर की मासिक बैठक में अग्र बंधुओं ने महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को भव्य बनाने को विचार विमर्श किया और अंतिम रूप दिया।

मंगलवार की रात नगर के बाईपास मार्ग स्थित मैथिली गार्डन के सभागार में अग्रवाल सभा की मासिक बैठक का शुभारंभ सभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवचरण अग्रवाल एवं संस्थापक कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया गया। महामंत्री मुकेश गोयल ने जयंती संबंधी जानकारी दी। सभी अग्र बंधुओं द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए। अध्यक्षता उमेश अग्रवाल और संचालनउप महामंत्री मयंक अग्रवाल ने किया। कृष्ण अवतार अग्रवाल, कुलदीप गोयल, राकेश बंसल, मनोज गोयल, राजेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रमेश अग्रवाल,माधुर अग्रवाल,राहुल मित्तल,सुमित अग्रवाल,तरुण अग्रवाल,अक्षय, सिद्धार्थ अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते पदाधिकारी।

### गाली देने से मना करने पर युवक को पीटा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : कस्बा बछरायूं के मोहल्ला चौधरियान निवासी मोहल्ला आमिर ने तहरीर दी कि 15 सितंबर की दोपहर एक बजे आदिल व मोहसिन गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी आदिल व मोहसिन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों को दिए फल



फीता काटते भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : नगर पंचायत सैदनगली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव तथा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया। मरीजों को फल वितरण कर प्रध्धानमंत्री दीर्घायु की कामना की।

भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत दो अक्टूबर तक रोजाना कार्यक्रम किये जाएंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ कृष्ण कुमार शर्मा, सभासद रविंद्र सिंह, सभासद धारा सिंह, सभासद अमित प्रजापति, सभासद अमित गुर्जर, सभासद भगवत खड़कवंशी, सभासद अमित भाटी, सभासद फजले अब्बास, सभासद, फरीद कुरैशी, विजय चौधरी, हुकम सिंह त्यागी, गुरमीत सिंह, वंश शर्मा, डॉक्टर प्रदेश कुमार चिकित्सा अधिकारी, सैयद खालिद जावेद जैदी (फार्मासिस्ट) राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहर बंद कर बनाया रास्ता, सारी रात खनन

संवाददाता, ढबारसी

अमृत विचार : आदमपुर क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हो चुके है कि इन्हें न तो प्रशासन का डर है और न ही शासन का। मध्य गंगा नहर को पाटकर रास्ता बना देते हैं ताकि उनके ट्रैक्टर ट्रॉली लंबी दूरी से बच संके और आसानी से मिट्टी से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली निकल सकें। इस समय नहर में पानी छोड़ दिया जाए तो तों में भर जायेगा और फसलों को नष्ट कर देगा।

कच्चे रास्तों में एक से दो फिट तक गहरे गडढे बन चुके हैं । किसानों को अपनी चारे से भरी बैलगाड़ी निकालना मुश्किल हो गया है। पुलिस और सहायक संभागीय परिवाहन अधिकारीयों का पूरा तंत्र तमाशबीन की भूमिका का निभा रहा है और खनन माफियाओं का नेटवर्क गांव गांव फैल रहा है। अवैध मिट्टी खनन का कारोबार तेजी से चल रहा है। मामला गरमाने पर एक दो वाहनों को पकड़ कर कार्यवाही की कागजी खान पूर्ति कर दी जाती है। एसडीओ सिंचाई विभाग विवेक चौधरी का कहना है कि मामला जानकारी में है कल जेई को भेजकर जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।



खनन के लिए माफियाओं ने बंद किया रास्ता। ● अमृत विचार

- रात में खनन, दिन में परिवाहन, अवैध कमाई से मालामाल हो रहे माफिया

## न्यूज डायरी

### ग्राम प्रधान की पुत्रवधू की छत से गिरने से मौत

आदमपुर,अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा में ग्राम प्रधान फूलवती देवी की पुत्रवधू 40 वर्षीय माया देवी बुधवार की रात छत से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल घायल महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है गांव में गम का माहौल है।



### मचान पर लेटे किसान को सांप ने डसा, मौत



हसनपुर, अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरैठा निवासी किसान श्योदान सिंह पुत्र नंदराम (60) मंगलवार को छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर बने 10 फीट ऊंचे मचान पर सो रहे थे। रात के करीब 2 बजे सांप ने मचान पर चढ़कर किसान के हाथ की उंगली में डस लिया। इसके बाद श्योदान सिंह अपने घर आए और परिजनों को बताया। परिजन उन्हें बुलंदशहर के कस्बा अनूप शहर के एक अस्पताल ले गए। हालत में सुधार नहीं हुआ तो मेरठ ले गए जहां बुधवार की देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक किसान अपने पीछे चार बेटा एक बेटी वह पत्नी राजवती को रोते बिलखते छोड़ गया है।

### मरीजों को फल किये वितरित

अमरोहा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत सरकारी अस्पताल में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी एवं इकराम सैफी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मरीजों को फल वितरित किए। वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब को पक्की छत, फ्री उज्ज्वला गैस के कनेक्शन दिए। घर-घर इज्जत घर बनवाये और कोरोना महामारी में 140 करोड़ जनता को फ्री में टीका लगवाया। 80 लाख लोगों को फ्री में भरपेट खाने के लिए राशन वितरण का कार्य सरकार कर रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरिफ समी,डॉक्टर नसीम हैदर, फार्मासिस्ट मजहरुद्दीन, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता इकराम सैफी, ऋषभ कुमार एवं समस्त सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।



### बाबू विशेश्वर दयाल अग्रवाल की पुण्यतिथि पर किया नमन

हसनपुर,अमृत विचार : पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त के पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर चेयरमैन एवं परिजनों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। बुधवार की रात बाबू विशेश्वर दयाल अग्रवाल एडवोकेट की मूर्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं उनके परिजन एकत्र हुए। दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। चेयरमैन ने बताया कि बाबू विशेश्वर दयाल अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा की बाबूजी की पुण्यतिथि पर हमें भी उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए। ईश्वर चंद्र अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, ईशानी अग्रवाल, भंवर सिंह, शोभित सिंह, सौरभ एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



### स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि ने भक्ति की महिमा बताई

अमरोहा, अमृत विचार : श्री राम कथा में महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि ने श्री राम का प्रसंग सुनाया। कहा कि संत परमात्मा की इच्छा में अपनी इच्छा मिला दे। वही संत निष्काम भाव प्रेम से ईश्वर प्रसन्न होते हैं जैसे माता शबरी ने अपने जूठे बेर प्रभु को खिलाए। यह निष्काम है। प्रेम भक्ति का प्रभाव है। मुख्य यजमान दीपक कुशवाहा, दिनेश सैनी, हरीश चौधरी, प्रशांत शर्मा, रोहित अग्रवाल मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर हसनपुर से आए अंकुर अग्रवाल, सर्वेश सैनी, सुधीर अग्रवाल, अंकुल प्रकाश, राहुल माहेश्वरी, अतुल पंडित, अजय टंडन, चौधरी सुमन सिंह, रमेश कलाल, सिद्धार्थ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### क्रेशर और 18 टयूबवेल से सामान चोरी

अमरोहा, अमृत विचार : थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में एक ही रात में चोरों ने 18 किसानों के सबमर्सिबल और क्रेशर में ताले तोड़कर व कुंबल लगाकर सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा निवासी मोहम्मद नाजिम और नूर नबी ने बताया कि चोरों ने करीब 18 किसान सबमर्सिबल पंप और क्रेशर से कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि चोर गांव में घंटों तक सक्रिय रहे और किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लोग उठे तो चोरी की घटनाओं का पता लगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कार हटाने की कहने पर दुकानदार को पीटा

**असमोली, अमृत विचार :** अरविन्द निवासी ग्राम गोंजनी, थाना ऐंचोड़ा कम्बोह ने तहरीर दी कि उसकी दुकान के बाहर एक कार खड़ी हो गई। उसने कार हटाने को कहा तो कार चालक गाली-गलौज करने लगा और फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। महमूद नगर के दबंग प्रवृत्ति के गुलाम अव्वाश, नासिर, इसरार, मोहम्मद हाफिज, गोलू सहित चार-पांच अज्ञात लोग लोग दुकान में घुस आए और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

### पत्नी को निकाला, पति सहित आठ पर मुकदमा

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** शोभापुर गांव निवासी देवपाल ने अपनी पुत्री सुनीता की शादी सिहावली निवासी टीटू पुत्र सुरेश के साथ की थी। आरोप है कि ससुरालीजन बुलेट मोटरसाइकिल व दो तोला सोना की मांग कर प्रताड़ित कर रहे हैं। ढाई माह की गर्भावस्था के दौरान सुनीता को दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। पति ने गले में रस्सी डालकर मारने की कोशिश की। सुनीता आठ माह की गर्भवती है। उसे ससुराल से निकाल दिया। पुलिस ने पति सहित आठ पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**बबराला, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के आह्वान पर गुरुवार देर शाम कांग्रेस कार्यालय से नेहरु चौक तक मशाल जुलूस निकालकर सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मशाल जुलूस के साथ पुलिस भी मौजूद रही है। इस मौके पर पप्पू सैफी, शादाब, अजीम, आरिफ, मजहर, बाबू, पिंटू, अवधेश, रिहान, रामगोपाल, नीरज, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजस्थान पुलिस ने दो महिलाएं हिरासत में लीं

**कैला देवी/संभल, अमृत विचार :** गौंहत गांव निवासी लोकेश करीब 5 माह पहले राजस्थान के बूंदी जनपद थाना सदर क्षेत्र के कोटाबाग गांव से एक महिला को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले आया था। युवती के पिता ने इस संबंध में थाना सदर बूंदी में मुकदमा दर्ज कराया था। राजस्थान पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर लोकेश का पता लगाया और संभल पहुंची। गांव से दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए राजस्थान ले गई है।

# संगठित गिरोह जिले में चलवा रहा अवैध अस्पताल, 4 गिरफ्तार

## गिरफ्तार किये गये लोगों में एक अधिवक्ता भी शामिल, अस्पताल संचालन के लिए उपलब्ध कराते थे फर्जी प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बहजोई/संभल



बहजोई में गिरोह के बारे में जानकारी देते डीएम, एसपी, सीएमओ व गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में अवैध अस्पतालों के संचालन को लेकर जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। दावा किया गया है कि एक बड़ा और ताकतवर संगठित गिरोह जनपद में अवैध अस्पतालों का संचालन करवा रहा था। यह गिरोह अस्पताल संचालक से 1 से 5 लाख तक की रकम वसूलता था। संरक्षण के साथ ही फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का काम भी गिरोह करता था। तीन दिन की छापेमारी के बाद पुलिस ने गिरोह से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वार्ड ब्वाय व फिजियोथैरेपिस्ट सहित तीन लोग फरार हैं।

रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में डीएम राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई व सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि जिलेभर में अवैध रूप अस्पतालों का संचालन कराने के लिए पंजीकरण के नाम पर फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे थे। दो मामले ऐसे सामने आए हैं जिसमें बहजोई के लाइफ केयर अस्पताल को गिरोह से जुड़े जगतपाल ने 40 हजार में फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया, जो कानपुर का निकला। इसी तरह कृष्णा नर्सिंग होम को डेढ़ लाख रुपए लेकर नकली पंजीकरण थमाया गया। जिलेभर में अवैध अस्पतालों के संचालन करने को लेकर इस पूरे बड़े खेल का खुलासा करते हुए पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जगतपाल पुत्र जवाहर सिंह निवासी सादातवाड़ी कोतवाली बहजोई, अधिवक्ता प्रेम सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी गांव अहरौला नवाजी थाना जुनावई, बबलू गिरी पुत्र आनंद गिरी गांव बहटकरण थाना रजपुरा, संगम पुत्र नंदकिशोर निवासी मोहल्ला कर्मधर्म थाना नरोरा जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है।

वहीं चंदौसी सीएचसी पर तैनात वार्ड ब्वाय नितिन गुप्ता उर्फ नितेंद्र नाथ निवासी ग्रीन सिटी चंदौसी, बहजोई सीएचसी पर तैनात फिजियोथैरेपिस्ट गौरव बंसल निवासी महाजन स्ट्रीट थाना चंदौसी व राजीव कौशिक निवासी संभल कोतवाली संभल अभी फरार बने हुए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि इन सातों आरोपियों द्वारा रकम आपस में बांटी जाती थी। वहीं आगे की जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस पूरे खेल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी शामिल है या नहीं। एसपी ने बताया कि थाना गुन्नौर पर चारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। फरार तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 1 से 5 लाख की वसूली करते थे आरोपी

खुलासा करते हुए एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि जिन सात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन आरोपियों ने जिले भर के अस्पतालों से अपना नेटवर्क बना रखा था। यह 1 से 5 लाख रुपए तक सालाना की अवैध वसूली अस्पताल के लाइसेंस रिन्यूअल के नाम पर करते थे। शिकायत करने वालों को जान से मारने की धमकी दी जाती थी। अस्पताल में किसी की मृत्यु हो जाती थी तो अलग से कार्रवाई नहीं करने के रुपए लेते थे।

- स्वास्थ्य विभाग का वार्ड ब्वाय व फिजियो थेरेपिस्ट सहित तीन फरार
- डीएम, एसपी व सीएमओ ने प्रेस वार्ता कर किया गिरोह का खुलासा

### बेसमेंट में चल रहे अस्पतालों पर भी की जाएगी कार्रवाई

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जनपद में अवैध अस्पतालों में महिलाओं और नवजात शिशु की मौत की लगातार शिकायतें है आ रही थीं। इसको लेकर गहन मंथन के बाद एक टीम बनाई गई और ऐसे अस्पतालों पर छापेमारी की गई जो अवैध रूप से चल रहे थे। डीएम ने कहा कि बेसमेंट में चल रहे अस्पतालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी अस्पताल बेसमेंट में नहीं चलेगा। ऐसे अस्पतालों की भी सूची तैयार की जा रही है। जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

### अब तक 19 अस्पतालों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

तीन दिन से अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में चल रही कार्रवाई को लेकर 31 अस्पतालों पर छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें 19 अस्पताल जो पंजीकृत नहीं थे, जिसमें चंदौसी कोतवाली में तीन रिपोर्ट दर्ज की गई है। तो वहीं बहजोई में दो, जुनावई तथा रायसत्ती में 1-1, गुन्नौर में 6 राजपुरा में 4, धनारी में दो कुल 19 रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं इन अस्पतालों को सील करने का भी काम किया गया है।

### तीन सदस्यीय समिति

डीएम ने बताया कि अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करने को लेकर तीन सदस्य समिति गठित की गई है जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट संभल, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व औषधि निरीक्षक को शामिल किया गया है। इस टीम में शामिल अधिकारी अवैध अस्पतालों पर जाकर कार्रवाई करेंगे। एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर आम जनता भी अवैध अस्पतालों के बारे में सूचना दे सकती है।

# योजनाओं में कम प्रगति से डीएम खफा

संवाददाता, बहजोई



डीएम की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीएम ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने निर्देश दिए कि जिस अधिकारी के स्तर पर योजना की प्रगति कम उन्हें नोटिस जारी किया जाए। डीएम ने ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिसमें कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर द्वारा बैठक के प्रमुख बिंदुओं के विषय में अवगत कराया गया। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जिस अधिकारी के स्तर पर प्रगति कम है। उसको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

- जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा में अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश

पोषण पुनर्वास केंद्र को लेकर भी डीएम ने जानकारी प्राप्त की। कहा कि एनआरसी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। सैम बच्चों की ई - कवच पर फीडिंग के अलावा वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन व माप मशीन लगाये जाने को लेकर जानकारी प्राप्त की। डीएम ने डीपीआरओ से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में स्टेडियोमीटर, बच्चों के वजन माप मशीन नहीं हैं वहां मशीनें लगाई जाएं। डीएम ने कहा कि होम डिलीवरी प्रत्येक दशा में बंद हो जानी चाहिए, संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसीएमओ डॉ. पंकज बिश्नोई, डीपीआरओ सीपी सिंह सहित जनपद के सभी एमओआईसी मौजूद रहे।

## देहरादून में संभल के युवक की भी मौत

**संभल, अमृत विचार:** देहरादून में बादल फटने से नदी में आए तेज बहाव में संभल का एक युवक की भी मौत हो गई। उसका शव अगले दिन सहारनपुर से शव बरामद हुआ। शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।



मृतक मोनू।

थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी मोनू (21 वर्ष) पुत्र राजेंद्र करीब आठ दिन पहले देहरादून गया था। वह मसंदावाला में आसन नदी पर बजरी निकालता था। दो दिन पूर्व बादल फटने के बाद आई बाढ़ में वह बह गया। मोनू का शव सहारनपुर के अकबरपुर बांस घाट पर बरामद हुआ। पिता राजेंद्र ने बताया कि एक साल के अंतराल में बेटा मजदूरी पर गया था। 10-12 दिन पहले आखिरी बार फोन पर बात हुई थी।

# चंदौसी तहसील में कमरे में 6 घंटे बंद रही युवती, होता रहा हंगामा

कार्यालय संवाददाता



युवती को कमरे से निकालने के लिए खड़ी पुलिस। ● अमृत विचार

**संभल, चंदौसी, अमृत विचार:** चंदौसी तहसील परिसर में विनियमित क्षेत्र के लिपिक के क्वार्टर में हिंदू युवती को करीब 6 घंटे तक बंद रखा गया। लोगों को गुमराह करने के लिए दरवाजे पर ताला लटका दिया गया था। जब मामले का खुलासा हुआ तो हिंदू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने युवती को कमरे से निकाला।

चंदौसी तहसील परिसर में विनियमित क्षेत्र कार्यालय के कर्मचारी रिजवान के कमरे में सुबह लोगों ने एक युवती को जाते देखा। आरोप है कि युवती के घर में जाने के कुछ देर बाद रिजवान बाहर निकला और बाहर से ताला लगाकर चला गया। इसके बाद ही चर्चाएं शुरू हो गईं। हिंदू संगठनों के हंगामे के बाद शाम करीब 5:30 बजे पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया और लड़की को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस लड़की को अपनी सुरक्षा में कोतवाली ले गई। कौशल किशोर वंदे मातरम् और राजकुमार ठाकरे सहित कई लोगों ने आरोप लगाया कि लड़की को शादी कराने के इरादे से बुलाकर बंद रखा गया। जांच की मांग की। नायब तहसीलदार सत्येंद्र चाहर ने कहा कि मामला पुलिस जांच करेगी। इस पूरे प्रकरण पर अभी तक पुलिस या सक्षम अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

- बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, हंगामे के बाद पुलिस ने कमरे से निकाला

# महत्वपूर्ण कदम होगा एक देश एक चुनाव: गुलाब देवी




विचार गोष्ठी में बोलतीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** रोटरी इंस्टिट्यूट में वन नेशन वन इलेक्शन संबंधी विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से आचार संहिता के चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। संसाधनों की बर्बादी भी होती है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से भारत की जीडीपी में 1 से 2 प्रतिशत की वृद्धि संभव है। जिला संयोजक आकाश कुमार ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन से चुनावी खर्च आधा हो जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से 2029 तक इस व्यवस्था को लागू करने की मांग की। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. उपेंद्र कुमार, संचालन वीके त्रिपाठी ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगर अध्यक्ष भाजपा चंदौसी अंकुर अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

# आने वाला समय बसपा का: जफर

कार्यालय संवाददाता, संभल




संभल के कुरकावली में बसपा की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में 9 अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाली रैली की सफलता को लेकर मंथन किया गया। कहा गया कि पदाधिकारी अभी से रणनीति तय कर लें।

असमोली विधानसभा क्षेत्र के कुरकावली गांव में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रभारी व मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद जफर मलिक ने कहा कि 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करनी है। रैली में जाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था रहेगी। हर हाल में रैली को सफल बनाना है। जफर मलिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार से जनता परेशान है। किसानों को यूरिया डीएपी तथा बिजली समय पर नहीं मिल रही है। आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है। 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में होगी और बहन मायावती पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी।

मंडल प्रभारी संसार सिंह, हरद्वारी लाल गौतम, जिला प्रभारी कुमारपाल सिंह, जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष फिरोज मलिक ने भी विचार रखे। संचालन जिला सचिव राम बहादुर सिंह ने किया जबकि अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष संजय गौतम ने की। बैठक में मदनपाल सिंह, जयवीर सिंह, आरिफ मलिक, प्रेमपाल, ब्रह्मपाल, दिनेश कुमार, रजनीश, यासीन, इकबाल, रवि शंकर भारती, जगरूप व गुड्डू प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

- बसपा की बैठक में लखनऊ रैली की सफलता पर किया गया मंथन

## न्यूज डायरी

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** कोतवाली बहजोई क्षेत्र के गांव भवन व राजपुर के बीच जंगल में ग्रामीणों ने एक युवक का शव फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने शव की पहचान विकास (25) पुत्र राजभान ठाकुर निवासी गांव भवन के रूप में की। परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि शव शीशम के पेड़ की डाली से प्लास्टिक की रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस का कहना है कि यह गृहकलह के चलते आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव तारक पारोली थाना फैजगंज बेहटा निवासी शीला देवी पत्नी ब्रह्मचारी अपने भतीजे अमित के साथ बाइक पर चंदौसी रिश्तेदारी में आ रही थी। दोपहर करीब एक बजे बदायूं चुंगी के पास मुरादाबाद की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे सवार गिर गए। इस दौरान ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया। घायल महिला को चंदौसी सीएचसी ले जाया गया जहां महिला के सिर पर काफी चोटें आने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित चौधरी ने बताया कि ट्रक की पहचान कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।



बरनवाल वैश्य सेवा समिति के पदाधिकारी व शिक्षक।

### शिक्षकों को किया सम्मानित

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** बरनवाल वैश्य सेवा समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने जबकि संचालन प्रख्यात शिक्षाविद् एवं कवयित्री डॉ. दुर्गा टंडन ने किया। उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी और जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों को समाज का आधार स्तंभ बताया। विशिष्ट अतिथि बरनवाल वैश्य सभा जिला अध्यक्ष आलोक गोयल, महामंत्री उमेश सौली के अलावा सौरभ गुप्ता, अवनीश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, नवीन टापू, उपेंद्र गुप्ता, नितिन गुप्ता, अंकुर गोयल, आशीष गुप्ता, ईशांक गोयल, अभिषेक गुप्ता, विकास गोयल, सुमित गुप्ता, अमित कन्हैया, सुनैना गुप्ता, रीनू बंसल, नीलिमा गुप्ता, वैशाली गोयल, दिव्या गोयल, दीप्ति बरनवाल, निधि गोयल का विशेष सहयोग रहा।



कार्यक्रम में बोलतीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संयुक्त चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम पर स्वास्थ्य शिविर का आरंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंद्र सिंह ने शिविर और अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन एसीएमओ पंकज विश्नोई ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन मनोज कठेरिया ने किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, तरुण कुमार नीरज, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, सतीश अरोरा, गिरीश रतन, डॉ. टी.एस. पाल, अरविंद गुप्ता, डॉ. वीरेश सिंह, अंकित जैन, अभिनव शर्मा, अमन कोरी, शिव सैनी, शीला सागर, राधा कश्यप, मोरमुकुट वार्ष्णेय, संजय सैनी, अशोक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



असमोली में स्वास्थ्य शिविर में बोलते वक्ता।

### मरीजों का जाना हाल

**असमोली, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा के तहत असमोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हाल-चाल जाना। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी, महामंत्री हरिओम शर्मा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री सोनू चाहल, ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी, मंडल अध्यक्ष रोहित पवार, सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमंत, डॉ. अर्चना यादव, डॉ. पारुल, मंडल महामंत्री मनोज पाल, देवेंद्र प्रताप मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर पर मिली प्रतिबंधित दवा

कार्यालय संवाददाता, संभल



मेडिकल स्टोर पर जांच पड़ताल करते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिटी मजिस्ट्रेट ने दो मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। एक मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाएं मिलने पर बंद करा दिया। दूसरे मेडिकल स्टोर पर भी कई अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार को संभल के कुछ मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की सूचना मिली थी। गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने शंकर कालेज चौराहा पर एक मेडिकल स्टोर पर जांच पड़ताल की। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाएं मिलीं। संचालक आवश्यक बिल व रजिस्टर प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर औषधि निरीक्षक द्वारा संचालक को प्रपत्र 35 और 15 का नोटिस जारी किया गया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मेडिकल स्टोर पर जांच पड़ताल की। रेड क्रॉस मेडिकल के निरीक्षण में वहां प्रतिबंधित दवाएं पाई गईं। मेडिकल स्टोर में खरीद संबंधी रजिस्टर नहीं था। साथ ही लाइसेंस धारक भी नहीं मिले। औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि रिटेल मेडिकल शॉप पर लाइसेंस धारक की उपस्थिति अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर मेडिकल स्टोर को बंद करा दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट की कार्रवाई से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। तमाम संचालक कार्रवाई के डर से मेडिकल स्टोर बंद कर चले गये। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक नियमों का पालन करें।

- सिटी मजिस्ट्रेट ने मेडिकल स्टोर बंद कराया

# एटीएस का विरोध करने वालों की जांच की जाए: साध्वी प्राची

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** चंदौसी क्षेत्र में एक परिचित के घर पहुंची साध्वी प्राची ने समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जमकर हमला बोला। कहा कि सपा और चंद्रशेखर जैसे नेताओं का एकमात्र लक्ष्य मुस्लिम वोट बैंक है। इसी कारण यह लोग संतों को निशाना बनाते रहते हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर चंद्रशेखर रावण की टिप्पणी को लेकर साध्वी प्राची ने कहा कि यह मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। सपा-बसपा सरकार के दौरान भी संतों को टारगेट किया गया। संभल में एटीएस यूनिट की स्थापना पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के विरोध पर साध्वी प्राची ने कहा कि देवबंद, बरेली और संभल जैसे स्थानों पर एटीएस चौकी बनाना सरकार का सराहनीय कदम है। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, उनके आतंकियों से तार जुड़े हो सकते हैं और इनकी जांच होनी चाहिए। सपा सांसद अपराधियों को संरक्षण देते थे। इसलिए एटीएस की स्थापना से इन्हें परेशानी हो रही है। संभल के 100 गांवों में चार फीसदी हिंदू आबादी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सपा और मुस्लिम नेता यह कहकर सफाई दे रहे हैं कि हिंदू रोजगार और धंधे के लिए बाहर गए, लेकिन सच्चाई यह है कि वे मुस्लिमों के आतंक के कारण पलायन को मजबूर हुए।

- साध्वी बोलीं, मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी है सपा

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत जिला सूचना विभाग की ओर से तिकोनिया पार्क में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुभासपा विनीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी ने प्रधानमंत्री के जीवन पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी गयी है।

### स्पेशल किट बनीं बाढ़ पीड़ितों का संबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने आपदा राहत में जनसहभागिता की मिसाल पेश की है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट तैयार कर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की जा रही हैं। करीब 45 लाख रुपये की लागत से बनी इन किटों में मच्छरदानी, छाता, बैटरी-टॉर्च, सेनेटरी पैड और गर्म पानी का थर्मस शामिल है। एक किट की कीमत लगभग 900 रुपये है। डीएम ने बताया कि निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को प्राथमिकता के आधार पर किट दी जा रही है। जिले की निघासन, धौरहरा, गोला गोकर्णनाथ और पलिया तहसीलों में चिन्हित लाभार्थियों तक वितरण किया जा रहा है।

### फार्मा और बायोटेक क्षेत्र में हुआ एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र. प्रोमोट फार्मा काउंसिल और राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), रायबरेली के मध्य यह एमओयू (समझौता) हुआ है, इससे प्रदेश में दवाओं और मेडिकल उपकरणों के निर्माण, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। प्रमुख सचिव, गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), तीनों संस्थाओं के आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### भाजपा सरकार में बिना कमीशन कार्य नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा



सरकार में कोई कार्य बिना कमीशन के नहीं हो रहा है। आम जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। जल जीवन मिशन से लेकर सड़कों के निर्माण तक में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी साफ-साफ दिखाई दे रही है। हजारों करोड़ के बजट का बंदरबांट हो गया लेकिन सड़कों के गड्ढे जस के तस बने हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को साजिश के तहत योजनाबद्ध तरीके से तबाह और बर्बाद किया जा रहा है।

# 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इस साल 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा है। वहीं, बीते साल यहां से इजराइल भेजे गए श्रमिकों ने उत्तर प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस भेजा है। इस बीच भविष्य में रोजगार के अवसरों की पहचान को लेकर कोई ठोस योजना बनाने से पहले जल्द ही फिक्की, एसोचैम और सीआईआई जैसे उद्योग संघों के साथ मंथन बैठक सरकार के प्रतिनिधि करेंगे।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन तथा सचिव राज्य संचालन समिति एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् के मुताबिक, राज्य सरकार ने युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मिशन का गठन किया है। पिछले वर्ष मिशन के माध्यम से 5978 निर्माण श्रमिकों को इज़राइल भेजा गया, जिससे प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस प्राप्त हुआ। इस वर्ष 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने, देश के निजी क्षेत्र में 3 लाख अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने और 4 लाख अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसलिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# एक अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद

## 31 दिसंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पंजीकृत किसानों से होगी खरीद, भुगतान सीधे बैंक खाते में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** डबल इंजन सरकार किसानों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खेती से जोड़ने के लिए नई व्यवस्था लागू कर रही है। वर्ष 2025-26 के लिए मक्का, बाजरा और ज्वार की सरकारी खरीद पहली अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण जारी है। खाद्य व रसद विभाग के अनुसार पंजीकरण fcs.up.gov.in अथवा यूपी किसान मित्र ऐप पर अनिवार्य है।

पंजीकृत किसानों से ही खरीद होगी। भुगतान सीधे आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जाएगा। बिचौलियों को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए खरीद केंद्रों पर ई-पॉप मशीन से बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा। किसी समस्या के लिए किसान टोल-फ्री नंबर 18001800150 पर मदद ले सकते हैं। साथ ही वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और विपणन निरीक्षकों से भी संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रीअन्न की खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने का साधन है, बल्कि पोषण सुरक्षा और जलवायु अनुकूल कृषि को भी बढ़ावा देती है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक किसान मक्का, बाजरा और ज्वार की खेती से जुड़ें और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लें।



### न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी

मक्का : 2400/कुंतल
बाजरा : 2775/कुंतल
ज्वार (हाइब्रिड) : 3699/कुंतल
ज्वार (मालवांडी) : 3749/कुंतल

### कहां-कहां होगी खरीद

**मक्का :** बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर।

**बाजरा :** बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव।

**ज्वार :** बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन।

# नवरात्र से कीजिए नई एसी बसों में सफर

## परिवहन निगम के बेड़े में दो कैटेगरी की अत्याधुनिक तकनीक से लैस 200 बसों को किया जा रहा शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व पर वातानुकूलित सेवाओं का उपहार देने जा रहा है। निगम अपने बेड़े में 200 नई एसी बसों को शामिल कर इनका संचालन शुरू करने जा रहा है। इसके लिए दो कैटेगरी की बसों को इस बेड़े में शामिल किया जा रहा है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि ये सभी बसें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इन बसों की विशेषता यह है कि इनमें 2×2 सीटर आरामदायक रीक्लाइन सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में भी पूर्ण सुविधा और आराम मिले और उन्हें सफर में थकान न महसूस हो। इसका रूट प्लान जल्द जारी होगा। डिपो को आवंटित किए जाने के बाद प्रदेश की विभिन्न सड़कों पर यह लक्जरी बसें दौड़ती नजर आएंगी।



बेड़े में शामिल होने वाली एसी बसों को दिखाते परिवहन निगम के अधिकारी। अमृत विचार

### 2×3 सीटर की 72 बसें भी आएंगी

परिवहन निगम के प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि 200 टू-बाई-टू बसों के अलावा करीब 72 बसें टू-बाई-थ्री सीटर भी आने वाली हैं। जहां टू-बाई-टू बसों का मतलब दोनों ओर यात्रियों के लिए दो-दो सीटें वहीं टू-बाई-थ्री में एक ओर तीन सीट और दूसरी ओर दो सीटों की व्यवस्था यात्रियों के लिए होती है। दो सौ बसें 44 सीटर और शेष 50 सीटर वातानुकूलित हैं। आने के बाद इन्हें भी बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।



आरामदायक सीटों से लैस बसें।

### वर्ष 2022 से 5,000 से अधिक बसें शामिल

मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 2022 से अब तक 5,000 से अधिक बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा वर्तमान में देश की सबसे युवा फ्लीट बन चुका है। परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# घोटाले के आरोपी अफसरों की संपत्तियां की गईं कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के तहत की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इलाहाबाद जोन की टीम ने भगवती प्रसाद वर्मा और अतहर परवेज की संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए की विशेष अदालत के आदेश पर की गई। दोनों के खिलाफ 24 अप्रैल को अभियोजन शिकायत दायर की थी। जिसका संज्ञान अदालत ने 9 सितंबर को लिया।

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने एसीबी, सीबीआई लखनऊ द्वारा भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। मामला 2007-10 के दौरान सात जिलों बलरामपुर, गोंडा, महोबा, सोनभद्र, संत कबीर नगर, मिर्जापुर और कुशीनगर में आधिकारिक पद के दुरुपयोग, आपराधिक साजिश और मनरेगा फंड के दुरुपयोग से जुड़ा है। ईडी की जांच में सामने आया कि भगवती प्रसाद वर्मा तत्कालीन परियोजना निदेशक (डीआरडीए) और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा और अतहर परवेज ने अन्य अधिकारियों व निजी आपूर्तिकर्ताओं से मिलकर संयुक्त समिति पंचायत उद्योग, चिनहट, लखनऊ और पंचायत उद्योग, झंझरी, गोंडा जैसी फर्मों से जॉब कार्ड, शिकायत पेटी, रजिस्टर, जनरेटर, टेंट, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी की टंकी, साइनबोर्ड और मुद्रण सामग्री की अत्यधिक दरों पर खरीदारी की। जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ। घोटाले की पुष्टि हुई। इसके बाद 29 नवंबर 2023 को अंतिम कुर्की आदेश के तहत लखीमपुर और कानपुर में स्थित 97.18 लाख रुपये की 9 संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# पहाड़ों पर बारिश से पूर्वांचल की नदियां उफान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश का प्रभाव पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रहा है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से खासकर गोरखपुर में बहने वाली नदियों का रौद्र रूप नजर आ रहा है।

दरअसल, पूर्वी उप्र. के तराई इलाकों में भी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इस कड़ी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, राप्ती केवल 82 सेंटीमीटर और रोहिन नदी खतरे के निशान से मात्र 4 सेंटीमीटर नीचे बह रही हैं। राप्ती-रोहिन और घाघरा नदी के उफान पर होने के कारण इन नदियों के किनारे बसे गांवों पर बाढ़ का खतरा है।

### पांच दिनों में थमेगा भारी बारिश का सिलसिला

लखनऊ : मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में भारी बारिश का सिलसिला थमेगा। इसके बाद प्रदेशवासियों को पुन: गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच 19 सितंबर को पश्चिमी उप्र. के कुछ इलाकों और पूर्वी राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

# वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियां होंगी कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई अदालत में चल रहा आय से अधिक संपत्ति का मामला

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। न्यायाधीश ने आय से अधिक संपत्ति मामले में बुधवार को वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया। पासपोर्ट अधीक्षक गाजियाबाद में तैनात थे। वर्तमान में मुंबई में तैनात हैं।

सीबीआई ने 24 मार्च को मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने 30 जुलाई, 2018 से 30 सितंबर, 2024 तक की जांच अवधि के दौरान 85.06 लाख रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। जो उनकी ज्ञात आय का लगभग 146.43% है। उनके आवास की तलाशी में लगभग 60 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, उच्च-मूल्य के खर्चों के रिकॉर्ड और अचल संपत्तियों में निवेश का विवरण मिला। जांच से पता चला कि आरोपी ने जांच अवधि के दौरान राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक आवासीय फ्लैट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक व्यावसायिक दुकान खरीदी थी।

सीबीआई के आवेदन पर अदालत ने दोनों संपत्तियों की अंतरिम कुर्की का आदेश जारी कर दिया।

# नए मतदाता जोड़ने का तय किया लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने बूथ कमेटियों व शक्ति केंद्रों को सौंपी जिम्मेदारी, संगठन महामंत्री ने प्रयागराज में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**अमृत विचार :** भाजपा ने बूथ कमेटियों व शक्ति केंद्रों को नए मतदाता बनाने के साथ मृतक व बाहर रहने वालों का नाम मतदाता सूची से हटाने का लक्ष्य सौंपा है। इसके लिए घर-घर जाकर नए युवा मतदाताओं की पहचान से लेकर उनका फार्म भराने का अभियान चलेगा। भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इसी अभियान को लेकर गुरुवार को प्रयागराज में थे।

भाजपा का फोकस वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में कम अंतर से हारी 53 सीटों में 15 ऐसी सीटों पर सबसे अधिक है, जहां एक हजार से कम मतों से जीत-हार हुई थी। हालांकि सभी सीटों पर पांच से सात हजार भाजपा समर्पित नए मतदाता पंजीकृत कराने की रणनीति बनाई गई है। जल्द ही पार्टी इसका अभियान शुरू करेगी। भाजपा इस अभियान के जरिए एक ओर जहां युवाओं और पहली बार वोट डालने वालों तक पहुंच बनाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर उन वर्गों को भी जोड़ने की कोशिश होगी जो अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। भाजपा अपनी युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिए कालेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष शिविर लगाकर युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने की योजना बनाई है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की घोषणा होते ही पार्टी इसमें जुट जाएगी।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते धर्मपाल सिंह।

प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रयागराज में कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही निश्चित विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अनुशासित, परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाए। हर कार्यकर्ता को काम और काम की समीक्षा से जबाबदेही का कल्चर विकसित होगा।

# जीएसटी सुधार अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने जीएसटी रिफार्म का स्टिकर लांच कर अपनी व्हाट्सएप डीपी बदली। अभियान संयोजक, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी की गई है। इसी क्रम में प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पंचायतों, नगर निगमों और विकास खंडों में धन्यवाद प्रस्ताव पारित होंगे, प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होर्डिंग लगाई जाएंगी।

# 16 आईपीएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ के एसपी पुलिस मुख्यालय से किए गए संबद्ध

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 10 जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ जिले के कप्तान पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, एसपी सुरक्षा जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया। वहां तैनात दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को एसएसपी बनाया गया है। वहीं, एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को हरदोई भेजा गया है। एसपी रेलवे आगरा अभिषेक वर्मा को सोनभद्र, एसपी प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार-2 को एसएसपी आजमगढ़, अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर, औरैया के एसपी अभिजीत आर शंकर को अंबेडकरनगर, प्रयागराज कमिश्नरेट के डीसीपी अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना, एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा और एसपी देवरिया विक्रांत वीर को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया। प्रयागराज 4वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया। एसपी बलिया अनिल कुमार झा को एसपी रेलवे आगरा और पीएसी 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज का सेनानायक बनाया गया है।

# बाल श्रम के खिलाफ होगी ठोस कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना के तहत सरकार बाल श्रम में लगे बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने के प्रयासों को तेज करेगी और बाल श्रमिकों के नियोक्ताओं के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। कार्यशाला का आयोजन बाल श्रम से सम्बंधित मंडल व जिला स्तर के रुझानों को समझने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया था है।

लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, अजय जैन के नेतृत्व श्रम विभाग द्वारा में यूनिसेफ के सहयोग से मंडलीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को लखनऊ में किया गया। अजय जैन ने जिले में प्रायोजन (स्पान्सर्शिप) योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व विधवा पेंशन जैसी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर कवरेज के माध्यम से बाल श्रम के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान उत्तर प्रदेश के यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ, सैयद मंसूर कादरी ने स्कूल न जाने वाले बच्चों और प्रवासी बच्चों की मजबूत जानकारी और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, खीरी, उन्नाव, व रायबरेली के शिक्षा, महिला कल्याण, श्रम, पुलिस, कौशल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामीण विकास, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू), बाल हेल्पलाइन (सीएचएल) और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) के सदस्यों ने भाग लिया।



बाल श्रम उन्मूलन को लेकर आयोजित मंडलीय कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

- बाल श्रम उन्मूलन पर मंडलीय कार्यशाला आयोजित

सलाह | विधानसभा अध्यक्ष ने लोक लेखा समिति की बैठक को किया संबोधित

# अनुभवी सदस्यों से सीख लें नए सदस्य : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को लोक लेखा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समिति में सभी अनुभवी विधायक शामिल हैं, जिनकी कार्यक्षमता का उपयोग जनता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। लोक लेखा समिति में जो सदस्य पहली बार शामिल हुए हैं, वे वरिष्ठ और अनुभवी सदस्यों से सीख लेकर समिति की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएं।

विधानसभा अध्यक्ष के मुताबिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान के प्रति जवाबदेही पर आधारित है और सरकार जनता के करों से संचालित होती है। अतः जनप्रतिनिधियों की सीधी जिम्मेदारी है कि करदाता, विशेषकर गरीब जनता के धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

महाना ने लोक लेखा समिति की उद्घाटन बैठक के दौरान कहा कि लोक लेखा समिति का महत्व इसलिए और अधिक है, क्योंकि वित्तीय अनुशासन के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है।

वरिष्ठ विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में जाने पर उप्र. विधानसभा और उसकी गरिमा की चर्चा सर्वत्र देखने को मिलती है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार सतीश महाना ने औद्योगिक विकास मंत्री के रूप में उल्लेखनीय बदलाव किए, उसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने विधानसभा और समितियों की गरिमा को नई दिशा प्रदान की है। लोक लेखा समिति की इस उद्घाटन बैठक में लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।



लोक लेखा समिति के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार



अतीत पर ध्यान मत दो। भविष्य के बारे में मत सोचो। अपने मन को वर्तमान पर केंद्रित करो।

–महात्मा बुद्ध

## सांसों पर मंडराता खतरा

वायु प्रदूषण आज केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, जिसमें सीक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से तीन सप्ताह के भीतर वायु प्रदूषण से निपटने की ठोस योजना पेश करने को कहा गया है, इस समस्या की तात्कालिकता को रेखांकित करता है। राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हर वर्ष सर्दियों में धुंध, स्मॉग और जहरीली हवा के कारण विश्व स्तर पर शर्मिंदगी झेलते हैं। यह विडंबना है कि वैज्ञानिक तकनीक और प्रशासनिक साधनों की उपलब्धता के बावजूद समस्या हर साल जस की तस बनी रहती है। दरअसल, वायु प्रदूषण का संकट केवल वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन या निर्माण कार्यों की धूल से पैदा नहीं होता। इसका बड़ा कारण खेतों में पराली जलाना भी है, जिससे हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली-एनसीआर का वायुमंडल दमघोंटू हो जाता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल किसानों की गिरफ्तारी या दंड से समस्या का समाधान नहीं होगा। राज्य सरकारों को किसानों के लिए व्यवहारिक विकल्प और वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने होंगे, ताकि वे पराली जलाने के बजाय अन्य उपाय अपनाएं। साथ ही, कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था भी आवश्यक है।

न्यायालय ने इस मुद्दे को केवल तकनीकी या प्रशासनिक दृष्टिकोण से नहीं देखा, बल्कि नागरिकों के जीवन के मौलिक अधिकार से जोड़ा है। स्वच्छ हवा में सांस लेना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जब प्रदूषण के कारण बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं, तब यह केवल पर्यावरणीय प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि जनस्वास्थ्य संकट बन जाता है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से श्वसन संबंधी रोग, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त कार्ययोजना आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल दी जाती है और परिणामस्वरूप समस्या यथावत रहती है। यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद ली जाए, तो निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो सकता है। इसके अलावा, न्यायालय द्वारा तीन सप्ताह की समय-सीमा एक अवसर है कि सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर ठोस, व्यावहारिक और समयबद्ध कार्य योजना प्रस्तुत करें।

लंबे समय के लिए हमें शहरी नियोजन और परिवहन व्यवस्था को भी प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से देखना होगा। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक क्षेत्रों को सख्त मानकों के अधीन लाना समय की मांग है। साथ ही, वृक्षारोपण और हरित पट्टी के विकास को केवल औपचारिकता न मानकर गंभीरता से लेना होगा। आज स्थिति यह है कि अदालत को बार-बार सरकारों को चेतावनी देनी पड़ रही है। यह प्रशासनिक तंत्र की असफलता को दर्शाता है। यदि हम समय रहते कठोर और ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो यह संकट हमारे भविष्य को ही नहीं, वर्तमान को भी असुरक्षित बना देगा।

## प्रसंगवश

## रिश्तों के नौ चरणों में छिपी है जीवन जीने की कला

'शांति संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, यह शांतिपूर्ण माध्यमों से संघर्ष को संभालने की क्षमता है।'- रोनाल्ड रीगन

बदलते समय के साथ रिश्तों और शांति की अवधारणा विकसित हुई है, जहां हर व्यक्ति अपनी शांति की अवधारणा को एक ऐसे तरीके से परिभाषित करता है, जो पहले अज्ञात था। 'शांति और सद्भाव' का पर्यायवाची अक्सर 'संघर्षों की अनुपस्थिति या अलगाव का आसान तरीका' माना जाता है। हमारे पूर्वजों ने ठीक ही कहा था कि किसी भी रिश्ते की नींव बनाने में सदियां लगती हैं, लेकिन इसे नष्ट करने में केवल कुछ सेकंड लगते हैं। गलतफहमी, अल्टर-इगो, अस्वीकार्य व्यवहार, घरेलू हिंसा, निर्दयी प्रतिकार या कोई अस्वीकार्य कार्य संबंधों में पहले कदम की सीढ़ी के तहत आता है, जहां वर्तमान पीढ़ी इसे 'हम इसे और नहीं चला सकते' के रूप में टैग करती है।



गार्गी जुयाल

लेखिका

पुराने दिन बहुत सुनहरे थे, जहां परिवार एकजुट थे। सभी साथ मिलकर रहते थे। उन दिनों न सिर्फ रिश्तों की अहमियत थी, बल्कि इन्हें संजोया भी जाता था और विवाह को भी खूब महत्व दिया जाता था। विवाह के अनुष्ठानों में ली गई हर कसम शुद्ध और सदा के लिए थी, जहां व्यक्तियों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया जाता था और उन पर काम किया जाता था। पृथ्वी के क्षेत्रों की तरह रिश्तों के भी क्षेत्र हैं। यानी रिश्ते के चरणः

1. आकर्षण-मोह का चरण
2. उत्तेजना-बेचैनी का चरण
3. विश्वास निर्माण-नींव का चरण
4. वास्तविकता का चरण
5. रिश्तों में गहराई का चरण
6. प्रतिबद्धता का चरण
7. परोपकारी-सहभागीदारी का चरण
8. आत्म-विकास का चरण
9. अंतिम चरण

प्रेम के इन नौ चरणों को जीवन को समझने के लिए आरोही क्रम में रखा गया है, जहां लोग मिलते हैं और एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। एक-दूसरे से मिलने या संवाद करने की उत्तेजना विकसित करते हैं। अगले दिन या आगामी घटनाओं के लिए विश्वास और आस्था बनाते हैं, लेकिन समय के साथ जब दोनों भागीदार अपने सच्चे स्वरूप, अपने सच्चे गुण, अपने व्यवहारिक पैटर्न और जीवन कैसे संचालित करते हैं, इसका हर एक विवरण प्रकट करते हैं तो अक्सर हार मान लेते हैं।

दूसरी ओर पुराने दिनों में इसे एक-दूसरे को वास्तव में जानने के चरण के रूप में माना जाता था, जहां कोई सीमा या प्रभाव बनाने के कार्य नहीं थे। इसके बाद गहरा करने का चरण आता था, जिसमें जीवन के सभी मापदंडों सहित एक-दूसरे को सर्वोत्तम तरीके से जानने की सहमति शामिल थी। फिर प्रतिबद्धता का चरण आया, जहां व्यक्तियों ने आपसी, स्वेच्छा से और पूरे दिल से आने वाली किसी भी स्थिति में जीवन भर एक साथ बिताने का वादा किया, जिससे सह-भागीदारी चरण का उदय हुआ। सभी जिम्मेदारियों और कार्यों को साझा करना और इससे पहले कि हम इसे एक आदर्श रिश्ता या एक-दूसरे के लिए बने हुए कहें, सबसे महत्वपूर्ण चरण आता है, जहां दोनों भागीदार अपने आत्म-विकास के लिए एक-दूसरे की सहायता करते हैं। इन चरणों से गुजरने और इसे एक सुस्थापित रिश्ता मानने में वर्षों लगते हैं, जहां अगर दंपत्ति एक साथ काम करने का संकल्प लेते हैं, तो वे हर बाधा का सामना करने के लिए प्रतिरक्षित होते हैं। रिश्तों को संरक्षित करना आवश्यक है।

## कतर हमले के बाद हर ओर से घिर रहा है इजराइल






नवीन गुप्ता

बरेली

कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर हमले कर इजराइल मित्र देशों से भी घिर गया है। स्थिति यह है कि अमेरिका ने बीच-बचाव कर मामले को संभालने की कोशिश तो की है, लेकिन इस्लामिक राष्ट्रों की नाराजगी कम होती नहीं दिख रही है। यह स्थिति न सिर्फ तनाव को और बढ़ा रही है, बल्कि युद्ध का नया मोर्चा खुलने की आशंका भी जताई जा रही है। पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से अधिक मुस्लिम देशों ने मोर्चा खोल दिया है। नौ सितंबर को कतर में हुए हमले के बाद कतर की राजधानी दोहा में अरब लीग और मुस्लिम इस्लमिक सहयोग संगठन की आपातकालीन मीटिंग में इजराइल के हमले की न सिर्फ निंदा की गई, बल्कि कड़े कदम उठाने की मांग भी उठी। इस बैठक में शामिल हुए 60 मुस्लिम देशों में इजराइल के मुद्दे पर किसी तरह का कोई मतभेद नहीं दिखा बल्कि एक स्वर में इजराइल पर कार्रवाई करने की मांग उठाते रहे। साथ ही फिलिस्तीन पर इजराइल द्वारा किए जा रहे हमले रोकने की मांग भी उठी और फिलिस्तीन वासियों के विरुद्ध कार्रवाई रोकने के लिए हर जरूरी कानूनी और प्रभावी कदम उठाने का भी निर्णय लिया गया।

अब तो यह आशंका भी जताई जा रही है कि कुछ इस्लामिक देश इजराइल के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंध भी तोड़ सकते हैं, क्योंकि इस बैठक में मुस्लिम देशों ने राजनयिक और आर्थिक संबंधों की समीक्षा की घोषणा की है। मामला तो यहां तक बढ़ गया है कि अब ये देश संयुक्त राष्ट्र में इजराइल की सदस्यता निलंबित करने के लिए एकजुट होकर मांग उठाने को तैयार हैं। साथ ही संयुक्त सेना बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास आदि ने एक स्वर में इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का एलान किया। इससे अब लगता है कि अमेरिका भी इन देशों को इजराइल के विरुद्ध कार्रवाई न करने के लिए मना नहीं पाएगा। कतर ही हमास नेताओं और इजराइल के वार्ताकारों के बीच समझौता वार्ता करा रहा था, लेकिन अब यह वार्ता पूरी तरह से पटरी से उतर गई है, क्योंकि इजराइल ने कतर में बैठे हमास नेताओं को ही निशाना बना दिया, हालांकि बड़े नेताओं को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन कतर व अन्य इस्लामिक देशों से इजराइल के रिश्ते जरूर खराब हो गए।

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने बैठक में स्पष्ट कहा कि इजराइल ने हमास के वार्ताकारों को निशाना बनाकर गाजा युद्ध विराम वार्ता को विफल करने की भरपूर कोशिश की है। ईरान को भी भय है कि इजराइल कभी भी उस पर हमले कर सकता है। ईरान के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा कि अगर मुस्लिम और अरब देश एक नहीं हुए तो कल उनकी भी बारी आ सकती है। उनका यह बयान दर्शाता है कि उन्हें इस बात का भय है कि इजराइल कभी भी ईरान या अन्य मुस्लिम राष्ट्र पर हमला कर सकता है। तुर्की और इजराइल दोनों ही अमेरिका के खास मित्र राष्ट्र हैं, लेकिन तुर्की और इजराइल के बीच तनाव किसी से छुपा नहीं है। तुर्की राष्ट्रपति एर्दोगन ने तो इजरायल पर आतंकवादी मानसिकता अपनाने का आरोप भी लगाया है। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने अन्य मुस्लिम राष्ट्रों पर भी इजराइल के हमले की आशंका जताई है व एकजुटता की अपील की है।

इसी माह होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इजराइल के विरुद्ध इन राष्ट्रों की एकजुटता देखने को मिल सकती है। सभी एकजुट होकर इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग कर सकते हैं। इजराइल को मान्यता देने वाले संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और मोरक्को जैसे देशों पर इजराइल पर दबाव बनाने के लिए कहा जा रहा है। उधर, फ्रांस ने भी इजराइल के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार किया है और फिलिस्तीन के प्रति अपने समर्थन को दोहराया है। खुद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। आस्ट्रेलिया भी फ्रांस के साथ खड़ा है और इजराइल के विरुद्ध उसका रुख सख्त हो गया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में मान्यता की बात कही है। कनाडा और यूनाइटेड किंगडम पहले ही भी मान्यता का एलान कर चुके हैं।

फिलिस्तीन के प्रति बढ़ते समर्थन से न सिर्फ इजराइल परेशान है, बल्कि अमेरिका भी। अमेरिका की कोशिश है कि किसी तरह से फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कनाडा आदि देशों को फिलिस्तीन का समर्थन करने से रोका जाए, हालांकि इन देशों की नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि वे अब अमेरिका की भी नहीं सुन रहे हैं। इजराइल के प्रति बढ़ती नाराजगी को रक्षा विशेषज्ञ और आर्थिक विशेषज्ञ अच्छा नहीं मानते हैं। इन सबके बीच इस्लामिक राष्ट्रों द्वारा संयुक्त सेना बनाने की घोषणा न सिर्फ इजराइल के लिए चिंता का विषय है, बल्कि अमेरिका के लिए भी। अमेरिका ने कई अरब देशों में अपने सैन्य बेस बना रखे हैं, जो उसे हटाने पड़ सकते हैं।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक अहम सैन्य समझौता हुआ है। यह समझौता दोनों देशों ने नाटो की तर्ज पर किया है। समझौते में कहा गया है कि इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर माना जाएगा। यह समझौता न सिर्फ इजराइल की टेंशन बढ़ाने वाला है, बल्कि भारत की टेंशन भी इससे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार कह रहे हैं कि भारत में होने वाला कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा। भारत फिर ऑपरेशन सिंदूर को सक्रिय कर देगा। सऊदी अरब और भारत के बीच गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में पाकिस्तान से युद्ध होता है, तो हमारे रिश्ते सऊदी से भी खराब हो सकते हैं।

पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से ज्यादा मुस्लिम देशों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

## आमने सामने



मेरे पास 101 प्रतिशत सबूत हैं कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। वोटर लिस्ट से नामों को डिलीट सेंट्रलाइज्ड तरीके से किया गया और नामों को डिलीट करने के लिए व्यक्ति का नहीं बल्कि सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। **-राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष

जब राहुल गांधी से अपने आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है तो वे पीछे हट जाते हैं और शपथ पत्र देने से भी मुकर जाते हैं। बार-बार आरोप लगाना, फिर माफी मांगना और कोर्ट से फटकार खाना, यही राहुल गांधी का राजनीतिक स्टाइल बन गया है। **-अनुराग ठाकुर**
नेता भाजपा



## घुसपैठिएः समस्या, सियासत और समाधान



डॉ. ओपी त्रिपाठी

लेखक

क्या बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई और घुसपैठ रोकने की राह आसान है? देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को बांग्लाभाषियों के खिलाफ उत्पीड़न बताकर जिस तरह की राजनीति हो रही है, यह भी एक गंभीर मुद्दा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद को बताया था कि भारत में लगभग दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। 2004 में तत्कालीन यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने खुलासा किया था कि देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में कुल एक करोड़ 20 लाख 53,950 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं।

ये आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि कुछ अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा दो करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं, जिन्हें हटाकर ही इस गंभीर समस्या से निपटना संभव हो सकेगा, जिस तरह से सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली जा रही है, वह बंगाल में सामाजिक संकट पैदा कर रहा है। इस समय पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ओर से भाषा आंदोलन चलाया जा रहा है। यह आंदोलन कथित तौर पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों को उत्पीड़ित किए जाने के खिलाफ है। गौरतलब है कि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसमें पकड़े गए बंगाल के कुछ प्रवासी श्रमिक भी थे, जिन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। उसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के बांग्लाभाषियों का उत्पीड़न व अपमान बताकर बंगाली अस्मिता का कार्ड खेलना शुरू कर दिया है।

इन परिस्थितियों में बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कैसे शुरू हो सकेगी? अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात शुरू हुई ही है, तो तृणमूल समेत कांग्रेस व वामपंथी दल विरोध में खड़े हो गए हैं। घुसपैठियों से निपटने के साथ-साथ केंद्र सरकार को बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने होंगे। असम और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। बिहार में तो दो माह में ही चुनाव संपन्न हो जाएंगे। लिहाजा घुसपैठियों के खिलाफ हुंकारें समझ में आती हैं।

बेशक देश के सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकी संतुलन कई जगह बिगड़ चुका है। कथित तौर पर असम में 50 लाख से अधिक और बंगाल में 57 लाख से अधिक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण ये समीकरण बदल रहे हैं। नतीजतन सांप्रदायिक दंगों के हालात भी बनते जा रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हिंदू-विरोधी उत्पात मचाए गए, हिंसक प्रहार किए गए, घर उजाड़ दिए गए, उस परिदृश्य पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील खतरा मानते हैं। हमारे युवाओं के हिस्से के संसाधन और रोजगार छिन रहे हैं। महिलाओं की इज्जत के साथ छल-कपट, खिलवाड़ किए जा रहे हैं। यकीनन यह विकराल राष्ट्रीय समस्या लगती है। बंगाल से सटी बांग्लादेश की 569 किमी सीमा ऐसी है, जहां फेंसिंग (बाड़) नहीं लग सकी है। बंगाल में बांग्लादेश से लगी कितनी सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है? इसकी वजह क्या है? पिछले तीन वर्षों में कितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं? इन सवालों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया था कि बंगाल से लगती बांग्लादेश की सीमा की कुल लंबाई 2216 किमी है, जिसमें से 1648 किमी पर फेंसिंग हो चुकी है। बाकी 569 किमी में फेंसिंग नहीं हुई है। इसमें भी 112 किमी सीमा ऐसी है, जहां पर नदी-नाले व जंगल हैं। वहां बाड़ लगाना संभव नहीं है।

अब तक पूरी तरह से बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग क्यों नहीं हो सकी है? इसकी मुख्य वजह केंद्र की ओर से राज्य सरकार द्वारा समय पर जमीन का बंदोबस्त नहीं करना बताया जा रहा है। अब जमीन मिलने की बात कही जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, बांग्लादेश से 2023 में 1,547, 2024 में 1,694 और 2025 में अब तक 723 लोग घुसपैठ करते पकड़े गए हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि घुसपैठ कितनी बड़ी समस्या है। ऐसी ही स्थिति रही तो बंगाल में मौजूद घुसपैठियों पर कार्रवाई करना कितना मुश्किल है, यह समझा जा सकता है।

वामपंथी दलों पर घुसपैठियों का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप खुद ममता बनर्जी सड़क से लेकर संसद तक में लगाती रही हैं, लेकिन 2011 में सत्ता में आने के बाद अब उन पर ही इन घुसपैठियों को प्रश्रय देने का आरोप लग रहा है। जिस तरह से ममता संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), संशोधित वक्फ कानून और अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जोड़कर मुखर हो रही हैं, यह काफी कुछ बता रहा है।

बांग्लादेशी घुसपैठिए देश और क्षेत्र विशेष की डेमोग्राफी के लिए घातक हैं। इस पर सियासत तो हो रही है, लेकिन अहम यह है कि इसका शीघ्र समाधान निकाला जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

## मार्क ट्वेन की प्रेम कथा

प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन ने जब ओलिविया लैंगडन से विवाह किया तो उन्होंने एक मित्र से कहा, "अगर मुझे पता होता कि वैवाहिक जीवन इतना सुखद हो सकता है, तो मैं यह तीस 30 पहले ही कर लेता, दांत उगाने में समय बर्बाद करने के बजाय।"

उस समय ट्वेन 32 वर्ष के थे। ट्वेन- जिनका असली नाम सैम्युअल क्लेमेन्स था, एक साधारण परिवार से आते थे और बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआत एक प्रिंटर के शागिर्द के रूप में की, फिर स्टीमबोट पायलट बने। चांदी की खदानों में किस्मत आजमाई (और बुरी तरह असफल रहे), लेकिन अंततः असली पहचान एक लेखक के रूप में पाई। उनकी तीखी बुद्धि और अद्भुत कहानी कहने की कला ने उन्हें पूरे अमेरिका में प्रसिद्ध कर दिया।



संजीव मिश्रा

ब्लॉगर

इसी दौरान वे प्रेम में पड़े। पहले ओलिविया से नहीं, बल्कि उनकी तस्वीर से। एक मित्र ने उन्हें एक लॉकेट में ओलिविया की तस्वीर दिखाई और बाद में उनसे मिलवाने का न्योता दिया। मिलने के दो हफ्तों के भीतर ही ट्वेन ने प्रस्ताव रख दिया। ओलिविया को वे पसंद आए, लेकिन उन्होंने हिचकिचाते हुए मना कर दिया। वे उनसे दस साल बड़े थे। उनकी समृद्ध और सुसंस्कृत सोसायटी के अनुरूप नहीं थी और उनके पास एक पैसा भी नहीं था। ओलिविया उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करती थीं, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया।

ट्वेन हार मानने वाले नहीं थे, उन्होंने दोबारा प्रस्ताव रखा। इस बार ओलिविया ने उनके धार्मिक विश्वास की कमी का हवाला दिया। ट्वेन ने अपनी सिग्नेचर हास्य और सच्चाई से उत्तर दिया, "अगर यही जरूरी है तो मैं अच्छा ईसाई बन जाऊंगा।" हालांकि ओलिविया ने फिर मना कर दिया, लेकिन तब तक वे भी उनसे प्रेम करने लगी थीं। ट्वेन, यह मानकर कि अब कोई संभावना नहीं है, वहां से चले गए। रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय उनकी गाड़ी पलट गई। मौका भांपकर ट्वेन ने अपनी चोटों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और उन्हें ओलिविया के घर ले जाया गया। जब ओलिविया उनकी देखभाल में लगीं, तब उन्होंने अंतिम बार प्रस्ताव रखा। इस बार, ओलिविया ने 'हां' कह दी।

ट्वेन ने धार्मिक पत्नी को खुश करने की पूरी कोशिश की। वे हर रात उनके लिए बाइबिल पढ़ते व भोजन से पहले प्रार्थना करते। यह जानते हुए कि पत्नी को उनकी कुछ कहानियां पसंद नहीं थीं, उन्होंने उन्हें कभी प्रकाशित नहीं किया और 15,000 से अधिक पन्नों का अप्रकाशित साहित्य इकट्ठा कर लिया। ओलिविया उनकी पहली संपादक व सबसे कठोर आलोचक बनीं। **-फेसबुक वाल से**



## सामयिकी

## परीक्षा में उलझ गई नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति को लेकर जिस व्यापक बदलाव की आशा की जा रही थी, वह केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की परीक्षा में कमजोर साबित हुई है। नीति में प्रस्तावित ढांचा, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट प्रणाली, डिजिटल विश्वविद्यालय और शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मानक आदि अधिकांशतः या तो कागजो तक सीमित रह गए हैं या उनके क्रियान्वयन में गंभीर असमानताएं सामने आई हैं। कई राज्य इसे केंद्र सरकार की ओर से थोपी गई नीति मानते हैं, वहीं कुछ ने इसे पूर्णतः खारिज भी कर दिया है।

नई शिक्षा नीति की घोषणा 2020 में हुई और 2021-22 से इसे लागू करने के प्रयास शुरू हुए, पर अब 2025 में भी स्थिति यह है कि देश के अधिकांश विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में यह आधे-अधूरे रूप में ही अपनाई गई है। 5+3+3+4 ढांचे की बात करें तो यह अभी तक केवल दस्तावेजों में है। अधिकांश स्कूल अभी भी 10+2 प्रणाली के अनुसार ही काम कर रहे हैं। नई पाठ्यचर्या की घोषणा के बावजूद, नई किताबें और प्रशिक्षण संसाधन राज्यों तक समय पर नहीं पहुंच सके हैं।



धीरेंद्र सिंह

लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे लागू करने को लेकर प्रारंभिक रूप से सक्रियता दिखाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 में इसे 'भविष्य को बदलने वाली शिक्षा क्रांति' बताया था। परंतु चार वर्षों के बाद 2025 तक, इसकी जमीनी स्थिति मिश्रित और आंशिक रूप में ही दिखाई दे रही है। स्कूल शिक्षा में 5+3+3+4 ढांचा केवल प्रारंभिक स्तर तक लागू हुआ है, कक्षा 1-2 के लिए बाल वाटिका और फाउंडेशनल स्टेज शुरू की गई है। मगर, अधिकांश शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम और ढांचे की समझ अभी तक अधूरी है। नई किताबें और प्रशिक्षण सामग्री अधिकतर विद्यालयों तक समय पर नहीं पहुंची हैं। मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान केवल सीमित क्षेत्रों में लागू हुआ है। शहरी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक है, जबकि ग्रामीण स्कूलों में पर्याप्त हिंदी सामग्री और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। उच्च शिक्षा में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम कुछ विश्वविद्यालयों में लागू हुआ है, लेकिन मल्टीपल एंट्री-एग्जिट और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) का प्रयोग सीमित है। डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी से छात्र और शिक्षक भ्रमित हैं। एनपीएसटी और शिक्षक प्रशिक्षण अधूरा है। कुल मिलाकर, प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन प्रारंभिक उत्साह के बावजूद आंशिक और असंगठित है। नीति का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब शिक्षक, छात्र और प्रशासन के बीच स्पष्ट संवाद, प्रशिक्षण और संसाधन सुनिश्चित किए जाएं।

देश के स्तर पर देखें तो नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा का जो नारा दिया गया था, वह जमीनी स्तर पर गहराई से विवादों में घिर गया। कई राज्यों ने इसे हिंदी थोपने का प्रयास बताया। वहीं माता-पिता और शिक्षकों के बीच भी इस व्यवस्था को लेकर भ्रम और असहमति बनी रही। उच्च शिक्षा में नीति के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और मल्टीपल एंट्री-एग्जिट जैसी अवधारणाएं लाई गईं, लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय इन बदलावों के लिए तैयार नहीं थे। छात्रों और शिक्षकों, दोनों को नए ढांचे को लेकर भ्रम रहा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और एआईसीटीई जैसी संस्थाएं भी स्पष्ट दिशा-निर्देश देने में असफल रहीं। एबीसी जैसी प्रणाली आज भी केवल पायलट मोड में ही चल रही हैं। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो उसका वादा बड़ा था, लेकिन परिणाम न्यूनतम।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# गर्मी को करें बाय-बाय

## छतों और दीवारों पर लगाएं सुपर कूल शीट

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में गर्मी का मौसम औसतन आठ माह लोगों को परेशान करता है। मार्च माह से एसी चलने शुरू हो जाते हैं और नवंबर से पहले बंद होने की नौबत नहीं आती है। अप्रैल से सितंबर माह के बीच घरों की छतें, दीवारें और पानी की टंकियां अमूमन किसी भट्ठी जैसी तपती हैं। लोगों को तरह-तरह के शीतलन उपायों का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण बिजली का बिल लोगों की हालत खराब कर देता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (आईआईटी-के) के शोधकर्ताओं ने इसी समस्या का कूल-कूल समाधान नवाचार के जरिए प्रस्तुत किया है। उन्होंने एक विशेष तरह की नई इंसुलेशन शीट तैयार की है, जो घरों और बिल्डिंग में सूर्य के तापमान से बढ़ रही गर्मी को काफी हद तक कम करने में सक्षम है।

*- मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार*

**12 डिग्री तक तापमान घटाने में सक्षम**

यह सुपर कूल शीट घर के अंदर के तापमान को करीब 12 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकती है और वह भी बिना बिजली, पानी या किसी मशीनी शोर के। इस आविष्कार के साथ आईआईटी कानपुर ने देश को हरित शीतलन तकनीक में अग्रणी बना दिया है। अगर इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह शहरी और ग्रामीण भारत में भीषण गर्मी से निपटने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है, बिजली खर्च कम करके स्वच्छ, हरित भविष्य को बढ़ावा दे सकता है।

- आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप ने बनाई ऐसी अनोखी शीट जो घर को रखेगी ठंडा
- एसी का बिजली बिल नहीं बनेगा अब आफत, गर्मी से भी मिलेगी पूरी तरह राहत

### सूरज की गर्मी रिफ्लेक्ट कर थर्मल कंडक्टिविटी कम कर देती है

आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने इस सीट को बनाने में सिंथेटिक पॉलीमर का इस्तेमाल किया है। इसे तैयार करने में एक खास कपड़े पर पॉलीमर की कोटिंग की जाती है, जो इसे दीवार, छत या पानी की टंकी पर चिपकने में सक्षम बनाती है। यह शीट सफेद रंग की होती है, जिससे यह गर्मी को रिफ्लेक्ट करती है और थर्मल कंडक्टिविटी को कम करती है। इसमें मौजूद पॉलीमर की वजह से बाहरी हवा वहीं रुक जाती है और इसकी व्हाइट पेपर कोटिंग से सूरज की किरणें रिफ्लेक्ट हो जाती हैं।



### घरों और फैक्ट्रियों में बिजली खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी

इस अनोखी शीट को जिन घरों की छत और दीवारों पर लगाया गया है, उन घरों में कमरों या अन्य स्थानों का तापमान कड़ी धूप में भी बाहर की तुलना में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक कम पाया गया है। इससे घरों और कारखानों में बिजली की खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी देखी गई है। यह सुपर कूल शीट गर्मी की चिंता को दूर करके एक कम लागत वाला, पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जो भारत में हरित प्रौद्योगिकियों और ऊर्जा संरक्षण के प्रति बढ़ते प्रयासों के अनुरूप है। इस शीट को लगाने में किसी प्रकार के फ्रेम की आवश्यकता नहीं होती है। इसे सीधे दीवार, छत या पानी की टंकी पर लगाया जा सकता है।



### 60 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से बाजार में कराई उपलब्ध

आईआईटी की स्टार्टअप फर्म, जीआईटीटेक ने इस शीट का उत्पादन शुरू करके बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया है। बाजार में यह शीट 60 से 65 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर पर बिक्री की जा रही है। इसके विपरीत बाजार में सामान्य शीटों की कीमत 100 से 160 रुपये प्रति वर्ग फुट के बीच है। स्टार्टअप कंपनी के सीईओ आदित्य ने बताया कि उनकी शीट की बाजार में सबसे अधिक डिमांड घरों की छत पर लगी पानी की टंकी के लिए आई है। इसकी वजह शीट लगाने के बाद भीषण गर्मी में भी पानी का नॉर्मल रहना है।



## टेक अपडेट्स

### क्या है गूगल डिस्कवर में आया बड़ा अपडेट




- गूगल डिस्कवर, जो यूजर्स की पसंद के हिसाब से आर्टिकल्स, वीडियो और दूसरे मीडिया दिखाता है। अब उसमें बड़ा अपडेट देखने को मिलेगा। गूगल ने एक ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि अब इसमें इंस्टाग्राम, यूट्यूब शॉर्ट्स और एक्स (पहले ट्विटर) का कंटेंट भी दिखेगा। इसके साथ-साथ दुनियाभर के पब्लिशर्स और क्रिएटर्स के अपडेट भी मिलेंगे। गूगल डिस्कवर में जल्द ही और प्लेटफॉर्म्स का सपोर्ट भी ऐड किया जाएगा।

### डेटा और अनलिमिटेड

- बीएसएनएल के 200 रुपये के रिजार्ज में रोज 2 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग: आपकी डेटा की जरूरत ज्यादा है और आप रोज कम से कम 2 जीबी डेटा चाहते हैं, तो बीएसएनएल का 199 रुपये वाला प्लान आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इस प्लान में आपको 28 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। फायदे की बात करें तो, इसमें आपको किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स, रोज के 100 एसएमएस और 2 जीबी हाई-स्पीड डेटा मिलता है।

### अंगूठे से कर सकेंगे पेमेंट

- अब तक आपको पेमेंट करने के लिए कैश, कार्ड या वॉलेट की जरूरत होती थी, लेकिन अब आपके एक थंब प्रिंट से भी पैसे पे किए जा सकते हैं। भारत में एक नई तकनीक विकसित की गई है, जिससे आप अपने अंगूठे के निशान से पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आपको कैश, कार्ड या मोबाइल की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत की एक स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने थंब पे नाम का एक नया बायोमेट्रिक भुगतान डिवाइस लॉन्च किया है। यह डिवाइस लोगों को अपने अंगूठे से पैसे का लेन-देन करने की सुविधा देता है। थंब पे आधार और यूपीआई से कनेक्टेड होगा, जिससे भुगतान करना आसान होगा।

# AI टेक्नोलॉजी से बन जाएं ट्रेंडी

हाल ही सोशल मीडिया पर एआई से फोटो बनाकर पोस्ट करने का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। घिबली से क्यूट तस्वीरें बनाने के बाद, महिलाएं अब गूगल जेमिनी के नए एआई टूल से अपनी तस्वीरों को 80 के दशक की बॉलीवुड अभिनेत्री वाला रेट्रो लुक दे रही हैं, जिसमें विंटेज साड़ी और आइकॉनिक पोज शामिल हैं, जिससे महिलाएं अपनी पुरानी तस्वीरों को नया आकर्षक रूप दे पा रही हैं। अगर आप अभी तक एआई से फोटो बनाना नहीं जान पाएं हैं तो आज हम आपको बताते हैं कि गूगल जेमिनी के एआई टूल से फोटो कैसे बनते हैं।



### क्या करें

- **गूगल जेमिनी खोलें :** अपने मोबाइल पर जेमिनी ऐप डाउनलोड करें या इसे अपने कंप्यूटर डेस्कटॉप पर खोलें। इसके बाद, अपने गूगल अकाउंट से लॉग इन करें।
- **इमेज एडिटिंग मोड में जाएं :** जेमिनी पर नीचे की ओर आपको केले का आइकन दिखेगा। उस पर क्लिक करें और 'इमेज एडिटिंग आजमाएं' ऑप्शन को चुनें।
- **अपनी फोटो अपलोड करें :** एक साफ और अच्छी फोटो को चुनें, जिसमें आपका चेहरा साफ दिखाई दे। ध्यान रखें ग्रुप फोटो या ब्लरी सेल्फी लेने से बचें।
- **प्रॉम्प्ट डालें :** अब आपको एक प्रॉम्प्ट डालना होगा। आप किसी वायरल साड़ी प्रॉम्प्ट को कॉपी-पेस्ट कर सकते हैं या अपना खुद का प्रॉम्प्ट बना सकते हैं। प्रॉम्प्ट में आप साड़ी का रंग, लाइटिंग स्टाइल और अन्य डिटेल्स चुन सकते हैं।
- **इमेज जनरेट करें और सेव करें :** जनरेट पर क्लिक करें और कुछ सेकंड इंतजार करें। एआई आपकी रेट्रो साड़ी पोर्ट्रेट बना देगा।

### एआई जनरेटेड विंटेज साड़ी इमेज बनाने के लिए ये प्रॉम्प्ट इस्तेमाल करें

**रेड साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को निर्देश दें कि वांछित फोटो को 90 के दशक की बॉलीवुड हीरोइन की तरह एक बहती हुई लाल या ब्लैक शिफॉन साड़ी में बदलें। उसके बाल नरम और लहराते हुए हों। बैकग्राउंड रोमांटिक और नाटकीय लगे, जिसमें गर्म टोन और सूरज डूबने की सुनहरी रोशनी हो।

**सफेद पोल्का डॉट साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कमांड दें कि एक महिला का रियलिस्टिक पोर्ट्रेट बनाएं, जो एक शीर सफेद पोल्का डॉट साड़ी में हो। उसके कान के पीछे एक छोटा गुलाबी फूल लगा हो। साइड से आती गर्म रोशनी, सिनेमैटिक शैडो बनाए।

**पर्पल साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई इस फोटो को रेट्रो, ग्रैनी और ब्राइट इमेज में बदलें। सब्जेक्ट ने एक पर्पल शिफॉन साड़ी पहनी हो। बैकग्राउंड में एक पुराना लकड़ी का दरवाजा हो। हवा में बाल उड़ रहे हों और गहरे शैडो के साथ सीन में मिस्ट्री दिखे।

**पीली साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कहे कि इस फोटो को एक रोमांटिक 90 के दशक के बॉलीवुड पोस्टर की तरह बदलें, जिसमें सब्जेक्ट बहती हुई पीली शिफॉन साड़ी में हो। बैकग्राउंड में पहाड़ और नीला आसमान हो। इमेज थोड़ी ग्रैनी हो, लेकिन रंगीन। लाइटिंग ऐसी हो, जैसे सुनहरी धूप पड़ रही हो।



# लाइफ ऑन लाइन है तो कुछ ट्रिक्स भी जानें



**काम की बात**

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंग नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

### बजट तय करने के बाद शॉपिंग करें

अक्सर ऐसा होता है कि हम त्योहार की खरीदारी बिना तय बजट के शुरू कर देते हैं। विशेषत: फेस्टिव सीजन सेल में हम सभी बिना लिमिट तय किए ऑनलाइन शॉपिंग करते रहते हैं, जिससे आपकी जेब ढीली हो जाएगी। ऐसे में बेहतर है कि बजट तैयार करें और उसी के हिसाब से गिफ्ट, सजावट व अन्य सामान की शॉपिंग करें।




### दूसरे प्लेटफॉर्म से कंपेयर करें कीमत

जल्दबाजी के चक्कर में लोग प्राइस कंपेयर नहीं करते। जब वह प्रोडक्ट ऑर्डर कर देते हैं तो पता चलता है कि दूसरे प्लेटफॉर्म में यह और भी सस्ता मिल रहा होता है, जिसके बाद आप पछतावा महसूस करते हैं। किसी भी प्रोडक्ट को दो-तीन शॉपिंग साइट्स पर प्राइस जरूर कंपेयर करें, जिससे आपके प्रोडक्ट पर काफी बचत हो सकती है।

### डिस्काउंट और सेल के झांसे से बचें

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंद नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

### क्रेडिट कार्ड का ज्यादा यूज करना

त्योहार के दौरान लोग शॉपिंग करते हैं तो सबसे ज्यादा यूज क्रेडिट कार्ड का करते हैं। यह सुविधा काफी आरामदायक तो लगती है, लेकिन बाद में यह कर्ज अधिक बढ़ जाता है। समय पर भुगतान नहीं किया तो यह भारी ब्याज भी बन जाता है। इसलिए संभव हो सके कि तो कैश या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करें ताकि कर्ज दबाब न बने।

### रिव्यू और सेलर की रेटिंग जरूर देखें

त्योहार सेल में अगर आप सबसे महंगा प्रोडक्ट खरीदना चाहते हैं, तो आप यूजर्स के रिव्यू को जरूर पढ़ें। अगर आप फोन, लैपटॉप या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महंगे आइटम्स ऑर्डर करने वाले हैं, तो आप एक बार कस्टमर रिव्यू को जरूर चेक करें। क्योंकि कई बार फेस्टिव सीजन के दौरान ऑर्डर किया गया। प्रोडक्ट अगर खराब निकल जाए तो उसे एक्सचेंज करवाने में काफी समय निकल जाता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एस्टर-कनाडा की लूप ने संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली।** पॉलिएस्टर चिप बनाने वाली घरेलू कंपनी एस्टर इंडस्ट्रीज और कनाडा की लूप इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए पुनर्चक्रित पॉलिएस्टर समाधान उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त उद्यम की घोषणा की। संयुक्त उद्यम में दोनों कंपनियों की बराबर-बराबर हिस्सेदारी है। गुजरात में लगने वाले संयुक्त उद्यम संयंत्र के पहले चरण में 1,600 करोड़ का निवेश किया जाएगा। लूप इंडस्ट्रीज और दक्षिण कोरिया की ह्योसंग टीएनसी ने भी गठबंधन किया है, जो वैश्विक ब्रांड को सर्कुलर यानी चुनर्चक्रित पॉलिएस्टर की ओर बढ़ने में मदद करेगा। एस्टर इंडस्ट्रीज लि. के चेयरमैन अरविंद सिंघानिया ने कहा कि संयुक्त उद्यम इकाई, एस्टर लूप इनफिनिट टेक्नोलॉजीज ने दाहेज में 90 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है।

### एसएमबीसी ने यस बैंक में 20% का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक और अन्य निवेशकों से यस बैंक में 20% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस अधिग्रहण के साथ, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) यस बैंक में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गयी है। जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। यह किसी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक में सबसे बड़ा सीमापार निवेश है। इस अधिग्रहण के पूरा होने के साथ ही यस बैंक के बोर्ड में एसएमबीसी के दो नामित निदेशकों की नियुक्ति भी शामिल है। इससे दोनों संस्थाओं के बीच संचालन व्यवस्था में सुधार और गहन रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### एनएसई मेनबोर्ड में मंगलम वर्ल्डवाइड

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी मंगलम वर्ल्डवाइड ने गुरुवार को एसएमई मंच से एनएसई के मेनबोर्ड पर स्थानांतरण किया। कंपनी ने कहा कि इस स्थानांतरण में 10 रुपये मूल्य वाले 2,97,00,674 इक्विटी शेयर हैं, जो पूरी तरह से चुकता हैं। इन्हें एनएसई के नियमों के अनुसार स्थानांतरित किया गया है। मंगलम के प्रबंध निदेशक चंद्रगुप्त प्रकाश मंगल ने कहा कि एनएसई मेनबोर्ड पर हमारा स्थानांतरण मंगलम वर्ल्डवाइड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# उद्योग को निवेश करने व क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए : सीतारमण

## उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार से साझेदारी करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर चर्चा में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई, अब समय आ गया कि उद्योग जगत और अधिक निवेश करे तथा क्षमता विस्तार करे। सीतारमण ने भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान (आईएफक्यूएम) की संगोष्ठी में उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार के साथ साझेदारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को सिर्फ बजट से पहले ही नहीं, बल्कि पूरे साल सरकार के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए। विकसित भारत के लिए गुणवत्ता प्रबंधन के प्रति एक अनुभवी नजरिया अपनाना होगा, जिसमें विनिर्माण और सेवाओं के उन स्तरों और क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां हस्तक्षेप की सबसे अधिक जरूरत है।टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के यह पूछने पर कि उद्योग जगत को अब क्या करना चाहिए, सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुधारों पर कभी नरमी नहीं बरती है और न ही उन्होंने उद्योग जगत की इच्छाओं को नजरअंदाज किया है। सरकार उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। सरकार ने व्यापार सुगमता, कर सुधार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को खोलने और उद्योग जगत के अनुकूल नीतियां बनाने का काम किया है।

सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत को अब देश में अधिक निवेश करने, क्षमता विस्तार करने और अधिक उत्पादन करने में हिचकिचाहट नहीं होगी। सरकार आगे और क्या करे, इस बारे में भी उद्योग को बताना चाहिए। उद्योग जगत से निवेश करने के वित्त मंत्री के आह्वान पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखरन ने स्वीकार किया कि सरकार ने घरेलू और निर्यात बाजार, दोनों में अपार अवसर तैयार किए हैं। मेरा विश्वास है कि ज्यादा उद्यमी, अधिक संख्या में छोटी, मझोली और बड़ी कंपनियां ढेर सारा निवेश करेंगी। क्योंकि निवेश के बिना हम इसका लाभ नहीं उठा पाएंगे।

### देश एकल दर वाली प्रणाली को तैयार नहीं

**कोलकाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार ने जीएसटी स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है लेकिन देश अभी एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली के लिए तैयार नहीं है। हालांकि सीतारमण ने कहा कि भविष्य में एकल दर वाली प्रणाली की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की जीएसटी संरचना मनमाने ढंग से तय नहीं हुई थी, बल्कि यह विभिन्न राज्य-स्तरीय करों को उसके नजदीकी स्लैब में रखने की विस्तृत प्रक्रिया के जरिये तय हुई थी। जब जीएसटी प्रणाली की समीक्षा की गई, तो एक जरूरत ये थी कि जीएसटी परिषद चार दरें नहीं चाहती थी। हालांकि इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिला है कि कि क्या वे अभी एकल दर वाली स्थिति के लिए तैयार हैं।

# अगले 8-10 सप्ताह में शुल्क विवाद के समाधान की संभावना : सीईए



एमसीसीआई के कार्यक्रम को संबोधित करते सीईए वी. अनंत नागेश्वरन।

**कोलकाता, एजेंसी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

नागेश्वरन ने उद्योग मंडल मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। मेरा अनुमान है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क का अगले आठ से दस सप्ताह में समाधान निकल आएगा। हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि फैसले के बाद दोनों देशों के संबंध कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर अनुकूल संकेत मिलने के बाद हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चा फिर शुरू हुई है।

सीईए ने भारत को निम्न-मध्य आय वाली आकांक्षी अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा। कोविड महामारी के बाद भारत ने कई देशों की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की है। विनिर्माण, सेवा और कृषि क्षेत्रों की प्रगति के साथ ग्रामीण मांग में मजबूती और शहरी मांग में सुधार अगले दो वर्षों में आर्थिक वृद्धि को आधार देंगे।

### आंकड़ों से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में शहरी उपभोग

सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भले ही आंकड़ों में शहरी मांग में कमजोरी दिख रही है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या और छोटे उद्यमों पर खर्च में बढ़ोतरी उपभोग की मजबूती को दर्शाती है। नागेश्वरन ने कहा कि खर्च का रुझान गैर-सूचीबद्ध कंपनियों और छोटे कारोबारों की तरफ बढ़ा है, जो आंकड़ों में पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सतह के स्तर पर भले ही शहरी मांग कमजोर दिखती है, लेकिन वास्तविक उपभोग हमारी सोच से कहीं अधिक टिकाऊ है। उन्होंने अपने इस दावे के समर्थन में रेस्तरां, बेकरी एवं उपयोगिता खंडों के भीतर पिछले 13 महीनों में यूपीआई लेनदेन सालाना आधार पर दहाई अंक में बढ़ने का जिक्र भी किया। कर कटौती, जीएसटी रियायतें, रोजगार प्रोत्साहन और कम खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी उपभोग को सहारा दिया है। इसके साथ ही मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि ग्रामीण मांग भी वेतन वृद्धि, अधिक फसल बुवाई और ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की मजबूत बिक्री के चलते बेहतर स्थिति में है।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच हमारा ध्यान आर्थिक वृद्धि, आत्मनिर्भरता पर : वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को देश के लक्ष्यों और आर्थिक वृद्धि पर लगातार ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के नजरिये और वैश्विक उथल-पुथल से निपटने को दृढ़ संकल्पित होने की बात भी कही। सूचना प्रौद्योगिकी, रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने 12वें वार्षिक पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आज हर नीति-निर्माता के मन में एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस समय वैश्विक स्तर पर हो रहे तेज बदलावों से प्रभावी ढंग से कैसे निपटा जाए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही रोचक समय है। हमें अपने देश में जो हासिल करना है, उस पर अपना ध्यान रहना चाहिए। हम अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ाना चाहते हैं, खुद को कैसे मजबूत बनाना चाहते हैं, ताकि दुनिया में जो तूफान हैं... हम उन्हें झेलने और अपने जहाज को उन बड़े तूफानों से पार करने के लिए पर्याप्त मजबूत हों।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता के साथ विकास पर जोर दिया है। हमें भारत में बनी चीजों को बड़े पैमाने पर अपनाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे उद्योगों को वह मजबूती मिले, जो उन्हें दुनिया में हो रही किसी भी उथल-पुथल का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से लचीला बनाए। वैष्णव ने प्रतिभा विकास पर लगातार ध्यान देने पर भी जोर दिया।

# रेलवे, सड़क, हवाई अड्डों में संपत्ति मौद्रीकरण तेज करने की जरूरत

## सेबी प्रमुख बोले- राज्य सरकारें अब तक संपत्ति मौद्रीकरण के लिए योजना नहीं बना पाईं हैं

**मुंबई, एजेंसी**



बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को कहा कि रेलवे, सड़क, हवाई अड्डे और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सरकार की संपत्तियों का मौद्रीकरण तेज करना जरूरी है ताकि निवेशकों की पूंजी को इन परियोजनाओं में लगाया जा सके। सेबी प्रमुख बनने से पहले निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के प्रभारी रह चुके पांडेय ने कहा कि राज्य सरकारें अभी तक संपत्ति मौद्रीकरण के लिए योजना नहीं बना पाईं हैं।

उन्होंने कहा कि इस अंतर को दूर करने से बुनियादी ढांचा निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी। बुनियादी ढांचे के लिए बहुत बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत है और इसे केवल सरकार एवं बैंकों पर नहीं डालना चाहिए। उन्होंने पूंजी बाजार को संसाधन जुटाने के वैकल्पिक माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की संपत्ति मौद्रीकरण योजना ने अतीत में ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) जैसे निवेश साधन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सड़क, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, ऊर्जा, पेट्रोलियम एवं गैस और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में संपत्ति मौद्रीकरण की प्रक्रिया तेज करने की जरूरत है। यह इनविट, रियल एस्टेट अवसंरचना ट्रस्ट (रीट), सार्वजनिक-निजी भागीदारी या प्रतिभूतिकरण से किया जा सकता है।

### सरकारी बजट पर भरोसे से बढ़ता है जोखिम

पांडेय ने कहा कि 2017 से अबतक 21 नगर निगम बॉण्ड जारी कर 3,134 करोड़ जुटाए गए हैं लेकिन निवेशक आधार को और बढ़ाने एवं विविध करने की जरूरत है। सिर्फ बैंकों या सरकारी बजट पर भरोसा करने से जोखिम बढ़ता है। बाजार कॉरपोरेट बॉण्ड, इंडेक्स, नगर निगम बॉण्ड जैसे साधनों की पेशकश करते हैं जो पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ राजकिरण राय ने ढांचागत क्षेत्र को कर्ज देने में बैंकों की घटती दिलचस्पी पर चिंता जताई।



# मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं : सीजेआई

## भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण मामले में सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद गवई ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● प्रधान न्यायाधीश बोले- मेरी टिप्पणियां सोशल मीडिया पर गलत ढंग से की गईं चित्रित

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण के मामले में अपनी टिप्पणियों की सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के मद्देनजर गुरुवार को कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, इन्हें सोशल मीडिया पर गलत ढंग से चित्रित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को पुनः स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी थी। सीजेआई ने कहा था कि यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं। इस बीच, अगर आप चाहें तो वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। सीजेआई की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट सामने आई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं। हम न्यूटन का नियम पढ़ते थे - हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अब सोशल मीडिया के आने के साथ, हमारे पास एक नया नियम है- हर क्रिया की एक गलत और असंगत सोशल मीडिया प्रतिक्रिया होती है।

विधि अधिकारी ने स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया क्योंकि प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणियों को गलत सूचना के साथ प्रसारित कर दिया गया। मेहता ने कहा कि कुछ बातों को पूरी तरह से संदर्भ से बाहर ले जाकर सीजेआई के नाम से जोड़ा जा रहा है। सीजेआई के साथ पीठ में शामिल न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन ने बिना जानकारी के सोशल मीडिया पोस्ट के दुष्प्रभावों का उल्लेख किया। खजुराहो मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय नूल ने भी गलत सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चिंता व्यक्त की और स्पष्ट किया कि सीजेआई ने कभी भी वह बात नहीं कही जो उनके नाम से कही गई।

### हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणियों से बचें

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गुरुवार को खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति फिर से स्थापित करने की मांग संबंधी याचिका पर सीजेआई गवई की टिप्पणी की यह कहते हुए आलोचना की कि बेहतर रहेगा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं का मजाक उड़ाने वाली ऐसी टिप्पणियों से बचा जाए। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हमें लगता है कि प्रधान न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी से हिंदू धर्म की मान्यताओं का माखौल उड़ा है। ऐसी टिप्पणियों से बचना बेहतर होगा। अदालतें न्याय के मंदिर हैं जिन पर भारतीय समाज की आस्था और विश्वास है। कुमार ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि यह विश्वास न केवल बरकरार रहे, बल्कि और भी मज़बूत हो। खासकर अदालत के अंदर अपनी टिप्पणियों में संयम बरतना भी हमारा कर्तव्य है। यह जिम्मेदारी वादियों, वकीलों और न्यायाधीशों के लिए समान है।

# मालेगांव विस्फोट मामला : एनआईए सहित सात बरी लोगों को नोटिस जारी

**मुंबई, एजेंसी**



● मुंबई उच्च न्यायालय ने मारे गए छह लोगों के परिजनों की दायर अपील पर सुनवाई की

मुंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के परिजनों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए बरी किए सात लोगों को गुरुवार को नोटिस जारी किए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए और अपील पर अगली सुनवाई के लिए छह सप्ताह बाद की तारीख तय की।

उच्च न्यायालय मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। इस अपील में भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी करने के विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है।

पिछले हफ्ते दायर अपील में दावा किया गया था कि दोषपूर्ण जांच या जांच में कुछ खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। इसमें यह भी तर्क दिया गया था कि (विस्फोट की) साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत द्वारा सात आरोपियों को बरी करने का आदेश गलत और कानूनी रूप से अनुचित था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से 200 किमी दूर मालेगांव शहर में मस्जिद के पास 29 सितंबर, 2008 को बाइक पर बंधे उपकरण में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हुई और 101 घायल हो गए थे। अपील में कहा गया कि निचली अदालत को आपराधिक मुकदमे में डाकिया या मूकदर्शक की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत सवाल पूछ सकती है और गवाहों को तलब कर सकती है। दुर्भाग्य से निचली अदालत ने सिर्फ डाकघर की तरह काम किया है और आरोपियों को फायदा पहुंचाने के लिए एक दोषपूर्ण अभियोजन को अनुमति दी है।

# यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो घुसपैठ होगी: शाह

**डेहरी ऑन सोन (बिहार), एजेंसी**



● शाह ने विस चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से विपक्षी गठबंधन के वोट चोरी संबंधी झूठे विमर्श का पर्दाफाश करने को कहा और लोगों को आगाह किया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो राज्य घुसपैठियों से भर जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले पटना से 50 किमी दूर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का जिक्र करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं कि इसका उद्देश्य बांग्लादेशी घुसपैठियों की रक्षा करना था। आपको राज्य के हर घर में जाए और लोगों को बताए कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गए तो बिहार का हर जिला घुसपैठियों से भर जाएगा। उन्होंने गांधी के वोट चोरी के आरोप को भी झूठा विमर्श करार दिया और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाई थी जब उन्होंने आरोप लगाया था कि हम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण खत्म करना चाहते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

# मेडिकल कोर्स में ट्रांसजेंडरों के आरक्षण पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों (मेडिकल कोर्स) में तृतीय लिंगी (ट्रांसजेंडर) प्रत्याशियों के लिए आरक्षण का अनुरोध करने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को अगले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की इस दलील से सहमत नहीं थी कि अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत दो-दो सीट तृतीय लिंग के लिए खाली रखी जाएं।

पीठ ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के वकील की दलील पर गौर किया, जिन्होंने कहा कि स्नातोकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग अभी शुरू नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आदेश के लिए तत्काल कोई आवश्यकता नहीं है। सीजेआई ने कहा कि हम हर जगह सीट को अधर में नहीं रख सकते। आप अखिल भारतीय कोटे में दो सीट और राज्य कोटे में दो सीट की बात कह रहे हैं। काउंसलिंग शुरू नहीं हुई है। हम इस मामले को अगले हफ्ते के लिए रखेंगे। उच्चतम न्यायालय 'किरण ए. आर एवं अन्य बनाम भारत संघ' नामक याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में तृतीय लिंगी प्रत्याशियों के लिए आरक्षण का लाभ लागू करने का अनुरोध किया गया था, जो 2014 के ऐतिहासिक 'नालसा' मामले के फैसले के अनुरूप था।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने तृतीय लिंगियों के अधिकारों को मान्यता दी थी तथा कहा था कि वे सकारात्मक कार्रवाई के हकदार हैं। कार्यवाही के दौरान, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुईं जयसिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि किरण ए आर (प्रथम याचिकाकर्ता) इस मामले से हट गया और केवल दूसरे एवं तीसरे याचिकाकर्ता ही आगे बढ़ेंगे एवं वे (दोनों याचिकाकर्ता) क्रमशः ओबीसी और सामान्य वर्ग से हैं।

### भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन नहीं दी जा सकती : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि पेंशन कोई उपहार नहीं है और भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह कानून और रिश्ते दोनों ही नजरिये से प्राकृतिक मां से अलग है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष केंद्र ने भरण-पोषण और अन्य कल्याणकारी लाभों से संबंधित शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि मां शब्द का तात्पर्य केवल जैविक मां से है, सौतेली मां से नहीं। केंद्र ने कहा कि पेंशन हालांकि कोई उपहार नहीं है और इस पर अधिकार के रूप में दावा किया जा सकता है, लेकिन यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि ऐसा अधिकार न तो पूर्ण है और न ही निरपवाद। पेंशन लाभ चाहने वाले व्यक्ति को लागू वैधानिक प्रावधानों या विनियमों के तहत स्पष्ट अधिकार स्थापित करना होगा।

# आवास का आवंटन मनमर्जी से नहीं हो सकता : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### केजरीवाल बंगला



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की याचिका पर गुरुवार को कहा कि आवास का आवंटन पूरी तरह से अधिकारियों की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकता। आप की याचिका में केंद्र को दिल्ली में केजरीवाल को आवास आवंटित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव और संपदा निदेशालय के निदेशक को 25 सितंबर को इस मामले में ऑनलाइन तरीके से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने पूछा कि क्या इसके लिए कोई प्रक्रिया है? मैं देखना चाहता हूं कि अतीत में इस प्रक्रिया को कैसे लागू किया गया है, प्राथमिकता को कैसे ध्यान में रखा जाता है, आवंटन का क्रम क्या है? मान लीजिए बंगलों की संख्या सीमित है, तो आप कैसे निर्णय लेंगे? न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए और यह मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकती। जब तक एक स्पष्ट नीति है, मैं जानना चाहता हूं कि प्राथमिकता का आकलन किस तरह होता है। मैं इस मुद्दे से चिंतित हूं कि बंगलों के आवंटन में विवेकाधिकार का इस्तेमाल कैसे किया जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अफगानिस्तान के कई और प्रांतों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान में लोगों को अनैतिक आचरण से बचाने के लिए तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने अपदस्थ पीएम हसीना को मतदान से रोका

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के राष्ट्रीय पहचान पत्र को लॉक कर दिया है, जिससे वह अगले वर्ष फरवरी में होने वाले आम चुनाव में वह मतदान से वंचित हो गई हैं। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने यहां निर्वाचन भवन में पत्रकारों से कहा, जिस किसी का राष्ट्रीय पहचान (एनआईडी) पत्र लॉक हो जाता है, वह विदेश से मतदान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, उनका (हसीना का) एनआईडी लॉक है। हालांकि, अहमद ने किसी और का नाम नहीं लिया, लेकिन 'यूएनबी' समाचार एजेंसी और 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि हसीना की छोटी बहन शेख रेहाना, बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साईमा वाजेद पुतुल के एनआईडी भी लॉक या ब्लॉक कर दिए गए हैं।

### मुइज्जु ने विवादास्पद मीडिया विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु ने बृहस्पतिवार को एक विवादास्पद नए मीडिया विधेयक पर हस्ताक्षर कर उसे मंजूरी दी, जिसके तहत उल्लंघन की स्थिति में भारी जुर्माने और मीडिया संस्थानों को अस्थायी या स्थायी रूप से बंद करने का प्रावधान है। इस कानून के तहत उल्लंघन की स्थिति में पत्रकारों पर 1,620 अमेरिकी डॉलर तक और मीडिया कंपनियों पर 6,485 अमेरिकी डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। कानून में जांच पूरी होने तक मीडिया लाइसेंस निलंबित करने, मीडिया लाइसेंस रद्द करने के लिए मुकदमा दायर करने या नए कानून का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर पुलिस को बीच में ही प्रसारण रोकने के लिए भेजने का प्रावधान है। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि मुइज्जु ने 'मालदीव मीडिया और प्रसारण विनियमन अधिनियम' को मंजूरी दे दी है।

# चीन ने ताइवान पर फिर कब्जा करने की दी धमकी

- रक्षा मंत्री ने बीजिंग में सुरक्षा फोरम में कही यह बात

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

चीन के रक्षा मंत्री दोंग जुन ने बृहस्पतिवार को बीजिंग में सुरक्षा फोरम की शुरुआत पर एक बार फिर यह धमकी दी कि उनका देश स्व-शासित ताइवान पर कब्जा करेगा। दोंग ने बीजिंग शिआंगशान फोरम में अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइवान का चीन में पुनर्स्थापन युद्धोपरांत अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है।

ताइवान 2.3 करोड़ लोगों वाला लोकतंत्र है, जो वर्ष 1949 से चीन से अलग है। बीजिंग ताइवान को एक अलग प्रांत मानता है और उसने ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। चीन लगभग रोजाना द्वीप के पास युद्धपोत और विमान भेजकर ताइवान पर सैन्य दबाव बनाता है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं और कहते हैं कि ताइवान एक संप्रभु देश है और उसका भविष्य उसकी जनता तय करेगी। दोंग ने कहा कि चीन ताइवान की स्वतंत्रता के किसी भी अलगाववादी प्रयास को कभी सफल नहीं होने देगा और वह किसी भी बाहरी सैन्य हस्तक्षेप को विफल करने के लिए तैयार है।

# जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए बन रही गंभीर चुनौती

जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक चुनौती है, जिसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। भारत में इसका प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है, जहां बढ़ता तापमान, अनियमित मानसून और प्राकृतिक आपदाएं जैसे सूखा और बाढ़ आम हो गए हैं। बढ़ते तापमान, अनियमित मानसून, सूखा-बाढ़ जैसी आपदाएं, हिमालयी ग्लेशियरों का पिघलना और तटीय क्षेत्रों में समुद्री जलस्तर का बढ़ना, ये सभी भारत के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को प्रभावित कर रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए जलवायु परिवर्तन न केवल पर्यावरणीय समस्या है, बल्कि यह कृषि, उद्योग, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल संसाधनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।



## क्लाइमेट चेंज पर भारत सरकार की नीतियां

- जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएँ और नीतियाँ लागू की हैं। 2008 में राष्ट्रीय कार्ययोजना (एनएपीसीसी) शुरू की गई, जिसके तहत आठ प्रमुख मिशन चलाए जा रहे हैं। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण और जलवायु अनुकूलन उपायों को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## जलवायु परिवर्तन के प्रभाव

- **तापमान वृद्धि :** औसत तापमान में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे हीटवेव की घटनाएं बढ़ रही हैं।
- **मानसून की अनियमितता :** मानसून के पैटर्न में बदलाव से कृषि और जल संसाधनों पर असर पड़ रहा है।
- **प्राकृतिक आपदाएं :** सूखा, बाढ़ और चक्रवाती तूफान जैसी आपदाएं अधिक तीव्र और बारंबार हो रही हैं।
- **जल संकट :** ग्लेशियर पिघलने से नदियों के जलस्तर में अस्थिरता।

## भारत की पहल

- **हरित ऊर्जा :** सौर, पवन और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा।
- **जल संरक्षण :** जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन।
- **टिकाऊ कृषि :** जलवायु अनुकूल कृषि प्रथाओं को अपनाना।
- **राष्ट्रीय अनुकूलन कोष :** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना इत्यादि।
- **भूमिका :** भारत सरकार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी जलवायु परिवर्तन को लेकर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## जलवायु आपातकाल

भले ही हम पेरिस समझौते में प्रस्तावित तापमान वृद्धि को 1.5 से. तक सीमित कर दें, तब भी हम खतरे से बाहर नहीं हैं। 1.5 से. पर पहले से ही गंभीर जलवायु प्रभाव हैं, जिसमें गर्मियों में आर्कटिक महासागर में समुद्री बर्फ का पूरी तरह पिघलना, समुद्र का उच्च स्तर, 70% से अधिक प्रवाल भित्तियों का विनाश आदि शामिल हैं। अतिरिक्त वार्मिंग का प्रत्येक अंश अधिक विनाशकारी प्रभावों से जुड़ा है। पहले से ही 2.0से. पर, 99% प्रवाल भित्तियाँ नष्ट हो सकती हैं, सूखे और तूफानों की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ जाएगी।

# सुनिश्चित हो कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखी भारत की बात

- कहा- अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी से नजर रख रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन और उनके मददगार अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल न कर पाएं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बुधवार को कहा, भारत अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकी संगठन और व्यक्ति जैसे कि आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट), अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद व उनके खतरनाक इरादों में मदद करने वाले अब अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न कर पाएं।



संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखते स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश।

### हानिकारक गतिविधियों को हतोत्साहित करना जरूरी

राजदूत हरीश ने सुरक्षा परिषद को यह भी बताया कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से दो बार बात कर चुके हैं। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान द्वारा की गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। इसके साथ ही भारत ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी संघर्ष-पश्चात स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी नीति में सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करना और हानिकारक गतिविधियों को हतोत्साहित करना आवश्यक है।

अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वक्तव्य देते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के बीच सभ्यतागत संबंध हैं और इस युद्धग्रस्त देश में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत का सर्वोच्च हित है। उन्होंने कहा, हम अफगानिस्तान से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति व सहयोग को अत्यंत आवश्यक मानते हैं। देश में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए हम सभी संबंधित पक्षों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहे हैं। दोहा में संयुक्त राष्ट्र की बैठकों और अन्य क्षेत्रीय मंचों में हमारी भागीदारी, हमारे इन प्रयासों को दर्शाती है।

### पाकिस्तान-चीन ने बीएलए को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती इकाई मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की गयी है। दोनों देशों ने बीएलए और उसकी आत्मघाती इकाई को परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि इस्लामिक स्टेट-खोरासन (आईएसआईएल-के), अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे आतंकवादी संगठन अफगान ठिकानों से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान में 60 से अधिक आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जो सीमा पार हमलों के लिए आधार केंद्र का काम कर रहे हैं। अहमद ने अफगानिस्तान में स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस पर शीघ्र कार्रवाई करेगी।

## जैश कमांडर इलियास कश्मीरी ने कबूला

# सैन्य अफसरों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे



- कहा- 25 साल के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना और जिहादी एक हो गए

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर सात मई को हुए भारतीय मिसाइल हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का बहावलपुर के कोर कमांडर और सैनिकों को सीधा आदेश दिया था। यह बात आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष कमांडर ने कही है।

सोशल मीडिया पर गुरुवार को सामने आये एक वीडियो में जैश कमांडर इलियास कश्मीरी ने यह भी कहा कि उसके संगठन के 25 साल के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना और जिहादी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा, 25 वर्षों के संघर्ष के बाद हमने देश, पाकिस्तानी सेना, वायुसेना और नौसेना को जिहादी विचारधारा पर ला खड़ा किया है। (भारत द्वारा 7 मई को किये गए हमले में) जो लोग मारे गए वे जैश-ए-मोहम्मद के थे और वह पाकिस्तानी सेना और वायुसेना ही थी जिसने उनका बदला लिया... मुझे बताइए, क्या यह सच नहीं है? कश्मीरी ने खुलासा किया कि लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर हमले के बाद, सेना प्रमुख मुनीर ने जीएचक्यू रावलपिंडी से कोर कमांडर (बहावलपुर) और सैनिकों को सीधे आदेश जारी किए कि वे जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय में भारतीय हमले में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल हों और उन्हें श्रद्धांजलि दें।

भारत द्वारा सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर किए गए हमले में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए थे। भारतीय हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी सेना के जनरल, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शीर्ष नौकरशाह शामिल हुए थे।

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए थे

जैश-ए-मोहम्मद कमांडर ने मंगलवार को एक यूट्यूब चैनल पर अपलोड क्लिप में स्वीकार किया था कि भारतीय मिसाइल हमलों में अजहर के परिवार के चीथड़े उड़ गए। बताया जा रहा है कि कश्मीरी छह सितंबर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मिशन मुस्तफा सम्मेलन में बोल रहा था। वह कई बंदूकधारियों के बीच खड़ा था। उसने कहा, इस देश की वैचारिक और भौगोलिक सीमाओं की रक्षा के लिए, हमने दिल्ली, काबुल और कंधार पर हमला किया (जिहाद छेड़ा)। और अपना सब कुछ कुर्बान करने के बाद, 7 मई को बहावलपुर में (भारतीय हमलों में) मौलाना मसूद अजहर के परिवार के सदस्यों के चीथड़े उड़ गए। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ बहावलपुर सहित आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। उस समय अजहर के हवाले से जारी एक बयान में कहा गया था कि बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर भारत के हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए थे। वर्ष 1999 में आईसी-814 विमान के अपहृत यात्रियों के बदले अजहर की रिहाई के बाद बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का केंद्र बन गया।

# एंटीफा को आतंकी संगठन घोषित करेंगे ट्रंप

- एंटीफा अति-वामपंथी उग्रवादी समूहों के लिए एक व्यापक शब्द है न कि कोई एक संगठन

वाशिंगटन, एजेंसी



राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार तड़के कहा कि वह एंटीफा को एक प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित करने की योजना बना रहे हैं। एंटीफा, एंटी-फासिस्ट्स (फासीवाद विरोधी) का संक्षिप्त रूप है, जो अति-वामपंथी उग्रवादी समूहों के लिए एक व्यापक शब्द है न कि कोई एक संगठन है।

ये समूह खासतौर से प्रदर्शनों के दौरान फासीवादियों और नव-नाजियों का विरोध करते हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रशासन एक विकेन्द्रीकृत आंदोलन को आतंकवादी संगठन कैसे घोषित करेगा तथा व्हाइट हाउस ने बुधवार को तत्काल इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने एंटीफा को बीमार, खतरनाक, उग्रवादी वामपंथी आपदा करार दिया व इसके वित्तपोषकों की जांच की सिफारिश की बात भी कही। इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा जैसे आतंकवादी संगठनों समेत कई समूह इस सूची में शामिल हैं।

### अमेरिका और चीन के राजदूत नेपाल की प्रधानमंत्री से मिले

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाल में चीन और अमेरिका के राजदूतों से बृहस्पतिवार को अलग-अलग मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। दोनों बैठकें सिंह दरबार स्थित कार्की के कार्यालय में हुईं। नेपाल में हाल में हिंसक प्रदर्शन के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटना पड़ा था। 'जेन जी' समूह के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान, प्रदर्शनकारियों ने राजनीतिक नेताओं के घरों, संसद भवन समेत महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लगा दी थी।

### पाकिस्तान और सऊदी अरब ने संयुक्त कार्रवाई को किया रक्षा समझौता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार उनमें से किसी भी देश पर किसी भी हमले को 'दोनों के विरुद्ध आक्रमण' माना जाएगा। इस समझौते पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने बुधवार को पाकिस्तानी नेता की खाड़ी देश की एक दिवसीय यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए। यह समझौता कतर में हमास नेतृत्व पर इजराइली हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है।

# भारत-अमेरिका की चंद्रमा और मंगल मिशन पर नजर

- वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित
- अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण में दोनों देश

ह्यूस्टन, एजेंसी

भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण की शुरुआत का संकेत दिया, जहां अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने इस पर जोर दिया कि कैसे दशकों का सहयोग अब चंद्रमा और मंगल मिशनों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारी : भविष्य की भागीदारी की सीमाएं शीर्षक से यह कार्यक्रम सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित हुआ। इसमें हाल की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिनमें नासा-इसरो के संयुक्त निसार उपग्रह और एक्सिओम मिशन-4 शामिल हैं, जिसने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाया। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने इस साझेदारी को वैज्ञानिक अन्वेषण, प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यिक सहयोग को आगे बढ़ाने वाला एक गतिशील मंच बताया। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कम लागत में नवोन्मेष में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है और अमेरिका के साथ संयुक्त प्रयास आने वाले दशकों में मानव अंतरिक्ष उड़ानों की सीमाओं को और आगे ले जा सकते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अर्थ साइंस डिवीजन की निदेशक डॉ. कैरन सेंट जर्मेन ने निसार मिशन को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक आदर्श उदाहरण बताया, जिसने यह दिखाया कि विशेषज्ञता के सहयोग से कैसे वैज्ञानिक उपलब्धियों को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, निक हेग और बुच विलमोर के साथ शुभांशु शुक्ला भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 सितंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 23.36 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेषा 07.05 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष**: आज दिन काफी अच्छा रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपायी करने के लिए दिन अच्छा है। दर्शन एवं साहित्य के प्रति आप अत्यंत आकर्षित रहेंगे।

**वृष**: आज नई तकनीक को सीखने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन धन की कमी के कारण आपके कार्य रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**मिथुन**: आज कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यधिक शुभ है।

**कर्क**: आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**सिंह**: आज आपको नौकरी में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगा। किसी मांगलिक समारोह की योजना बना सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**कन्या**: आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**तुला**: आज ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन श्रेष्ठ है। आप प्रतिष्ठा के कारण अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक**: आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु**: आज आपनी वाणी में मिठास रहेगी। अध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रकल्पों को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**मकर**: आज धैर्यवान होकर सभी कार्य करें। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है। भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

**कुंभ**: आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं।

**मीन**: आज उच्च अधिकारी आपको चुनौतियों वाला काम सौंप सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

## सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

## सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |



> वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। चोचुवोंग एक शीर्ष खिलाड़ी है। मेरा उससे मुकाबला कड़ा होता है।
> -पीवी सिंधु



## हाईलाइट

### चार ग्रीको रोमन पहलवान बाहर

**जगरेब (क्रोएशिया) :** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और विश्व चैम्पियन में चार पहलवानों में से कोई भी एक भी मुकाबला नहीं जीत सका। अनिल मोर 55 किलोवर्ग में 13 सेकंड के भीतर ही हार गए। अजरबैजान के दुनिया के नंबर एक पहलवान एल्दानिज अजीजली के खिलाफ उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। वहीं 77 किलोवर्ग में अमन को जापान के नाओ कुसाका ने तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया। वहीं 82 किलोवर्ग में राहुल को कजाखस्तान के अलमीर तोलेबायेव ने 7.1 से मात दी।

### स्मृति संग स्वाभाविक समझ है : प्रतीका

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़) :** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स के पदकों का अनावरण

**नई दिल्ली :** भारतीय पैरालंपिक समिति ने इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (पीसीआई) के लिए शानदार पदकों का अनावरण किया। 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा पैरा एथलीट और टीम स्टाफ 186 पदक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एकत्रित होंगे – जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे भव्य पैरा खेल समागम होगा। पदक के सामने की ओर पारंपरिक भारतीय कला से प्रेरित जटिल आकृतियाँ हैं, जो चैंपियनशिप के नाम और पैरा एथलेटिक्स के प्रतीकों – एक व्हीलचेयर रेसर, एक डिस्कस थ्रोअर और कमल – भारत के राष्ट्रीय पुष्प – पर केंद्रित हैं।



टोक्यो में गुरुवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 800 मीटर हीट के दौरान दौड़ती पूजा। एजेंसी

# विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

- भारतीय स्टार भालाफेंक खिलाड़ी का निराशानजक प्रदर्शन
- पाकिस्तान के अरशद नदीम भी चौथे दौर के बाद हुए बाहर

**टोक्यो, एजेंसी**

पीठ की चोट से जूझ रहे गत चैंपियन नीरज चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप पुरुष भालाफेंक फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आठवें स्थान पर रहे जबकि पहली बार खेल रहे भारत के ही सचिन यादव ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

फाइनल में कोई भी प्रतियोगी 90 मीटर तक नहीं पहुंच सका। चोपड़ा पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए और 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारतीय खेलप्रेमियों को इस नतीजे की उम्मीद नहीं थी क्योंकि टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक मिलने के बाद पिछले चार साल से वह चोपड़ा को या तो स्वर्ण पदक जीतते या पोडियम पर रहते हुए देख रहे थे। विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक के बाद से किसी स्पर्धा में शीर्ष दो से नीचे नहीं रहे हैं। चोपड़ा पांच प्रयासों में एक बार भी 85 मीटर को पार नहीं कर सके। इससे पहले उनका सबसे खराब प्रदर्शन 82.27 मीटर था जब उन्होंने मई 2024 में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीता था। नीरज ने फाइनल के बाद कहा कि वह पिछले दो हफ्तों से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं जिसके लिए वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (88.16 मीटर) ने जीता जबकि ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) दूसरे और अमेरिका के कुर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार के रजत पदक विजेता पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम चौथे दौर के बाद बाहर होने वाले पहले प्रतियोगियों में थे।



नीरज चोपड़ा।

# सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

## एशिया कप : ओमान के खिलाफ मुकाबला आज रात आठ बजे से

**20** ओवर पूरा खेलना चाहेगी भारतीय टीम

**दुबई, एजेंसी**

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य को आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी।

भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया।

मुख्य कोच गौतम गंभीर टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है।

### मैं विकेट नहीं लूंगा तो मेरे लिए टीम में कोई जगह नहीं: कुलदीप

**दुबई :** इंग्लैंड में दो महीने तक बेंच पर बैठे रहने के दौरान भारत की एकादश में जगह नहीं बना पाने के लिए किसी पर भी दोष मढ़ना आसान होता लेकिन कुलदीप यादव ने मुश्किल रास्ता चुना। इन दिनों बल्लेबाजी करने वाले स्पिनरों का चलन है लेकिन कुलदीप की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं और वह अपने सिद्धांत से विचलित नहीं होंगे। कुलदीप ने बृहस्पतिवार को कहा अगर मैं किसी भी टीम में खेलूंगा तो एक (विशेषज्ञ) गेंदबाज के रूप में खेलूंगा। मेरा काम विकेट लेना है। अगर मैं विकेट नहीं लूंगा तो मेरे लिए कोई जगह नहीं होगी। यह समझना बहुत जरूरी है कि जब आप सिर्फ गेंदबाज के रूप में खेलते हैं तो आपका काम टीम के लिए विकेट लेना होता है। मौजूदा समय में भारत के सबसे बहुमुखी स्पिनर माने जाने वाले कानपुर के इस खिलाड़ी ने स्पष्ट किया कि वह खुद को एक गेंदबाजी ऑलराउंडर में बदलने की कोशिश करके चीजों को जटिल नहीं करना चाहते।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव।

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को दिया 170 रनों का लक्ष्य

**अबु धाबी, एजेंसी**

अफगानिस्तान ने एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में बृहस्पतिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 169 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से मोहम्मद नबी ने सर्वाधिक नाबाद 60 रन बनाए जबकि कप्तान राशिद खान और इब्राहिम जादरान ने 24-24 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से नुवान तुषारा ने चार विकेट चटकाए।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उसकी शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में 26 के स्कोर पर अपना पहला विकेट रहमानउल्लाह गुरबाज (14) के रूप में गंवा दिया। उन्हें नुवान तुषारा ने आउट किया। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। अगले ही ओवर में तुषारा ने करीम जनत (एक) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में तुषारा ने सेदिकुल्लाह अटल (18) को भी बोल्ड कर दिया। डरविश रसूली (नौ), अजमतउल्लाह ओमरजई (छह) रन बनाकर आउट हुये। 13वें ओवर में इब्राहिम जदरान (24) को दुनिथ वेल्लालगे ने आउट किया। तुषारा ने 18वें ओवर की पहली गेंद पर कप्तान राशिद खान (24) का शिकार कर अफगानिस्तान के बड़े स्कोर की उम्मीद को झटका दिया। इसके मोहम्मद नबी ने नूर अहमद के साथ 18 गेंदों में 55 रनों की साझेदारी कर अफगानिस्तान का स्कोर आठ विकेट पर 169 पहुंचा दिया।



अफगानिस्तान के चार विकेट लेने वाले श्रीलंका के नुवान तुषारा जश्न मनाते हुए।

# यूएई टीम के सभी खिलाड़ी एक परिवार की तरह : वसीम



यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम।

- यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम बोले-खिलाड़ियों को भारतीय या पाकिस्तानी के रूप में न देखें

**दुबई, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है। जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं।

सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय हैं। वहीं, मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं।

भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था, लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा नहीं, हम उस (भारत-पाक तनाव) बारे में बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम साथ में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम यहां एक परिवार की तरह हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के रिश्तो में खटास तब बढ़ गई जब रविवार को मैच में टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। इससे पाकिस्तान तिलमिला गया था और उसने टूर्नामेंट से हटने तक की धमकी दे डाली थी। पाकिस्तान की टीम बुधवार को यूएई के खिलाफ मैच खेलने के लिए देर से स्टेडियम पहुंची थी। पाकिस्तान के कारण हुई देरी के बाद वसीम की टीम वॉकओवर की अपील कर सकती थी, क्योंकि मेजबान टीम निर्धारित समय से दो घंटे पहले स्टेडियम में पहुंच गई थी।

## कैच लेने के लिए एक पल के लिए भी गेंद पर से नजर न हटाएं

**दुबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है। दुनिया भर के क्रिकेट स्टेडियमों में पारंपरिक रूप से खंभों पर लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है।

# सिंधु व सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**चाइना मास्टर्स बैडमिंटन**



**शेनझेन (चीन), एजेंसी**

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु व सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधु ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा। एन से ने डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को 23-21, 21-14 से हराया। हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधु सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेज़ी से आगे बढ़ें।

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

# चैंपियंस लीग में पीएसजी लिवरपूल और बायर्न जीते

**लंदन, एजेंसी**

गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार को बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की।

बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।



चेल्सी के जोआओ पेड्रो (दाएं) और बायर्न के किम मिन-जे मुकाबला करते हुए।

## अश्विन हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम का हिस्सा होंगे

**हांगकांग :** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सात से नौ नवंबर तक यहां होने वाले हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। आयोजकों ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की।

अश्विन ने पिछले साल भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग को अलविदा कहने के बाद इस दिग्गज स्पिन गेंदबाज ने कहा था कि वह दुनिया भर की विभिन्न लीग में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। आयोजकों ने कहा सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले अश्विन का शामिल होना इस तेजतर्रार और एक्शन से भरपूर वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के अभियान में अपार गहराई, अनुभव और स्टार पावर जोड़ता है।

**तय किया लक्ष्य** | दुनिया की नंबर एक मिश्रित कंपाउंड टीम का बढ़ा आत्मविश्वास

# ज्योति और ऋषभ की नजरें ओलंपिक पदक पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे भारतीय मिश्रित टीम तीरंदाजों ऋषभ यादव और अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम को यकीन है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदार्पण कर रही कंपाउंड मिश्रित तीरंदाजी स्पर्धा के जरिये इस खेल में वह भारत को पहला ओलंपिक पदक दिला सकते हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में पहली बार कंपाउंड तीरंदाजी मिश्रित स्पर्धा को शामिल किया गया है।

ज्योति और ऋषभ वर्ष 2025 में शानदार प्रदर्शन के कारण इस समय दुनिया की नंबर एक मिश्रित कंपाउंड टीम है। उन्होंने अप्रैल में अमेरिका में तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता और जुलाई में स्पेन के मैड्रिड में चौथे चरण में कुल 1431 स्कोर करके विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने डेनमार्क के तंजा जेलेंथियेन और मथियास फुलेर्टन का 1429 अंकों का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023 यूरोपीय खेलों में बनाया था।

ऋषभ ने ओलंपिक में पदक की संभावना के बारे में भाषा से खास बातचीत में कहा इस साल मिश्रित टीम में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है। मैने और ज्योति दीदी (सुरेखा वेन्नम) ने इस साल तीन बार साथ खेला है और हर बार पदक जीता है। हमने विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और हम ओलंपिक 2028 की ओर काफी मजबूती से आगे बढ रहे हैं। मिश्रित टीम रैंकिंग में नंबर एक होने के साथ व्यक्तिगत रैंकिंग में गुरूग्राम के 23 वर्ष के ऋषभ पांचवें नंबर और आंध्रप्रदेश की 29 वर्ष की ज्योति तीसरे नंबर पर है। सातवीं विश्व चैंपियनशिप खेलकर नौवां पदक जीतने वाली ज्योति ने कहा मैं ऋषभ को बहुत साल से जानती हूं और 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में उसके साथ रजत पदक जीता था। हमारा आपसी तालमेल अच्छा है और यह अच्छी बात है कि ओलंपिक 2028 में कंपाउंड तीरंदाजी भी है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पदक जीतने की कोशिश करेंगे।



ऋषभ यादव व अनुभवी ज्योति सुरेखा।

### सीनियर के साथ मिलता है सीखने को

इस साल ग्वांग्जू विश्व चैंपियनशिप और शंघाई विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम के सदस्य रहे ऋषभ ने कहा सीनियर के साथ हमेशा सीखने को मिलता है। ज्योति दीदी का अनुभव और रणनीति काफी काम आती है। हमारा आपसी संवाद बहुत अच्छा है जिससे दबाव नहीं बना। उन्होंने कहा पिछले ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज पदक के बहुत करीब थे और चौथे स्थान पर रहे। पहले हमें अच्छी रैंकिंग नहीं होने से पूल कठिन मिलता था। इस बार बहुत पास आ गए थे। उम्मीद है कि अगली बार आखिरी बाधा भी पार कर लेंगे। भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक 2024 में फिर पदक नहीं जीत सके।